आषाढ़ कृष्ण पक्ष तृतीया 03:47 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 14 जून 2025
वर्ष 6, अंक 76, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एम्स स्वास्थ्य सेवा नवाचार, शिक्षा का केंद्र 12

कई देशों के विदेश मंत्रियों के संपर्क में जयशंकर 14

## एक नजर

### ओडिशा में दो नक्सली कमांडर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और ओडिशा पुलिस ने शुक्रवार को संयुक्त अभियान में मलकानगिरी जिले के जंगलों में मुठभेड़ के बाद दो नक्सली कमांडरों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि कांगेरघाटी क्षेत्र के एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) केसा कवासी (32) और आंध्र-ओडिशा सीमा माओवादी सैन्य प्लाटून के एसीएम राकेश उर्फ सानू कुंजम (30) को सुरक्षा बलों ने उक्त जिले के सोडिगुडा और तेंतुलीगुडा गांवों के निकट से गिरफ्तार किया। दोनों नक्सलियों से एक पिस्तौल, दस इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एक वॉकी-टॉकी और एक रेडियो, छह राउंड गोलियां, दो चाकू और कुछ अन्य सामान बरामद किया गया है।

### कुएं से गैस रिसाव रोकने के तेज किए गए प्रयास

**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी ओएनजीसी ने असम के शिवसागर जिले में स्थित अपने एक कुएं से प्राकृतिक गैस के अनियंत्रित रिसाव को रोकने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। ऑयल एंड नेचुरल गैस कंपनी (ओएनजीसी) ने शुक्रवार को कहा कि आपदा प्रबंधन टीम इस कुएं से रिसाव पर काबू पाने के लिए उपकरण लगा रही है। कंपनी ने कहा कि शिवसागर जिले में स्थित रुद्रसागर क्षेत्र में भोटियापार के पास कुआं संख्या 147ए से गैस के लगातार रिसाव को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं।

### सीबीआई ने साइबर अपराधी को दबोचा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक साइबर अपराधी गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है जो भोले-भाले लोगों को धोखाधड़ी की साजिश में फंसाने के लिए सिम कार्ड मुहैया कराता था। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि धोखाधड़ी की इस साजिश के तहत आरोपियों ने प्रतिष्ठित सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों को लोगों को रियायती दरों पर बेचने की पेशकश की।

# ब्लैक बॉक्स मिला, एनआईए ने शुरू की जांच

## अहमदाबाद में विमान हादसा

## जांच एजेंसी एएआईबी ने बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की छत से किया बरामद

## शवों की कराई जा रही डीएनए जांच, गुजरात के पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान नहीं

**अहमदाबाद, एजेंसी**

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने शुक्रवार को कहा कि एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। विमान का ब्लैक बॉक्स बी.जे. मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में एक इमारत की छत से बरामद किया गया। वहीं, एनआईए और अन्य केंद्रीय एजेंसियों ने भी अहमदाबाद पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जांच में सहयोग के लिए ब्रिटेन, अमेरिका के दल भी पहुंचे हैं। उधर, हादसे में मारे गए लोगों में से 6 की पहचान के बाद उनके शव परिजनों को सौंप दिए गए जबकि अन्य शवों की पहचान के लिए डीएनए जांच की जा रही है। हादसे में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के शव की भी पहचान नहीं हो सकी है।

अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग-787 विमान एआई 171 हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद ही बी.जे. मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। एक अधिकारी ने बताया कि ब्लैक बॉक्स आवासीय परिसर में एक इमारत की छत से बरामद किया गया। एएआईबी ने कहा कि हमने जांच का काम तुरंत काम शुरू कर दिया। राज्य सरकार के 40 से अधिक कर्मचारियों ने दुर्घटनास्थल पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय की टीमों के साथ जांच में भाग लिया। छत से डीएफडीआर (ब्लैक बॉक्स) बरामद कर लिया गया है।



अहमदाबाद में दुर्घटनास्थल पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने विमान हादसे के बारे में जानकारी ली। ● एजेंसी

### मोदी ने दुर्घटनास्थल का जायजा लिया, घायलों से मिले

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अहमदाबाद में उस जगह पहुंचे जहां गुरुवार को एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। प्रधानमंत्री ने विमान हादसे में घायल हुए लोगों से भी मुलाकात की। हादसे में मारे गए लोगों में से छह की शिनाख्त करने के बाद शुक्रवार को उनके शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए। एक अधिकारी ने बताया कि अन्य शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करना मुश्किल है इसलिए उनकी शिनाख्त के लिए डीएनए जांच की जा रही है। प्रधानमंत्री सुबह यहां सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे पर पहुंचे और वहां से सीधे मेघाणी नगर इलाके में दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने करीब 20 मिनट दुर्घटना स्थल का मुआयना किया। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू और गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने प्रधानमंत्री को विमान के मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में जानकारी दी। उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी थे। मोदी ने विमान दुर्घटना में घायल हुए लोगों से सिविल अस्पताल में मुलाकात की। उन्होंने एकमात्र जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश से भी मिले। प्रधानमंत्री ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री वियज रूपाणी के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। रूपाणी दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार थे। मोदी ने अहमदाबाद हवाईअड्डे के पास गुजरात राज्य विमानन अवसंरचना कंपनी लिमिटेड के दफ्तर में प्रदेश के और नागर विमानन मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। पुलिस निरीक्षक चिराग गोसाई ने कहा, हमने शवों की पहचान के लिए डीएनए के नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 215 मृतकों के रिश्तेदारों ने नमूने देने के लिए हमसे संपर्क किया है।

ब्लैक बॉक्स एक छोटा उपकरण है जो उड़ान के दौरान विमान के बारे में जानकारी रिकॉर्ड करता है। यह विमानन दुर्घटनाओं की जांच में मदद करता है।

वहीं, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने शुक्रवार को अहमदाबाद विमान दुर्घटना स्थल का दौरा किया। लंदन के लिए रवाना हुआ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (एआई171) विमान गुरुवार दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद मेघाणी नगर क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें यात्री और चालक दल के सदस्यों समेत 280 से अधिक लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में केवल एक यात्री चमत्कारिक रूप से बच गया। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने दुर्घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने इससे ज्यादा जानकारी नहीं दी।

### ब्रिटेन और अमेरिका के जांच दल भी पहुंचे

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाले विमान के तत्काल दुर्घटनाग्रस्त होने को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह कंपनी के इतिहास का सबसे काला दिन है और भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं हों इसके लिए सुरक्षा पर ही सबसे ज्यादा फोकस करने की जरूरत है। चंद्रशेखरन ने कहा कि पूरा समूह सदमे और शोक में है। कहा कि हम हर स्तर पर घायलों और पीड़ितों के साथ हैं। ब्रिटेन और अमेरिका से जांच दल भी अहमदाबाद पहुंच चुके हैं। उन्हें हमारी तरफ से पूरा सहयोग रहेगा और इस दुर्घटना के निष्कर्षों को लेकर हर कदम पर पारदर्शी रहेगा। कहा कि दुर्घटना को लेकर लोग बहुत सारे अनुमान भी लगा रहे हैं, लेकिन अभी धैर्य रखने की जरूरत है।

### ड्रीमलाइनर विमानों की सुरक्षा जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े की सुरक्षा जांच बढ़ाने का शुक्रवार को आदेश दिया। डीजीसीए के विस्तृत निरीक्षण के तहत टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान की विभिन्न प्रणालियों की जांच और 'टेक-ऑफ' (उड़ान भरने संबंधी) मापदंडों की समीक्षा की जाएगी।

एयर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया को जीईएनएक्स इंजन से लैस अपने बोइंग 787-8 और 787-9 विमानों पर अतिरिक्त रखरखाव कार्रवाई करने का तत्काल प्रभाव से



निर्देश दिया है। ये कार्रवाई डीजीसीए के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के समन्वय से की जाएंगी।

अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार दोपहर उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार 242 लोगों में से केवल एक व्यक्ति जीवित बचा। नियामक ने 15 जनवरी से बोइंग 787 विमानों की विभिन्न एकबारगी जांच के आदेश दिए हैं।

### मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं कैसे बच गया

- विमान में एकमात्र जिंदा बचे यात्री रमेश की आपबीती



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रहे एयर इंडिया की दुर्घटनाग्रस्त उड़ान एआई 171 के एकमात्र जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश ने कहा कि उन्हें अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि कैसे वह चमत्कारिक रूप से उस हादसे में बच गए हैं जिसमें 280 से अधिक लोगों की जान चली गई है। ब्रिटिश नागरिक रमेश ने कहा कि उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि विमान उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद ही रुक गया तथा हरी और सफेद बत्तियां जल उठीं। दूरदर्शन को दिए साक्षात्कार में लीसेस्टर निवासी रमेश ने कहा कि यह सब मेरी आंखों के सामने हुआ। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं कैसे बच गया। उन्होंने कहा, एक पल के लिए मुझे लगा कि मैं मरने वाला हूं, लेकिन जब मेरी आंखें खुलीं तो मैं जीवित था। मैंने सीट से अपनी बेल्ट खोली और बाहर निकल आया। रमेश ने कहा कि मेरी आंखों के सामने एयरहोस्टेस और अंकल-आंटियों की मौत हो गई। एक मिनट के भीतर ऐसा लगा कि विमान रुक गया है... और विमान एक इमारत से टकरा गया। रमेश विमान की सीट संख्या 11ए पर बैठे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहर के सिविल अस्पताल में भर्ती रमेश से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा।

# इजराइल का हमला ईरान ने भी दागे ड्रोन



ईरान के तेहरान शहर में विस्फोट के बाद उठता धुआँ। ● एजेंसी

**दुबई, एजेंसी**

- ईरान के परमाणु और मिसाइल ठिकानों को बनाया निशाना
- रिवोल्यूशनरी गार्ड के मुखिया और ईरानी सैन्य प्रमुख की मौत

इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाते हुए शुक्रवार को सुबह देश की राजधानी पर हमले किए जिनमें दो शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत हो गई। इन हमलों से पश्चिम एशिया के दो कट्टर विरोधी मुल्कों के बीच व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। इसे 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। यह हमला ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा तनाव के मध्य हुआ है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने हमले के बाद कहा कि इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी। इजराइल की सेना ने कहा है कि ईरान उस पर किए गए हमलों के जवाब में इजराइल पर ड्रोन दाग रहा है।

इजराइल के मुख्य सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने कहा कि पिछले कुछ घंटों में ईरान ने इजराइल की ओर 100 से अधिक ड्रोन दागे हैं। सभी रक्षा प्रणालियां हमलों को रोकने के लिए काम कर रही हैं। डेफ्रिन ने कहा कि लगभग 200 इजराइली लड़ाकू विमान अभियान में शामिल थे और लगभग 100 लक्ष्यों पर हमला किया गया तथा हमले अब भी जारी हैं। ईरान भर में कई स्थानों हमला किया गया जिसमें ईरान का मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र भी शामिल है। इजराइल के हमले में ईरान के अर्द्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी की मौत हो गई। ईरान ने रिवॉल्यूशनरी गार्ड के मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हजीजादेह के इजराइली हमले में मारे जाने की पुष्टि की। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि इजराइली हवाई हमले में ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी भी मारे गए।

### ईरान समझौता करे या विनाश का सामना : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि वह परमाणु समझौता करने पर राजी हो या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि ईरान को समझौता करना होगा, वरना कुछ नहीं बचेगा। ईरान के कट्टरपंथी नेताओं को समझौते पर पहुंचने की जरूरत है, नहीं तो उन्हें विनाश का सामना करना पड़ेगा।

# अनाथ बच्चों को आरक्षण देगा इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पूर्ण शुल्क माफी की घोषणा
- ऐसा आरक्षण देने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय

दिल्ली के गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) ने 2025-26 सत्र से अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों में अनाथ बच्चों को आरक्षण प्रदान करने की घोषणा की है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार एकल बालिका संतान के लिए आरक्षण लागू करने के एक वर्ष बाद यह कदम उठाया गया है जिसका लक्ष्य समावेशी शिक्षा प्रदान करना है तथा उसे विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद ने मंजूरी दी है।

प्रस्ताव के अनुसार, प्रत्येक विश्वविद्यालय स्कूल और कार्यक्रम में अनाथ आवेदकों के लिए एक अतिरिक्त सीट आरक्षित की जाएगी। ये छात्र विश्वविद्यालय की आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) योजना के तहत पूर्ण ट्यूशन फीस माफी के भी पात्र होंगे। इस पहल के पीछे की सोच पर प्रकाश डालते हुए कुलपति महेश वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य सभी को शिक्षा प्रदान करना है, जिसमें कोविड-19 महामारी या अन्य कारणों से अनाथ हुए बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा कि इन विद्यार्थियों को विभिन्न सरकारी वित्तीय सहायता योजनाओं का भी लाभ मिले। आईपी विश्वविद्यालय ऐसा आरक्षण लागू करने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय है।

### परिषदीय विद्यालयों में 30 तक बढ़ाया गया ग्रीष्मावकाश

**लखनऊ।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 15 दिन बढ़ा दिया गया है। परिषदीय विद्यालय अब 30 जून तक बंद रहेंगे। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। भीषण गर्मी से बच्चों को बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है। वहीं शिक्षकों और कर्मचारियों को 16 जून से तय समय सारिणी से ही स्कूल आना होगा। सचिव की ओर से जारी पत्र के अनुसार परिषदीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश था। वर्तमान में अत्यधिक गर्मी को देखते हुए 30 जून तक पठन-पाठन के लिए छात्र-छात्राएं विद्यालय में उपस्थित नहीं होंगे।

# एयर इंडिया के विमान की थाईलैंड में आपात लैंडिंग

**बैंकॉक, एजेंसी**

थाईलैंड के रिसॉर्ट द्वीप फुकेट से शुक्रवार को दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के विमान में बम रखे होने की धमकी मिलने के बाद आपातकालीन स्थिति में वापस हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। फुकेट हवाई अड्डा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 379 को बाद में सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। थाईलैंड एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में विमान के उतरने के बाद यात्रियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

रिपोर्ट में बताया गया कि विमान की सघन जांच के बाद उसके अंदर से कोई बम नहीं मिला। थाईलैंड हवाई अड्डे के अधिकारी उस यात्री से पूछताछ कर रहे हैं जिसने विमान पर बम की धमकी वाला नोट दिखाया था। विमान में 156 यात्री सवार थे। फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइटरडार 24 के अनुसार विमान ने आज स्थानीय समयानुसार सुबह साढ़े नौ बजे फुकेट हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए उड़ान भरी। बम की धमकी मिलने के बाद विमान ने अंडमान सागर का चक्कर लगाया और आपात स्थिति में वापस हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया।



थाईलैंड के फुकेत हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करता एयर इंडिया का विमान।

- फुकेट से दिल्ली आ रहे विमान को मिली थी बम रखा होने की धमकी
- सघन जांच में कुछ नहीं मिला विमान में सवार थे 156 यात्री

### पठानकोट में आपात स्थिति में उतरा अपाचे

**पठानकोट।** भारतीय वायुसेना के एक अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को पंजाब के पठानकोट जिले के नांगलपुर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले हलेड़ गांव में आपातकालीन लैंडिंग की। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है। हेलीकॉप्टर ने पठानकोट वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी थी और गांव के खुले मैदान में अनिर्धारित लैंडिंग की। स्थानीय लोगों ने हेलीकॉप्टर को उतरते देखा और मौके पर पहुंचे हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। अभी तक आपातकालीन लैंडिंग के कारण के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। सुरक्षा प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए मौके पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थिति पर टिप्पणी से इनकार कर दिया।

# अगले हफ्ते में प्रदेश में दस्तक दे सकता है मानसून

## भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान, 14-15 जून से होगी पूर्वी क्षेत्र में अधिकतम तापमान में गिरावट

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** गर्मी से हलकान लोगों को मॉनसून राहत देने की तैयारी में है। आने वाले दिनों में कई राज्यों में मानसून की ठंडी फुहारें पड़ सकती हैं। दरअसल, एक नया मानसूनी सिस्टम बंगाल की उत्तर खाड़ी में 14 जून के करीब तैयार होगा। इसे साइक्लोनिक सर्कुलेशन कहते हैं जो 48 घंटों में और मजबूत हो जाएगा।

फिलहाल यह सिस्टम ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश होते हुए राजस्थान की सीमा तक पहुंचेगा। इस रास्ते में यह उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश का सिलसिला तेज करेगा।



हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि जोरदार बारिश 16 जून के बाद ही शुरू होगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, मॉनसून प्रणाली के 22-23 जून तक दिल्ली पहुंचने की संभावना है, जो दिल्ली की सामान्य शुरुआत की तारीख (27 जून) से पहले है। चूंकि उत्तर प्रदेश, विशेष रूप से पश्चिमी भाग, दिल्ली से सटा हुआ है, इसलिए मॉनसून के इन तारीखों के आसपास या उससे पहले ही प्रदेश में प्रवेश करने की संभावना है।

अनुमान है कि, जैसे ही यह सिस्टम पश्चिम की ओर बढ़ेगा, यह मानसून की धारा को और फैलाएगा। 19 से 21 जून के बीच मानसून छत्तीसगढ़, पूर्वी उत्तर प्रदेश और पूर्वी मध्य प्रदेश को कवर कर लेगा। इसके बाद, सप्ताह के अंत तक मानसून की धारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम और उत्तर मध्य प्रदेश, दिल्ली और पूर्वी राजस्थान तक पहुंचने की संभावना है।

### 19 से 25 जून के बीच उत्तर प्रदेश में होगी बारिश

लखनऊ। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के विश्लेषण के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के 19 से 25 जून के बीच उत्तर प्रदेश में दस्तक देने की संभावना है। यह सामान्य आगमन की तारीखों से कुछ दिन पहले हो सकता है, जिससे भीषण गर्मी से जूझ रहे प्रदेशवासियों को राहत मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, मॉनसून ने इस सप्ताह फिर से तेजी पकड़ी है। यह 18 जून तक मध्य और पूर्वी भारत के शेष हिस्सों और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों को कवर कर लेगा। इसके बाद, 19 से 25 जून के बीच यह उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में आगे बढ़ने की उम्मीद है, जिसमें स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश भी शामिल है।

> मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 20 जून तक पूर्वी उत्तर प्रदेश और 25 जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मानसून के प्रवेश की संभावना है। बाढ़ प्रबंधन और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित विभाग आपसी समन्वय और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कर लें।
> – **मनोज कुमार सिंह**, मुख्य सचिव (उप्र.)

**शहर में आज**



☞अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट की ओर से रक्तदान शिविर रामगंगा विहार के मिडटाउन क्लब में दोपहर 12 :00 बजे

☞रामगंगा विहार के वेव ग्रीन सोसायटी में श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन 3 :00 बजे




### छात्र-छात्राओं के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर शिक्षकों का हुआ चयन

# आईआईटी गांधीनगर में जनपद के दो शिक्षक लेंगे 5 दिवसीय प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- अपर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक का आयोजन 16 से 20 जून तक चलेगा प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के सर्वाधिक अंक लाने पर उन्हें पढ़ाने वाले जिले के दो शिक्षकों का क्षमता संवर्धन के लिए गुजरात के आईआईटी गांधीनगर में पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। यह व्यवस्था अपर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक लखनऊ की ओर की गई है। प्रशिक्षण 16 जून से 20 जून तक चलेगा।

हुसैनपुर छिरावली राजकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय के विज्ञान की शिक्षिका बबीता मेहरोत्रा और राजकीय इंटर कॉलेज मानपुर के पुलकित विश्नोई गणित के शिक्षक हैं। उनसे फिजिक्स पढ़ने वाले छात्र के सर्वाधिक अंक लाने पर पुलकित बिश्नोई का चयन हुआ है। वह गुजरात के गांधीनगर स्थित आईआईटी में कार्यशाला में प्रशिक्षण के लिए 15 जून को रवाना होंगे। जहां हैंड्स ऑन गतिविधियों के माध्यम और बेहतर करने का हुनर सिखाया जाएगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि अपर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक लखनऊ की ओर से हाई स्कूल, इंटर बोर्ड परीक्षा 2025 में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 10 वीं 12 वीं में विज्ञान व फिजिक्स विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के शिक्षकों को गुजरात के सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग,आईआईटी गांधीनगर में 16 से 20 जून तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिक्षकों की क्षमता संवर्धन के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षित किया जाएगा। मुरादाबाद से दो शिक्षक चयनित हुए हैं। जिसमें हुसैनपुर छिरावली राजकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका बबीता मेहरोत्रा और राजकीय इंटर कॉलेज मानपुर के गणित के शिक्षक पुलकित बिश्नोई शामिल हैं।

इस उपलब्धि पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर देवेंद्र कुमार पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय सर्वेश कुमार व सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानन्द शर्मा ने बधाई दी है। कहा कि निश्चित रूप से इस प्रकार की कार्यशाला राजकीय विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को आगे बढ़ाने में कारगार साबित होगी। आईआईटी जैसे उच्च प्रतिष्ठित संस्थानों की शिक्षा प्रणाली राजकीय विद्यालयों में भी स्थापित हो पाएगी।

#### तानिया के सर्वाधिक अंकों ने शिक्षिका बबीता का कराया चयन

राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हुसैनपुर छिरावली की विज्ञान शिक्षिका बबीता मेहरोत्रा की छात्रा तानिया ने जनपद के सभी राजकीय विद्यालयों में सर्वाधिक अंक 91.16 प्रतिशत विज्ञान विषय में भी सभी 38 राजकीय विद्यालयों में सर्वाधिक 94 अंक हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2025 में प्राप्त किए हैं ।जिसके लिए उनकी शिक्षिका का चयन किया गया है। वह इससे पूर्व 2024 में भी आईआईटी गांधीनगर में एक माह का प्रशिक्षण ले चुकी हैं। वह विज्ञान के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर भी चयनित हो चुकी हैं।



विज्ञान में सर्वाधिक अंक लाने वाली छात्रा तानिया व शिक्षिका बबीता मेहरोत्रा।

# संगठनों ने विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

### जनपद के लोगों ने पीड़ित परिजनों के प्रति जताई शोक संवेदना, हादसे को बताया राष्ट्रीय त्रासदी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए विभिन्न संगठनों के लोगों ने गहरा दुख जताया है। उनके परिवार जनों के प्रति संवेदना जताकर कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सभी ऐसे परिवारों के साथ खड़े हैं। यह राष्ट्रीय त्रासदी है।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) ने एयर इंडिया विमान की दुखद दुर्घटना पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की। संगठन की ओर से 12 जून को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया फ्लाइट के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई दुखद जनहानि पर गहरा शोक और अपनी संवेदनाएं व्यक्त किया गया। इस भयावह हादसे में 242 से अधिक अमूल्य जीवनों की क्षति हुई है, जो गहरा आघात है। ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा, हम इस राष्ट्रीय त्रासदी से बहुत दुखी हैं। ईपीसीएच की ओर से वह उन सभी लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। ईपीसीएच महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि वह परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा और ईपीसीएच के अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक राजेश रावत ने कहा कि हम उनके साथ एकजुटता में खड़े हैं।

वहीं बुद्धि विहार भाटिया चौराहे पर स्थित चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं के कार्यालय में दिवंगत आत्माओं की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा हुई। इसमें ट्रस्ट की अध्यक्ष गीताजंली पांडेय, डॉ. विशेष गुप्ता, धवल दीक्षित, मनोज कुमार, गोपाल हरि, राघव रस्तोगी, प्रियंका भटनागर और मनीष शर्मा के अलावा संस्था से जुड़ी बच्चियों ने घटना पर दुख जताकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। कहा कि इस राष्ट्रीय त्रासदी में सभी एक साथ खड़े हैं। हादसे में मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई।



आओ हाथ बढ़ाएं ट्रस्ट के कार्यालय में मृतकों को श्रद्धांजलि देती बच्ची। ● अमृत विचार

#### विमान हादसा बेहद दुखद: मुफ्ती दानिश



अहमदाबाद में हुए प्लेन हादसे पर अफसोस जाहिर करते हुए जमियत अहले सुन्नत के नायब सदर मुफ्ती दानिश कादरी ने कहा कि प्लेन हादसा बेहद दुखद और दिल दहला देने वाली घटना है। हमारी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने इस हादसे में अपनों को खोया है या घायल देखा है। हम सरकार से अपील करते हैं कि हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और एयर ट्रैफिक से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्थाओं को और सख्त बनाया जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

#### विमान दुर्घटना से शोक की लहर



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अहमदाबाद प्लेन हादसे में हुई जनहानि पर जिला कांग्रेस कमेटी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शुक्रवार को गुरहट्टी स्थित जिला कार्यालय में आयोजित शोक सभा में मृत यात्रियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान नेताओं ने हादसे के लिए जिम्मेदारों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर ने कहा कि यह हादसा पूरे देश को झकझोर देने वाला है। दुख की बात है कि इस तरह की बड़ी घटनाओं के बावजूद अब कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले तो मामूली दुर्घटनाओं पर भी तत्काल इस्तीफे दिए जाते थे, लेकिन अब दोषारोपण और ध्यान भटकाने की रणनीति अपनाई जा रही है। उन्होंने हाल के रेल और सड़क हादसों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार की जवाबदेही खत्म होती जा रही है। यह लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक, अमीरुल हसन जाफरी, मुशाहिद चौधरी, विजयराज सैनी, आजम खां, राजेश पाल, शमीम चौधरी, नाजिम गांधी, मोहम्मद यासीन कुरैशी, इंतजार कुरैशी, मोहम्मद्दीन सिद्दीकी, अब्दुल्ला अंसारी, सुलेमान मलिक, मोहम्मद अब्बास, राज बहादुर, सतीश दिवाकर, अरविंद चौहान समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## आज लखनऊ में कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचेंगे पदाधिकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** एआईएमआईएम का प्रथम प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन लखनऊ में 14 जून को होगा। इसमें महानगर से पदाधिकारी, कार्यकर्ता व लखनऊ पहुचंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी और प्रदेश अध्यक्ष जनाब शौकत अली संबोधित करेंगे। इसमें ज़िला पंचायत चुनाव और आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव पर मार्गदर्शन करेंगे।

महानगर अध्यक्ष वकी रशीद एडवोकेट ने बताया कि मुरादाबाद से उनके अलावा जिलाध्यक्ष मोहिद फ़रगानी, पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष यूथ अहतशाम मंसूरी, प्रदेश सचिव ज़की राईनी व अन्य लोग लखनऊ कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे।

## खेत में तालाब बनाने को सरकार देगी 50 प्रतिशत अनुदान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिले को मिला 54 तालाब बनाने का लक्ष्य, जल संरक्षण के साथ बढ़ेगी किसानों की आय

**अमृत विचार :** किसानों के लिए अच्छी खबर है। जिले के 54 किसानों को निजी खेत तालाब योजना के तहत अपने खेतों में तालाब बनाने सकेंगे।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के ड्रॉप मोर क्रॉप के तहत अदर इन्टरवेशन अन्तर्गत वर्षा जल संचयन के लिए प्रदेश सरकार की ओर से खेत तालाब योजना संचालित की गई है। इस योजना में जाति बार लक्ष्य के साथ पूर्व में उद्यान एवं कृषि विभाग से अपने खेत में सूक्ष्म सिंचाई यंत्र लगाने वालों के लिए भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों के तालाब की लागत डेढ़ लाख है जिसमें सरकार की ओर से 50 प्रतिशत की छूट दी गई है। इससे जहां जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा,वहीं किसानों की आय में भी इजाफा होगा। योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि के साथ-साथ मत्स्य पालन और बहुउद्देशीय उपयोग को बढ़ावा देना है।

भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ योगेंद्र सिंह ने बताया कि योजना के तहत जनपद को 54 खेत तालाब बनाने का लक्ष्य मिला है। जिसमें लघु तालाब के लिए 29 का लक्ष्य सामान्य जाति के लिए है। वहीं 4 अनुसूचित जाति के लिए दिए गए हैं। विगत 7 वर्षो में उद्यान,कृषि विभाग के माध्यम से अपने खेत पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित की गई हो उनके सामान्य जाति के 19 लक्ष्य है तथा अनुसूचित जाति के लिए 2 लक्ष्य निर्धारित है।

इसकी बुकिंग कृषि विभाग की वेबसाइट पर कर सकते हैं। तालाब का आकार 22 मीटर लंबा, 20 मीटर चौड़ा और 3 मीटर गहरा होगा। जिसकी कुल लागत 1.05 लाख रुपये है। योजना में लागत का 50 प्रतिशत अर्थात 52,500 रुपये का अनुदान किसानों को दो किस्तों में बैंक खातों में दिया जाएगा। शेष 50 प्रतिशत अंश किसानों को स्वयं वहन करना होगा। पंप सेट पर भी सहायता दी जाएगी। जिसमें प्रति इकाई 50 प्रतिशत या अधिकतम 15 हजार रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा। अन्य जानकारी विभागीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# कैंडल मार्च निकाल अर्पित की श्रद्धांजलि




विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि देते समाजवादी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव के नेतृत्व में गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट दुर्घटना में मृतकों को सिविल लाइंस आंबेडकर पार्क में श्रद्धांजलि सभा व कैंडल मार्च निकाल कर संवेदना जताई गई। हादसे में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करने के अलावा प्रभावित लोगों को संबल प्रदान व घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि "यह श्रद्धांजलि सभा एवं कैंडल मार्च दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ एकजुटता दर्शाने और दुर्घटना में प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना के लिए है। हम सभी इस दुखद घटना से आहत हैं और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। श्रद्धांजलि सभा में अथहर अंसारी, वेद प्रकाश सैनी, शीरी गुल, आदित्य चौधरी, तालिब अंसारी, नाजिम सैफी, नाजिम हुसैन, प्रेम बाबू वाल्मीकि, कुलदीप तुरैहा, महेंद्र पाल सिंह, प्रदीप यादव, योगेंद्र यादव, सरताज अंसारी, आमिर अंसारी, शशिगुप्ता, सुरेंद्र शर्मा, बाल किशन शर्मा, अशोक सैनी, जुनैद अशरफी, फाजिल मलिक, फरीद मलिक, जय कुमार प्रजापति, भूरा कुरैशी, वीरेंद्र प्रसाद, दीपांशु सागर, आशुतोष यादव, केदार सिंह, शकीरा रायनी आदि शामिल रहे।

## जीवों की मुक्ति को विविध शरीर धारण करते हैं भगवान: अर्द्धमौनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वेव ग्रीन सोसायटी के शिवांगन धाम में श्रीमद्भागवत कथा का दूसरा दिन

**अमृत विचार :** रामगंगा विहार के वेव ग्रीन सोसायटी के शिवांगन धाम में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान जीवों की मुक्ति के लिए विविध शरीर को धारण करते हैं। परिस्थिति अनुसार स्वयं को रूपों में विभक्त करके विष्णु, ब्रह्मा, महेश, राम, वामन, महात्मा बुद्ध एवं कल्कि आदि अवतरण से सृष्टि को संतुलित रखते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रतिकूलताओं से बच कर भाग जाने से हम सुखी नहीं रह सकते। मानव से देव और नर से नारायण कैसे बना जाता है इसके लिए भगवान श्रीकृष्ण के जीवन को समझना होगा। श्रीकृष्ण के जीवन में भी बड़ी विषमताएं, प्रतिकूल स्थितियां आईं पर वो हताश नहीं हुए, दृढ़ता से उनका सामना कर विजय प्राप्त की। आज हम विषमता रूपी विष से बचने का प्रयास करते हैं। यही प्रयास हमारे चेहरे की उदासी का कारण बन जाते हैं। शरीर नहीं रहेगा तो मेरी क्षति हो जाएगी यह मानना पागलपन है। त्यागी के चेहरे पर जैसी प्रसन्नता देखी जाती है, वैसी धनी के चेहरे पर नहीं। आयोजन की व्यवस्था में शैरिल विश्नोई, कियान विश्नोई, संगीता विश्नोई, आदेश विश्नोई, शिवम विश्नोई, कनिष्का विश्नोई, पूनम चावला, ऐशु भाटिया, आयुषी विश्नोई, सुनीता गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, वैष्णवी विश्नोई, श्वेतांश विश्नोई, प्रभा बब्बर, सुधा शर्मा, सपना सिरोही, सौरभ अग्रवाल, निखिल, बीना भंडूला आदि ने सहयोग दिया।

# जिले में मिला एक और कोरोना संक्रमित, संख्या बढ़कर 6 हुई

**दो गज की दूरी-मास्क है जरूरी**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कोरोना के लक्षण वाले मरीजों की स्क्रीनिंग शुरू

**अमृत विचार :** जिले में कोरोना संक्रमण हर दिन बढ़ रहा है। शुक्रवार को एक 72 वर्षीय बुजुर्ग की जांच में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई। ऐसे में अब जिले के 6 मरीजों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। इनके संपर्क में आने वालों की विभाग निगरानी कर रहा है। लोगों से दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी का पालन करने के लिए कहा गया है।

सिविल लाइंस के रहने वाले एक 72 वर्षीय बुजुर्ग में कोरोना संक्रमण की पुष्टि जांच में हुई। इसके बाद उनके संपर्क में आए लोगों की जांच के लिए टीम भेजी गई। संक्रमित बुजुर्ग को आइसोलेशन में रहने के लिए कहा गया। इस नये संक्रमित मरीज को मिलाकर कोरोना संक्रमित मरीजों की जिले में संख्या 6 हो गई। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि सिविल लाइंस के एक 72 वर्षीय व्यक्ति में जांच में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। उन्हें आइसोलेशन में रहने के लिए कहा गया है। पहले के सभी मरीजों की स्थिति ठीक है। चार संक्रमित मरीज दूसरे जिलों में रह रहे हैं। आधार कार्ड मुरादाबाद का है। संबंधित जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारी को उनकी बारे में अन्य विवरण भेज दिया गया है। मरीजों के स्वास्थ्य की अपडेट जानकारी ली जा रही है।

मुख्य चिकित्साधिकारी के स्तर से निजी चिकित्सालयों के संचालकों को कोरोना संक्रमण को लेकर अलर्ट किया गया है। ऐसे किसी मरीज के मिलने या इससे संबंधित लक्षण वाले मरीज की जांच कराकर पोर्टल पर अपलोड करने और इसकी सूचना मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय को जरूर देने का निर्देश दिया गया है।

#### लोगों को जागरूक करने को करें प्रचार प्रसार

भीड़ वाली जगहों पर जाने से दूरी बनाएं। यदि जाएं तो सतर्कता बरतें। खांसी, सर्दी, जुकाम, गले में संक्रमण, सांस फूलने के लक्षण वाले मरीजों या व्यक्तियों की कोरोना जांच कराने के लिए ओपीडी में चिकित्सकों को भी निर्देश दिया गया है। अस्पतालों व सार्वजनिक स्थानों पर कोरोना के बारे में जानकारी देकर लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार किया जाएगा।

## प्रशिक्षण से दक्ष बनेंगे मंडल के शिल्पी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुरादाबाद के शिल्पकारों को माटीकला कौशल विकास योजना के अंतर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में लक्ष्य के अनुरूप ऑनलाइन प्राप्त आवेदन का चयन जनपद स्तरीय चयन समिति करेगी। चयन के बाद प्रशिक्षण मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र नजीबाबाद बिजनौर द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान रहने, खाने की व्यवस्था निःशुल्क होगी। प्रशिक्षण अवधि का मानदेय भुगतान खाते में नेफ्ट किया जाएगा।

प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक पुरुष/महिला 20 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम न हो। विस्तृत जानकारी के लिए 9580503151 व 8191967279 या जिला ग्रामोद्योग कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## सड़कों पर रात को नजर आएगी अफसरों की फौज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीक आवर्स में अपने क्षेत्रों में नाइट पेट्रोलिंग के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** अब रात को बिजली विभाग के अधिकारियों की फौज सड़कों पर नजर आएगी। बिजली विभाग के अधिकारियों को रात में उपकरण चेक करने के लिए कहा गया है। उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में बाधारहित विद्युत आपूर्ति देने का फरमान प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने जारी किया है। ट्रांसफार्मरों की क्षतिग्रस्तता पर अंकुश लगाने के लिए विभाग द्वारा यह कदम उठाया गया है। रात्रि में अधिकारी पीक आवर्स में अपने क्षेत्रों में बिजली घरों का लोड, सप्लाई व ट्रांसफार्मर का निरीक्षण करेंगे।

शुक्रवार को प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने मेरठ अपने कार्यालय से वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से बिजली विभाग के अधिकारियों को रात में विद्युत केंद्रों का निरीक्षण कर तकनीकी कमियों को दूर करने के निर्देश जारी किए हैं। जिससे रात में उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति से संबंधित कोई परेशानी न हो। प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों,कर्मचारियों को विद्युत केंद्रों पर उपस्थित व सजग रहने के निर्देश दिए है। जिससे भीषण गर्मी के कारण उत्पन्न हुई समस्याओं का समय रहते समाधान किया जा सके। प्रबंध निदेशक ने समस्त जनपद के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति पर निगरानी फीडर पर लोड चेक करने, ट्रांसफॉर्मरों के अनुरक्षण तथा विद्युत फाल्ट को तत्काल ठीक करने के लिए कहा है। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापरक निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराई जा सके। उपभोक्ताों से भी हीट वेव में धैर्य एवं संयम बरतने की अपील भी की है।

#### वाहन की टक्कर से गिरे पोल, सुबह 8 से शाम 4 बजे तक बिजली गुल



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांठ रोड पर किले के पास बिजली के पोल में वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे पोल गिर गए। जिसके बाद पांच विद्युत केंद्र से जुड़े 10 हजार से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति 4 बजे तक बाधित रही। हालांकि 11 बजे कुछ देर के लिए आपूर्ति सुचारू हुई, लेकिन कुछ ही देर बाद चली भी गई जो 4 बजे तक गुल रही। टाउन हॉल और ताड़ीखाना रोड पर भी बना रहा बिजली कटौती का संकट बना रहा है। शुक्रवार को कांठ रोड पर का 132 के वीए की विद्युत लाइन के पोल पर वाहन द्वारा टक्कर लगने से दो पोल गिर गए । जिससे कई विद्युत केंद्र पीबी आर ,रामगंगा विहार, पीली कोठी, विद्युत केंद्र से जुड़े हजारों उपभोक्ताओं की आपूर्ति गुल हो गई। बिजली कर्मचारियों के द्वारा तारों को जोड़ने के बाद 11 बजे आपूर्ति आई और कुछ देर बाद 4 :00 बजे लिए गुल हो गई। टाउन हॉल विद्युत केंद्र में फॉल्ट होने के बाद टाउनहॉल, मानपुर, ताड़ीखाना रोड पर सुबह 9 बजे से 3 :00 बजे तक बिजली संकट बना रहा।

**नाराजगी** अनुबंधित बस ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में उठा मुद्दा

# रोडवेज के सामने सवारी भर रहे डग्गामार वाहन

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- अनुबंधित बस मालिकों ने जताया विरोध, रोडवेज निगम के साथ बस मालिकों को हो रहा नुकसान

**अमृत विचार :** परिवहन निगम में अनुबंधित बस मालिकों की लंबे समय से चल रही समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक के कार्यालय में बैठक हुई। इसमें बस मालिकों और क्षेत्रीय प्रबंधक के बीच कुछ मुद्दों पर सहमति नहीं बनी। निजी बस स्वामियों द्वारा रोडवेज के पास से ही डग्गामार वाहनों द्वारा सवारियों को बैठाने व प्रबंधन के द्वारा कार्रवाई न करने पर विरोध जताया।

क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज परिक्षेत्र ममता सिंह ने शुक्रवार को कार्यालय में अनुबंधित बस ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बैठक की। यूनियन की तरफ से प्रदेश उपाध्यक्ष महिंदर सिंह बग्गा ने मंडल में चल रही प्राइवेट बस, कार द्वारा यात्रियों को ढोने जाने की बात रखी। उन्होंने कहा कि डग्गामार वाहनों द्वारा यात्रियों को लाने से रोडवेज को प्रतिदिन लाखों रुपये की राजस्व हानि हो रही है। जिसका असर अनुबंधित बस मालिको पर पड़ रहा है। निजी बसों से प्रतिदिन लाखों रुपये की टैक्स चोरी कर दिल्ली से माल लाया जा रहा है।

मुरादाबाद से दिल्ली हरिद्वार, धामपुर, बरेली, हल्द्वानी के लिए प्राइवेट बसें चल रही हैं। जो परिवहन निगम को नुकसान पहुंचा रही है। इस पर क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि जल्द ही ऐसे वाहनों को बंद किया जाएगा व मालिकों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता, क्षेत्रीय महासचिव गयूर खान, विक्की चौधरी, गौरव जेटली, नरदेव सिंह, प्रभु जोत सिंह बग्गा, मोहम्मद आमिर सहित बस स्वामी और निगम की तरफ से क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह के अलावा सभी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक व डिपो के लेखाकार मौजूद रहे। वार्ता के बाद 12 जून को अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गये लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।




अनुबंधित बस स्वामियों के साथ बैठक करतीं आरएम ममता सिंह। ● अमृत विचार

#### 16 को प्रबंध निदेशक से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

यूनियन के अध्यक्ष ने बताया कि 16 जून को यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रबंध निदेशक से मिलेगा। इसमें सचिवालय में भी प्राइवेट वाहनों को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। जिसमें मुरादाबाद क्षेत्र के रामपुर, मुरादाबाद, पीतल नगरी, धामपुर, बिजनौर, नजीबाबाद, चांदपुर से संचालित हो रही अनुबंधित बसों की हड़ताल भी की जाएगी। ग

**आज का मौसम**

आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे, बूंदाबांदी हो सकती है।

41.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:45 | सूर्यास्त 06:43

# आधे घंटे की बारिश से राहत, दोपहर में निकली धूप तो उमस ने किया बेहाल

## जनपद में सुबह से छाए रहे बादल, 18 जून तक पड़ेगी प्री मानसून की फुहार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गुरुवार को 43 पहुंच गया था अधिकतम तापमान, बिलबिला उठे थे लोग

**अमृत विचार :** एक सप्ताह से पड़ रही भीषण गर्मी से व्याकुल लोगों को शुक्रवार को आधे घंटे की बारिश ने राहत पहुंचाई लेकिन दोपहर में फिर धूप निकलने से उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया। गनीमत रही कि लू न चलने से सहूलियत रही। मौसम विशेषज्ञ ने प्री मानसून की फुहारें 18 जून तक पड़ने का अनुमान जताया है।

गुरुवार को अधिकतम पारा चढ़कर 43 डिग्री पर पहुंचा तो लोग गर्मी से त्राहि कर उठे थे। लेकिन शुक्रवार की सुबह से हल्के बादल छाए रहने से सूरज की तपिश व लू नहीं चली। पौने बारह बजे के करीब उमड़ते घुमड़ते बादलों के बीच तेज हवा के साथ बारिश होने लगी। प्री मानसून की आधे घंटे की बारिश व हवा ने लोगों को चुभती गर्मी से फौरी राहत प्रदान कर दी। कई लोगों ने बारिश में भीगकर प्री मानसून के आने का आनंद लिया। हालांकि दोपहर बाद फिर धूप निकल गई। लेकिन लू न चलने से लोगों को राहत रही। बारिश से हवा में नमी से लोगों को सहूलियत मिली। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि न्यूनतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहने से शाम को फिर उमस बढ़ने लगी।

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विशेषज्ञ प्रो. आरके सिंह ने बताया कि 18 जून तक प्री मानसून की हल्की बारिश या फुहारें पड़ेंगी।

हल्के बादलों के बाद बूंदाबादी का क्रम चलेगा। कभी गरज तड़क के साथ बिजली गिरने का भी अनुमान है इसलिए लोगों को सतर्क रहना चाहिए। ऐसी स्थिति में खुले में असुरक्षित स्थान या बिजली के खंभे आदि से करीब न जाएं। पशुओं को भी सुरक्षित कर लें। उन्होंने बताया कि प्री मानसून की बारिश से किसानों को राहत मिलेगी। सब्जियों की खेती करने वाले किसानों को सिंचाई कम करनी पड़ेगी।



सुबह कांठ रोड पर बारिश में भीगते हुए निकले लोग। ● अमृत विचार



बरसात में मस्ती करते लोग।

### बरसात से सड़कें जलमग्न ,गर्मी से मिली राहत

**मूंढापांडे, अमृत विचार :** शुक्रवार को मानसून की दस्तक और तेज बरसात से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। वहीं पहली ही बरसात ने गांव के विकास कार्यों की कलई खोल दी। बरसात से गांव की नालियां चोक हो गई और पानी से सड़क जलमग्न हो गई। मूंढापांडे क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर हुई झमाझम बरसात से मानव जाति के साथ जीव-जंतुओं को गर्मी से निजात मिली। लोगों ने झमाझम बरसात का जमकर लुफ्त उठाया। वहीं, पहली ही बरसात ने ग्राम पंचायत लालाटीकर के विकास कार्य पानी में लबालब हो गए। सड़के पानी से जलमग्न होने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जबकि भीषण गर्मी के लिए यह बरसात किसी वरदान से कम नहीं है।

### कचरे से नालियां चोक, सड़कें जलमग्न



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शुक्रवार को पहली बारिश ने नगर पालिका की नालों की सफाई की पोल खोल दी। पॉलिथीन थर्माकोल अन्य कचरे से नगर के नाले व नालियां उफन गई। एसडीएम कोर्ट रोड, पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के आसपास गंदगी फैल गई। एसडीएम कोर्ट रोड पर बुध बाजार से निकलने वाला नाला कमालपुर चौराहे तक जाता है लेकिन एसडीएम कोर्ट रोड पर बनी नाले की पुलिया संकरी होने के कारण कचरा आ जाता है जिससे थोड़ी सी बरसात पड़ने पर गंदे पानी की निकासी न होने के कारण नाला उफन जाता है। गंदगी सड़कों पर फैल जाती है। हालांकि सफाई कर्मी समय-समय पर नाले की सफाई भी करते रहते हैं। क्षेत्र के लोग कूड़ा करकट में नाले में डालकर नाले को चोक कर देते हैं। कमलापुरी रोड, शगुन तिराहा, बुध बाजार, बाजार गंज, पुरानी सब्जी मंडी, मोहल्ला दर्जियान, कोतवाली रोड, नागरिया रोड, रामलीला मैदान से आंबेडकर पार्क जाने वाली रोड मोहल्ला मनिहारान, मोहल्ला जमरावाला की सड़कों पर पानी भर गया। शुक्रवार सुबह आई बारिश पडने से गर्मी से लोगों को राहत मिली । कुछ लोगों ने सड़कों पर निकाल कर बरसात में भीगी कर आनंद लिया वहीं बच्चे भीबरसात में सड़कों पर पहल कर आनंद लेते दिखाई दिए । दुकानदारों का कहना कि यदि बारिश नहीं रुकी तब दुकानों में पानी घुस जाएगा और उनका भारी नुकसान होगा ।

### बिजली गिरने से उपकरण नष्ट

**भोजपुर,अमृत विचार :** शुक्रवार दोपहर मोहल्ला फतेहपुरी मनिहारान में 12बजे आबिद पुत्र अब्दुल वाहिद के घर तेज गड़गड़ाहट के साथ बिजली गिरने से बिजली के उपकरण पंखे, फ्रिज कूलर, वाशिंग मशीन,एयर कंडीशनर, इन्वर्टर एवं वायरिंग जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। गनीमत रही की बिजली गिरने से पहले परिवार के सदस्य प्रथम तल पर आ गये थे। जबकि बिजली दूसरी मंजिल पर गिरी जहां पर कोई नहीं था। इस वजह से कोई जनहानि नहीं हुई।

**एक नजर**

### योग से दिया जाएगा पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने का संदेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इस बार 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के माध्यम से समग्र कल्याण और पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने का संदेश दिया जाएगा। इस बार 11वीं वर्षगांठ पर थीम है एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग( योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ)।21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन का उद्देश्य समग्र कल्याण और पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालना है। आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अमरदीप सिंह ने बताया कि महानगर में कंपनी बाग पार्क में 21 को मुख्य आयोजन होगा। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। 15 से योग सप्ताह की शुरुआत हो जाएगी। जिसमें हर दिन आयोजन कराया जाएगा। शिविरों में लोगों को प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया जाएगा। वहीं जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को देखते हुए सार्वजनिक पार्कों में सुबह लोगों को योगाभ्यास के लिए व्यवस्था बनाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है।

### एमडीए ने 200 वर्ग मीटर अवैध निर्माण सील किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा नगर क्षेत्र एवं अधिसूचित क्षेत्रों में अवैध निर्माणों के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जोन-1, सबजोन-3 के अंतर्गत बिशनपुर रोड पर प्रवर्तन दस्ते ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद जमील अहमद द्वारा 200 वर्ग मीटर भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को सील कर दिया। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिना स्वीकृति के किसी भी प्रकार का निर्माण, प्लाटिंग या अतिक्रमण करने पर सीलिंग, ध्वस्तीकरण और विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रो. अनुराग को गैस्ट्रोरिटेंटिव फॉर्मूलेशन पर भारतीय पेटेंट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- फार्मास्युटिकल फॉर्मूलेशन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनुराग वर्मा को कार्बाक्सीमिथाइलेटेड गम स्टर्कुलिया के साथ गैस्ट्रोरिटेंटिव फॉर्मूलेशन पर प्रथम भारतीय पेटेंट प्राप्त हुआ है। इसका उद्देश्य एक ऐसी औषधि वितरण प्रणाली विकसित करना है, जो पेट में लंबे समय तक ठहर सके। सक्रिय औषधीय घटकों की अवशोषण प्रक्रिया को बेहतर बनाकर उपचार की प्रभावशीलता को बढ़ा सके।

कुलाधिपति सुरेश जैन ने प्रो. वर्मा को इस वैज्ञानिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। कहा कि यह पेटेंट यूनिवर्सिटी की अनुसंधान संस्कृति का प्रतीक है। इंडियन पेटेंट ने इस शोध कार्य को पेटेंट संख्या 551569 के अंतर्गत स्वीकृति दी है। यह पेटेंट फार्मास्युटिकल फॉर्मूलेशन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अनुसंधान में डॉ. वर्मा के साथ महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विवि बरेली की सीनियर फैकल्टी डॉ. अमित कुमार वर्मा सह-पेटेंटधारी के रूप में जुड़े हैं।

टीएमयू फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वर्मा ने बताया कि इस फॉर्मुलेशन में प्राकृतिक गम स्टर्कुलिया को कार्बाक्सीमिथाइलेट करके एक नवीन मैट्रिक्स तैयार किया गया है। यह औषधि को नियंत्रित गति से रिलीज करने में सक्षम है। यह तकनीक विशेष रूप से उन रोगों के उपचार में सहायक हो सकती है, जिनमें दीर्घकालिक औषधि प्रभाव की आवश्यकता होती है, जैसे कि गैस्ट्रिक अल्सर, हाइपरएसिडिटी या क्रॉनिक संक्रमण। प्रो. अनुराग वर्मा के विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में 160 रिसर्च पेपर्स प्रकाशन के 10 चैप्टर्स भी फार्मेसी की विभिन्न इंटरनेशनल पुस्तकों में शामिल हैं।

## स्वास्थ्य शिविर में 68 लोगों की निःशुल्क जांच

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** परिवर्तन दी चेंज संस्था ने परियोजना प्रयास के तहत सिद्ध अस्पताल के सहयोग से भोला सिंह की मिलक में स्वास्थ्य की जांच के लिए निःशुल्क शिविर लगाया। इसमें भोला सिंह की मिलक व आस पास के 68 लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य की जांच की गई।

शुक्रवार को आयोजित शिविर में शुगर, रक्तचाप, पल्स रेट आदि की जांच के अलावा महिलाओं को स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा परामर्श दिया गया। 17 जून को महिलाओं के लिए लगने वाले स्पेशल निःशुल्क शिविरकी जानकारी दी गई। शिविर में डॉ. नेहा, डॉ. सुनीती, डॉ. धीरज, उपासना, अमन, मीनाक्षी, हर्ष का सहयोग रहा। शिविर में ग्राम प्रधान सहित मनोज कुमार, परियोजना प्रभारी प्रिंस चौहान व परियोजना सह प्रभारी नेहा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गिरफ्तार करने आ रही है मुंबई पुलिस... डर से महिला ने ट्रांसफर किए 6.92 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुंबई सीबीआई का अधिकारी बताकर महिला से ठगी, कई खातों में मंगाई रकम
- शिकायत पर एसपी क्राइम के आदेश पर साइबर क्राइम थाने में दर्ज की गई रिपोर्ट



**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में एक महिला से साइबर ठगों ने 6.92 लाख रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए। आरोपी ने खुद को मुंबई सीबीआई का अधिकारी बताकर जेल भेजने का डर दिखाकर ठगी की। पीड़िता के पति की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मझोला क्षेत्र के बुद्धि विहार सेक्टर-2 निवासी राजीव शर्मा एसी मेंटीनेंस का काम करते हैं। राजीव शर्मा ने बताया कि बीती 20 दिसंबर 2024 को उनकी पत्नी मोनिका शर्मा के मोबाइल पर एक अंजान नंबर से वाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपने आप को सीबीआई मुंबई पुलिस का उच्च अधिकारी बताते हुए कहा कि आपके खिलाफ एफआईआर दर्ज है। आपको गिरफ्तार करने मुंबई पुलिस आ रही है। गिरफ्तारी की बात सुनकर मोनिका शर्मा काफी डर गई। इसके बाद आरोपी ने बचने के लिए पैसों की डिमांड की। डरी सहमी मोनिका शर्मा ने 27 दिसंबर को घर में रखे अपने गहने खुशलहापुर रोड स्थित ज्वैलर्स के यहां गिरवी रख कर 1 लाख 35 हजार रुपये लिए और आरोपी के बताए अनुसार तीन अलग-अलग खातों में जमा करा दिए। जिसके बाद आरोपी ने कहा कि कुछ दिन में पूरा मामला खत्म हो जाएगा। राजीव के अनुसार उस घटना के तीन दिन बाद आरोपी ने फिर कॉल कर मोनिका को धमकाया। कहा कि अब मामला उच्च अधिकारियों के पास पहुंच गया है इसलिए गिरफ्तारी तय है। 2 जनवरी 2025 को 45 हजार, 3 जनवरी को 38 हजार और 6 जनवरी को 40 हजार रुपये और खातों में जमा करा लिए। बाद में 28 जनवरी को 47 हजार रुपये ओर जमा करवाए। इसके बाद दस फरवरी को कॉल करके आरोपी ने धमकाया कि यदि 2.10 लाख रुपये तत्काल जमा नहीं किए तो बहुत गलत होगा। जिसके बाद मोनिका ने पति की चेन, अपनी चूड़ी गिरवी रखकर किसी तरह 2 लाख 10 हजार का इंतजाम कर खाते में ट्रांसफर कर दी। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ ठगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सोने की चेन नहीं मिलने पर पति को मिली जानकारी

राजीव के अनुसार जब उन्हें घर में अपनी चेन नहीं मिली और पत्नी से पूछताछ की तो उसे आप बीती सुनाई। जिसके बाद ठगी का पता चला। बाद में साइबर क्राइम थाने पर पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पीड़ित साइबर थाने से लेकर मझोला थाना और बैंक तक चक्कर काटता रहा, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। परेशान होकर एसपी क्राइम से गुहार लगाई। जहां से एफआईआर के आदेश हुए।

# एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले 1.10 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक साथ एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने का मामला सामने आया है। एक शातिर ठग ने मदद करने के बहाने युवक का एटीएम कार्ड लेकर बदल दिया और उसके खाते से एक लाख से ज्यादा की रकम निकाल ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र की वशिष्ठ बिहार कॉलोनी निवासी सुनील पाठक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह कांठ रोड स्थित एक एटीएम से पैसे निकालने के लिए गए थे। लेकिन पैसे नहीं निकले इसी दौरान वहां खड़े एक अजनबी ने मदद करने के बहाने उनका एटीएम कार्ड लेकर बदल दिया और अशोक कुमार नाम के व्यक्ति का केनरा बैंक का एटीएम उन्हें पकड़ा दिया। जिसके बाद बाद आरोपी ने पीड़ित के खाते से मात्र 15 मिनट के अंदर अलग-अलग स्थानों से कुल 1.10 लाख रुपये निकाल लिए। जिसमें 70,000 की निकासी दीपक किराना स्टोर अलीगढ़ और 40,000 की निकासी अगवानपुर क्षेत्र से की गई।

थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक मनीष शर्मा ने बताया कि अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और साइबर थाने की सहायता से मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और ट्रांजेक्शन डिटेल्स के आधार पर आरोपी की पहचान करने में जुटी है।

## पुरानी करेंसी मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**डिलारी, अमृत विचारः** चेकिंग अभियान के दौरान पकड़ी गई 2 करोड़ की पुरानी करेंसी मामले में मुख्य आरोपी मेरठ के गांव मवाना निवासी मुख्य आरोपी परवेज खान को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

18 मई की रात थाना डिलारी पुलिस को गांव होशपुरा की पुलिया के पास 6 लोग कार में संदिग्ध अवस्था में बैठे दिखाई दिए। पुलिस देख तीन लोग भाग गए जबकि तीन लोगों अमरोहा निवासी यूपी पुलिस में सिपाही विक्की गौतम, रामपुर के थाना टांडा निवासी मोहम्मद यासीन. दिव्यांग मोहम्मद रियाज को गिरफ्तार कर लिया। फरार आरोपियों के नाम युसूफ, फैसल, सत्तार बताए गए। कार से बंद हो चुकी 2 करोड़ के नोट बरामद किए। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मुख्य आरोपी परवेज खान को पुलिस ने पकड़ लिया। तीन फरार की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# अंजुम की हत्या के आरोपी दूसरे पति को जेल भेजा

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** जिले के कुंदरकी थाना क्षेत्र में महिला का गला रेतकर गोली मार हत्या करने के मामले में पुलिस ने पति को गिरफ्तार करते हुए भेज दिया है जबकि पुलिस अन्य लोगों से भी हत्या के संबंध में पूछताछ कर रही है।

गुरुवार सुबह करीब 4:30 बजे के आसपास अंजुम की छत पर उसकी बच्चियों के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जिसमें पुलिस ने अंजुम के पिता अली हसन की शिकायत पर नगर कुंदरकी निवासी अंजुम के दूसरे पति हफीज, भाई खालिद व साथी फैसल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने शुक्रवार को हाफिज को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। मृतका अंजुम की पहले पति शादाब से दो बेटियां हैं। कई वर्ष पहले पहले पति से रिश्ता खत्म कर कुंदरकी निवासी हफीज के साथ निकाह कर लिया था। एक वर्ष तक साथ रहने के बाद इन दोनों में भी अनबन रहने लगी थी।वहीं आसपास के लोगों का कहना है कि हत्या में कुछ और भी लोगों के शामिल होने की आशंका है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप शेरावत ने बताया कि हत्या के एक आरोपी को जेल भेज दिया गया है। दो टीमें लगातार दबिश दे रहीं है।



पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी पति।

# ससुराल में युवक ने सास व पत्नी को पीटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्रताड़ना की शिकायत करने से नाराज युवक पहुंच गया ससुराल
- 50 हजार रुपये की मांग कर जान से मारने की दी धमकी

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में प्रताड़ना की शिकायत करने से नाराज युवक ने अपनी ससुराल पहुंच कर सास और पत्नी के साथ मारपीट कर डाली। आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए 50 हजार रुपये की मांग की। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

थाना मझोला के जयंतीपुर चौकी क्षेत्र के बिहारी वाली करूला निवासी जिनत पत्नी गुड्डू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 24 मई को उसकी बेटी को दामाद मारपीटकर घर से निकाल दिया। सुबह छह बजे इसकी शिकायत जयंतीपुर पुलिस चौकी पर की तो दामाद आरिफ भड़क गया। आरोप है कि बाद में आरिफ उनके घर आया और जिनत और उनकी बेटी और बेटे के साथ मारपीट करने लगा। उसने अपने बेटे का गला घोटकर मारने की भी कोशिश की। धमकी दी कि 50 हजार रुपये दो वरना तुम सब को जान से मार दूंगा। जिसके बाद पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### युवक के पैर पर ई-रिक्शे का पहिया चढ़ा विरोध करने पर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पैर पर ई-रिक्शा का पहिया चढ़ने का विरोध करने पर ई-रिक्शा चालक व उसके साथी ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसे धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना कटघर क्षेत्र के सीतापुरी डबल फाटक निवासी मोहित ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते दिवस वह अपने दोस्त संदीप के साथ कहीं जा रहा था। तभी संजय नगर में ज्वाला होटल के सामने उसकी टक्कर एक ई-रिक्शा से हो गई। पीड़ित का कहना है कि ई-रिक्शा अथर निवासी इस्लाम नगर चला रहा था। उसके साथ मौजूद रेहान ने मोहित के पैर पर वाहन का पहिया चढ़ा दिया। जब मोहित ने इसका विरोध किया तो दोनों ने मिलकर उसे बेल्ट और डंडों से पीटा और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर निकाला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव फौलादपुर निवासी शीतल देवी पुत्री प्रमोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 3 साल पहले कोतवाली क्षेत्र के गांव काला झंडा निवासी सत्येंद्र सिंह के साथ हुई थी। माता-पिता ने सामर्थ्य से अधिक दहेज दिया। इसके बावजूद ससुराली खुश नहीं थे। शादी के कुछ समय बाद ही ससुरालियों ने कार व 5 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। विरोध किया तो उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इस संबंध में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिस पर उसने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने यशवंत सिंह, सास बाला देवी, सत्येंद्र, सीटू, भूपेंद्र सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# फर्जीवाड़ा: समिति की जमीन बेच 1.44 करोड़ का गबन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कटघर स्थित किदवईनगर सहकारी आवास समिति की जमीन का मामला
- सहकारी अधिकारी आवास की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** कटघर थाना पुलिस ने आबिद नगर करूला निवासी रईस अली व गलशहीद के असालतपुरा निवासी सिकंदर हुसैन के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी और गबन का केस दर्ज किया है। मामला आवास एवं विकास परिषद के सहकारी अधिकारी( आवास) सतीश कुमार की तहरीर पर लिखा गया है। जिसमें आरोप है कि दोनों ने फर्जीवाड़ा करके समिति के पदाधिकारी पद पर कब्जा कर लिया। बाद में पंडित नगला स्थित किदवईनगर सहकारी आवास समिति की जमीन में से आठ भूखंड अपने लोगों को रजिस्ट्री कर दी। इसके अलावा समिति के खातों से भी पैसा निकाल लिया। आरोपियों ने कुल मिलाकर 1 करोड़ 44 लाख 10 हजार का गबन कर लिया।

आवास एवं विकास परिषद के सहकारी अधिकारी( आवास) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अपर आवास एवं अपर निबंधक उप्र आवास एवं विकास परिषद लखनऊ ने उन्हें रईस अली व सिकंदर हुसैन के खिलाफ जांच सौंपी थी। जांच में पाया गया कि दोनों ने 2016 के बाद किदरवई नगर सहकारी आवास समिति की जमीनों की रजिस्ट्री कर उससे प्राप्त धनराशि अपने पास रख ली। आरोपियों ने समिति की फर्जी मतदाता सूची तैयार कर फर्जीवाड़ा से ही चुनाव कराना दिखाकर खुद को अध्यक्ष व सचिव घोषित कर लिया। बाद में आरोपियों ने परिचितों को प्रबंध कमेटी का सदस्य बनाया और उन्हीं कमेटी मेंबरों को करोड़ों रुपये के बाजार मूल्य वाले भूखंडों का बैनामा कर दिया। जबकि जिन गैर सदस्यों को रजिस्ट्री कराई गई, वह कभी भी समिति के सदस्य थे ही नहीं। सदस्यता अभिलेखों के सत्यापन से इसका पता चला। आरोप लगाया कि रईस अली ने 1 करोड़ 5 लाख 20 हजार रुपये की कुल पांच जमीन बेची। इसके अलावा समिति के टाउनहॉल स्थित बैंक खाता से 1 लाख 66 हजार रुपये निकाल कर गबन कर लिए। इस तरह रईस अली ने कुल 1 करोड़ 6 लाख 86 हजार रुपये का गबन किया। इसी तरह सिकंदर हुसैन ने 37 लाख 24 हजार रुपये का गबन किया। कुल मिलाकर दोनों ने मिलकर सहकारी समिति की जमीन को खुर्दबुर्द करके 1 करोड़ 44 लाख 10 हजार रुपये हड़प लिए। इस संबंध में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर कटघर थाने में आरोपियों के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी, गबन में केस दर्ज किया गया है।

### रईस अहमद ने इन्हें दिए भूखंड

आरोपी रईस ने कुल पांच रजिस्ट्री की है। जिसमें देहरादून कारगी ग्रांड बंजारावाला निवासी सायरा मंसूरी पत्नी रफीक अहमद को 25 लाख 3 हजार में, करूला निवासी आफताब जहां पत्नी शकील अहमद के नाम से 18 लाख 54 हजार, ठाकुरद्वारा के मोहल्ला फतेउल्लागंज निवासी मोहसिन अमीर को 25 लाख 3 हजार रुपये लेकर, चौथी रजिस्ट्री बिलारी के ताहरपुर निवासी राबिल हुसैन को 18 लाख 30 हजार रुपये लेकर और पांचवीं करूला के आबिदनगर निवासी यास्मीन मंसूरी पत्नी रफीउद्दीन मंसूरी को 18 लाख 30 हजार रुपये लेकर की। खाते से भी 1 लाख 66 हजार निकाले।

## परीक्षा देने आई छात्रा लापता, युवक पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने मझोला थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी बेटी बीए फाइनल ईयर में है। 9 जून को वह दोपहर दो बजे घर से छोटे भाई के साथ परीक्षा देने के लिए केजीके कॉलेज गई थी लेकिन घर नहीं लौटी।

पीड़ित के अनुसार उनके बेटे ने कॉल करके बताया कि कॉलेज बंद हो गया, लेकिन दीदी नहीं आई। सहेलियों और परिचितों के यहां पता लगाया, लेकिन पता नहीं चला। आरोप लगाया कि रामपुर सिविल लाइंस के बढ़ापुरा निवासी रवि बेटी को अगवा करके ले गया है। इसमें आरोपी रवि की मां कैलाशो, भाई विजय ने साथ दिया है। आशंका जताई कि वह सभी बेटी के साथ अनहोनी कर सकते हैं। इस संबंध में थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश की जा रही है।

# रेस्टोरेंट में पास्ता में निकला कीड़ा, गुस्साया ग्राहक तो स्वीकारी गलती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शिकायत पर पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम

**अमृत विचार :** कांठ रोड स्थित एक प्रसिद्ध स्वीट्स एंड बेकर्स व रेस्टोरेंट में पास्ता में कीड़ा निकलने पर ग्राहक ने इसकी शिकायत संचालक से की। दूसरे ग्राहकों के नाराजगी जताकर हंगामा करने पर संचालक ने उस सामग्री को वापस कर लिया। वहीं मामले की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम पहुंची।

कांठ रोड पर पीएसी के समीप एक प्रतिष्ठित स्वीट्स एंड बेकर्स व रेस्टोरेंट में शुक्रवार को एक ग्राहक ने पास्ता का आर्डर किया। उसने खाने के लिए खोला तो उसमें कीड़ा निकल गया। उसे लेकर वह प्रतिष्ठान के संचालक के पास पहुंचा और शिकायत की। पहले तो उसने ना नुकुर करने की कोशिश की लेकिन अन्य ग्राहकों की नाराजगी देखते हुए उसने गलती स्वीकार कर सामग्री को वापस ले लिया। हालांकि इसकी शिकायत खाद्य सुरक्षा विभाग से की गई। जिस पर टीम पहुंची।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत मिलने पर टीम भेजी गई थी। टीम की जांच व रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई होगी। किसी को भी जन सामान्य के सेहत से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

# हाईवे पर टैंकर चालक की हार्ट अटैक से मौत

## सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी के निकट सड़क किनारे खड़ा था टैंकर

संवाददाता भोजपुर



मृतक चालक राजू।



इसी टैंकर में मृत अवस्था में मिला चालक। ● अमृत विचार

● चौकी इंचार्ज ने खिड़की खोलकर चालक को हिलाया तब पता चला

**अमृत विचार:** मुरादाबाद टांडा रामनगर रोड पर सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी के निकट सड़क किनारे खड़े टैंकर का चालक ड्राइविंग सीट पर मृत अवस्था में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

शुक्रवार सुबह मुरादाबाद टांडा रामनगर रोड पर स्थित सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी से बीस मीटर की दूरी पर 14 टायरा टैंकर खड़ा था। टैंकर में एथोनॉल भरा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टैंकर में कोई हलचल नहीं होने पर चौकी इंचार्ज पंकज राठी ने टैंकर के पास जाकर चालक को जगाने का प्रयास किया। पुलिस ने खिड़की खोलकर चालक को हिलाया डुलाया तब उसकी मौत का पता चला। लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने मृतक की जेब में रखे आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस देखा तो उसका नाम राजू सिंह (52) पुत्र राजेन्द्र पता पचपेड़ा बरेली का होने का पता चला। टैंकर मुरादाबाद निवासी गोपाल संस का बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने बताया कि बरेली निवासी चालक राणा शुगर मिल बेलबाड़ा से एथोनॉल भरकर गुरुवार की रात को दस बजे हरियाणा के रेवाड़ी के लिए चला था। संभवतः चालक को दिल का दौरा पड़ा तो उसने वाहन को सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी के निकट सड़क के किनारे खड़ा किया। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। पीएम रिपोर्ट में चालक की मौत हार्ट अटैक पड़ने की पुष्टि हुई है।

# संदिग्ध हालात में पेड़ से लटका मिला ऑटो चालक का शव

संवाददाता, बिलारी

● हफ्तेभर से घर नहीं लौटा था जसरथपुर गांव का जोगराज

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जसरथपुर पलिया में जंगल में यूकेलिप्टस के पेड़ से युवक का शव लटका हुआ मिला। सूचना पर पुलिस ने फॉरेंसिक टीम से साक्ष्य एकत्र कराए। जिसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया गया।

शुक्रवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जशरथपुर पलिया में ग्रामीणों ने पुलिस को पेड़ से शव लटके होने की जानकारी दी थी। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने घटनास्थल का मुआयना किया। जिसके बाद शव की पहचान जसरथपुर गांव के ऑटो चालक जोगराज (35) पुत्र कल्याण सिंह के रूप में हुई। फॉरेंसिक टीम ने जांच की। शव पेड़ से नीचे उतार पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया गया। ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। मृतक की पत्नी कमलेश भी परिवार सहित पहुंच गई। रो-रो कर बुरा हाल हो गया। जानकारी के मुताबिक मृतक जोगराज का मोहल्ले में ही किसी से विवाद हुआ था इसके बाद वह एक हफ्ता से घर नहीं लौटा था गुरुवार की सुबह उसका शव पेड़ पर लटका हुआ मिला। कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या प्रतीत हो रही है, शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# कमेटी ने बार काउंसिल को भेजा बराबर मतों का ब्योरा



बैलट पेपर सील करती एल्डर कमेटी।

**कांठ, अमृत विचार:** कांठ तहसील बार एसोसिएशन वर्ष 2025-26 के चुनाव में कांटे की टक्कर के उपरांत मतगणना में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रमोद कुमार शर्मा एवं उनके प्रतिद्वंदी प्रदीप कुमार एडवोकेट ने एक मत कैंसिल होने के उपरांत 55-55 मत प्राप्त किए हैं।

एल्डर कमेटी द्वारा दोनों पक्षों को समझाने के उपरांत कोई निर्णय नहीं निकलने पर एल्डर कमेटी ने समस्त ब्योरा बार काउंसिल ऑफ यूपी को भेज दिया है। कमेटी के शहजाद रफी खान, ने बताया कि बार काउंसिल की बैठक में समस्त पहलुओं पर विचार कर इस संबंध में कोई निर्णय लिया जाएगा। इस निर्णय पर अमल करने के लिए एल्डर कमेटी वाध्य होगी।

# कांग्रेसियों ने दिवंगतों के प्रति व्यक्त की शोक संवेदना

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** अहमदाबाद विमान हादसे में 241 लोगों की मौत पर कांग्रेसियों ने शोक जताया। पूर्व नगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।


नगर के पूर्व नगर अध्यक्ष शमीम चौधरी के कार्यालय पर शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान शमीम चौधरी ने कहा कि यह हादसा बेहद हृदय विदारक और स्तब्ध कर देने वाला है। उन्होंने कहा कि ऐसी दुखद घड़ी में समाज को एकजुट होकर संवेदना प्रकट करनी चाहिए। हम सभी का मानवीय कर्तव्य है कि हम पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हों। शोक सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान सभी लोगों ने गहरी संवेदना प्रकट की और पीड़ित परिवारों के साथ खड़े होने का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन सलमा आगा, शरीफ आजाद, अब्दुल्ला अंसारी, नाजिम गांधी, मोहम्मद दीन, रईस मास्टर, इंतेज़ार क़ुरैशी, यासीन क़ुरैशी, हाजी मुस्तकीम, शरीफ अहमद, इदरीस कस्सार, उमर सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।



फोटो 2 विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते कांग्रेसी

# विमान हादसे के मृतकों को सपाइयों ने दी श्रृद्धांजलि



कार्यालय पर मौन धारण कर मृतकों को श्रद्धांजलि देते सपा विधायक फहीम व अन्य।

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचारः** नगर में सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस पर शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के मृत यात्रियों एवं हादसे की चपेट में आए मेडिकल स्टाफ के मृतकों के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि दुर्घटना में हताहत हुए लोगों और उनके परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं है। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने अल्लाह व भगवान से दुआ की कि शोकाकुल परिवार को कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान सपा विधायक ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेशानुसार तीन दिन तक के लिए रद्द कर दिए है।

इस अवसर पर हाजी मौ उस्मान एडवोकेट, अनवार अली, सद्दाम प्रधान, वासिक अंसारी, विनोद, दारा सिंह गौतम, विनोद जाटव, लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव, महेन्द्र श्रीवास्तव , रूप किशोर कश्यप, अनवार मलिक, इकबाल अहमद, नदीम खान, अनुज भटनागर, सतेन्द्र चौधरी, सुमित शर्मा, पुलकित शर्मा, बादशाह, मौ मारूफ, सालिम आदि मौजूद रहे।

# शोक संतृप्त परिवारों के साथ खड़ा है देश का हर नागरिक

**कुंदरकी, अमृत विचारः** शुक्रवार को किसान पब्लिक इंटर कॉलेज कुंदरकी में छात्र-छात्राओं द्वारा अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले देश-विदेश के नागरिकों के लिए 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। एनसीसी के एएनओ लेफ्टिनेंट विनीत कुमार ने कहा कि विमान हादसा देश को झकझोर कर देने वाली घटना है।

हादसे में जान गंवाने वाले परिवार के लोगों के लिए हम सब की संवेदनाएं हैं।



शोक संवेदना व्यक्त करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## अहमदाबाद घटना पर मेडिकल एसो. ने जताया शोक

**बिलारी, अमृत विचार :** इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन बिलारी ने दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में हुई मौतों पर गहरा शोक व्यक्त किया। वक्ताओं ने शोकसभा में कहा कि यह हादसा न केवल पीड़ित परिवारों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट करते हैं। सभा में डॉ.तिलक राज आहुजा, डॉ. विश्वास शर्मा, डॉ. आशुतोष शुक्ला, डॉ. बिलाल अकबर, डॉ. मनीष अग्रवाल, डॉ. मनोज चौधरी, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. देवेंद्र शर्मा, डॉ. अरुण राघव, डॉ. सनी कश्यप, डॉ. जनक शर्मा, डॉ.सरोज कुशवाहा, डॉ.मनीषा शुक्ला, डॉ. सोनिया आहूजा आदि मौजूद रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र हेमराज उर्फ हनी को गलत संगत में पड़ जाने के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये हैं भविष्य में वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **जगदीश कुमार पुत्र छोटेलाल नि. हसनपुर जिला संभल**

**सूचना**

मैंने अपना नाम JAANE ALAM से बदलकर JANE ALAM पुत्र LALLA पता VILL. POST NAGALIYA AQIL जिला रामपुर रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**सूचना**

पहले मेरा नाम Yakut Ali था, अब मैंने अपना नाम बदलकर Yaqoot Ali पुत्र Sabir ALI निवासी मोहल्ला नज्जूपुरा टांडा रामपुर का रहने वाला हु। मुझे भविष्य में Yaqoot Ali पुत्र Sabir ALI नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मैंने अपना नाम SABIRA BI से बदलकर SAVRA BEGUM पत्नी JANE ALAM पता VILL. POST NAGALIYA AQIL जिला रामपुर रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# जीवन एक नाटक, हम सब उसी के पात्र: आचार्य शिव शंकर

संवाददाता, बिलारी



श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● श्रीमद् भागवत कथा में भक्ति रस से भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**अमृत विचार:** नगर के शिव मंदिर बच्चा बाग में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने गज और ग्राह, समुद्र मंथन, राम और कृष्ण जन्म का प्रसंग बड़े ही मार्मिक ढंग से सुनाया। आचार्य पंकज शंखधार में व्यास पीठ का पूजन कराया। जिसमें साहू राजीव सहाय, मोहनलाल शर्मा, मुन्ना श्रोत्रिय ,अखिलेश श्रीवास्तव, ताराचंद शर्मा आदि शामिल रहे। ढोलक पर संगत बनवारी लाल शास्त्री कर रहे हैं।

कथा प्रसंग में कथा व्यास ने कहा कि जीवन एक नाटक के समान है और हम सभी लोग अपनी भूमिका कर रहे हैं। कहा मुसीबत में केवल परमात्मा ही काम आते हैं वह भी सच्चे मन से याद करने पर, अन्यथा कुटुंबी, मिलने वाले, मित्र भी साथ छोड़ जाते हैं , इसलिए सांसारिक झमेले में नहीं पड़ते हुए एक मजबूत नाता परमात्मा से ही जोड़ना श्रेयस्कर है। ठीक यही गज के साथ हुआ उनके परिवरीजन भी साथ छोड़ गए और अंत में सच्चे मन से पुकारने पर नारायण ने ही उनकी सहायता की। जिस प्रकार महाराज विभीषण ने लंका में अधर्म का साथ छोड़कर परमात्मा की शरण ली तो प्रभु राम ने उन्हें लंका का सम्राट बना दिया। समुद्र मंथन में पहले विष का भरा हुआ घड़ा निकला तब देवताओं ने सोचा कि कौन पिए क्योंकि उसकी एक बूंद भी सर्वनाश करने वाली थी। देवता समाधान हेतु भगवान शिव के पास गए। तब भगवान शिव ने महाकाल के रूप में उसे अपने गले में ही रोक लिया। आज का मानव विष तो क्या कड़वी बात भी सहन नहीं करता। अयोध्या धाम में श्री राम के साथ चारों भाइयों के प्रकट होने की कथा व कंस का वध कर धर्म की रक्षा हेतु श्री कृष्णा द्वारा जन्म लेने का प्रसंग भी सुनाया। कथा में चारू शर्मा, कमल कुमार शर्मा, शिवांगी कौशिक, आशुतोष कौशिक, अशोक कुमार, प्रीति शर्मा, सर्वेश कुमार शर्मा, ललिता शर्मा, जगत नारायण शर्मा, रामरूप शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा आदि शामिल रहे।

## बच्चों ने लिया बारिश का लुत्फ

**बिलारी, अमृत विचार :** पिछले एक हफ्ते से लगातार पड़ रही चिलचिलाती गर्मी से आमजन जूझ रहा था।, गर्मी के आगे ऐसी ,कूलर, पंखे सब फेल हो गए थे। वहीं शुक्रवार की दोपहर से शुरू हुई मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं से मौसम खुशनुमा हो गया बड़े बूढ़े और बच्चे सभी बारिश का लुत्फ लेते नजर आए और गर्मी से कुछ घंटे के लिए ही निजात मिल पाई शाम होते-होते गर्मी फिर से अपने चरम पर पहुंच गई। हालांकि बारिश काफी तेज हुई थी जगह-जगह जल भराव हो गया था

## अपहरण में वांछित गिरफ्तार

**भोजपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को उप निरीक्षक अजय दुबे ने गांव लालू वाला निवासी उरमान पुत्र रजुआ को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 8 जून को ग्रामीण ने नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में केस दर्ज कराया था।

# कृषि वैज्ञानिकों ने किया खेतों का निरीक्षण

संवाददाता, कांठ



क्षेत्र के एक गांव में खेत का निरीक्षण करते वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

● किसानों को रोग की पहचान और बचाव की विधियां बताईं

**अमृत विचार:** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के विशेषज्ञों की टीम ने मुरादाबाद जिले के अगवानपुर और रानीनांगल चीनी मिल क्षेत्रों के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर गन्ना फसल में फैले अर्ली शूट बोरर, टॉप बोरर, थ्रिप्स, स्मट और लाल सड़न जैसे रोगों का निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों को लाल सड़न रोग की पहचान और उसके बचाव की विधियां बताई गईं।

शुक्रवार को गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के पादप रोग विशेषज्ञ सुजीत प्रताप सिंह व पादप प्रजनक डॉ अरविंद कुमार ने गन्ना फसल में अर्ली शूट, बोरर टाप, बोरर, थ्रेयस, स्मट एवं लाल सड़न रोग से प्रभावित चीनी मिल अगवानपुर के ग्राम बैरमपुर, फत्तेपुर, महेन्द्री, चोहरा, मल्लीवाला, लदावली, कूड़ा मीरपुर, चक हमीरपुर, कोकरपुर एवं चीनी मिल रानी नांगल के विभिन्न ग्रामों में गन्ने के विभिन्न रोगों से प्रभावित ग्रामों में किसानों से वार्ता की गई। इस दौरान लाल सड़न रोग की पहचान व बचाव की जानकारी दी गई। लाल सड़न में गन्ने की गोफ में तीसरी चौथी पट्टी के बीच वाली धारी पर हल्के भूरे रंग की मोतियों की माला जैसी बनने लगती है और पत्ती पीली पड़कर सूखने लगती है। सूंघने पर सिरके जैसी गन्ध आती है। इस दौरान जिला गन्ना अधिकारी राम किशन, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक शिराज मलिक, हसमुल हसन, चीनी मिल अगवानपुर के गन्ना प्रबंधक राजपाल सिंह, सहायक गन्ना प्रबंधक एनसी पंत, चीनी मिल रानी नंगल के महा प्रबंधक टीएस सहित कई किसान उपस्थित रहे।

# अपात्रों के निरस्त कर पात्रों के बनाए जाएंगे राशन कार्ड

संवाददाता, कांठ

● एसडीएम ने ली सत्यापन कर्मियों की बैठक

**अमृत विचार:** अपात्रों के राशन कार्ड निरस्त कर पात्रों के राशन कार्ड बनवाए जाएंगे। इसके लिए शासन और खाद्य रसद विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर एसडीएम ने सत्यापन कर्मियों की टीम गठित कर उन्हें राशन कार्डों का सत्यापन कर रिपोर्ट तहसील कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

शासन एवं खाद्य रसद विभाग के निर्देश पर डीएम, डीएसओ ने एसडीएम व पूर्ति निरीक्षक को राशन कार्डों का सत्यापन करने के लिए टीम गठित कर राशन कार्ड का सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। सत्यापन टीम में लेखपाल, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व अन्य विभाग के कर्मचारियों को लगाया गया है। इसके अलावा ब्लॉक एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। शुक्रवार को एसडीएम कांठ संत दास पवार ने टीम की बैठक ली और उन्हें पात्र राशन कार्ड धारक एवं अपात्रों के बारे में जानकारी दी। कहा कि आपात्रों के राशन कार्डों का सत्यापन कर उनके राशन कार्ड काटे जाएं और जो जरूरतमंद हैं, उनके कार्ड बनवाए जाएं। कहा कि सत्यापन कार्य नोडल अधिकारियों की निगरानी में पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर पूर्ति निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा सत्यापन कर्मी एवं नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

# सार-संक्षेप

## पाइप लाइन फटने से सड़कों पर बह रहा पानी



**कांठ, अमृत विचार :** नगर में पानी की पाइप लाइन फटने से राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। सड़क पर पानी बहने के कारण आवागमन में दिक्कत हो रही है। अवनी गैस एजेंसी के पास पाइप लाइन फटने से सड़क पर पानी जमा हो गया है। जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। दो पहिया वाहन और पैदल चलने वाले लोग इस समस्या से प्रभावित हो रहे हैं। पानी जमा होने से आसपास के दुकानों में गंदा पानी पहुंच रहा है। जिससे दुकानदारों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासियों ने इस समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया है लेकिन समाचार लिखे जाने तक पाइप लाइन को ठीक नही करवाया गया था। सड़क पर पानी जमा होने से मच्छर भी बढ़ गए हैं। पाइप लाइन फटने की समस्या आए दिन कहीं ना कहीं लगी रहती है। लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नही हो सका। यह समस्या नागरिकों के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है और इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाना चाहिए।

## शिकायत पर जांच करने सरथल गांव पहुंची टीम



**बिलारी, अमृत विचार :** ग्राम प्रधान द्वारा विकास कार्यों में बरती जा रही अनियमितता को लेकर ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के बाद जिले से जांच टीम सरथल गांव में पहुंची। जहां उन्होंने शिकायतकर्ता ग्रामीणों के साथ गांव में घूम कर उनकी शिकायतों को देखकर जांच रिपोर्ट तैयार की। बिलारी के गांव सरथल के रहने वाले ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायत की थी। जिसमें आरोप था कि ग्राम प्रधान ने गांव में विकास कार्य नहीं कराया, जबकि कई सड़कों में पुरानी ईटों का प्रयोग किया गया। इसके अलावा अभिलेखों में कार्य कराए गए। जो मौके पर हुए नहीं थे। इन आरोपों की जांच को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार के अलावा सहायक अभियंता आरईडी मुरादाबाद को जांच दी गई थी। टीम जांच के लिए पहुंची तो ग्रामीण पहुंच गए। इस बीच टीम ने गांव का भ्रमण किया। ग्रामीणों द्वारा बताई गई जगह पर पहुंचकर जांच रिपोर्ट तैयार की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट के मुताबिक ही आगे की कार्रवाई को जिले को रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

## नगर पालिका के नाले की होगी सफाई, हटेगा अतिक्रमण

**बिलारी, अमृत विचार :** वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले नगर पालिका ने नालों की सफाई के लिए अभियान चलाया जोकि लगातार जारी है। कई वर्षों से बंद पड़े तथा क्षतिग्रस्त हुए नगर पालिका के नालों पर लोगों तथा दुकानदारों ने अवैध अतिक्रमण कर कब्जे कर रखे हैं। नगर को जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका कई नालों को दोबारा बनवाने जा रही है। शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव व पालिका टीम ने नालों के ऊपर निशान लगाकर लोगों से अपील करते हुए एक हफ्ते का समय देकर कहा कि नालों के ऊपर किए गए अतिक्रमण व अवैध कब्जों को खुद ही हटा लें अन्यथा जेसीबी चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। पालिका अध्यक्ष ने टीम को निर्देश दिए नालों पर निशान लगाकर चिन्हित करने वाला काम सबसे पहले उनके आवास से शुरू किया जाए। पालिका अध्यक्ष अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने बताया कि वर्षों से बंद पड़े व क्षतिग्रस्त हुए नाले दोबारा बनाए जा रहे हैं जो कि 3 मीटर चौड़ा तथा 5 मीटर ऊंचे होंगे। जिससे नगर में जल भराव की समस्या से निजात मिल सके। कार्य लगभग एक हफ्ते में शुरू कर दिया जाएगा। खबर सुनते ही दुकानदारों में खलबली मच गई।

## एसडीओ से मिले ट्रिपिंग से परेशान उपभोक्ता

**भोजपुर, अमृत, विचार :** बिजली की आंख मिचौली से परेशान लोगों ने शुक्रवार को विद्युत उप केंद्र पीपलसाना पहुंचकर एसडीओ और जेई से मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि मांग बढ़ने और बिजली चोरी की वजह से सुचारू रूप से रोस्टर के मुताबिक बिजली नहीं मिल रही है। उप खंड अधिकारी राजेश कुमार प्रजापति ने नेतृत्वकर्ता पूर्व जिला योजना समिति के सदस्य मौ नदीम चौधरी से कहा कि भीषण गर्मी और बरसात नहीं होने की वजह से बिजली की मांग बढ़ी हुई है। उसपर ग्रामीण बिजली चोरी कर रहे हैं। एसडीओ ने बताया गुरुवार को पीपलसाना फीडर पर 225 एम्पीयर लोड चल रहा था। जब पुलिस बल को लेकर गांव में चेकिंग की गई तो लोड कम होकर 150 रह गया। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि लोग भारी संख्या में बिजली की चोरी कर रहे हैं।

## यज्ञ में दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** श्री बालाजी शक्तिपीठ धर्मार्थ ट्रस्ट रामपुर बलभद्र द्वारा तीन दिवसीय बालाजी यात्रा के दौरान दूसरे दिन तीन दिवसीय यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर घर परिवार की सुख शांति की प्रार्थना की। जिला दोसा की ग्राम पंचायत मेहंदीपुर बालाजी में स्थित रानी झांसी धर्मशाला में महंत विक्रम यादव द्वारा तीन दिवसीय का आयोजन किया गया। यज्ञ का आयोजन श्री बालाजी शक्तिपीठ धर्मात्र ट्रस्ट की प्रमुख सेविका प्रिया यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर जसपुर महंत राजीव कुमार राणा, महंत सोमपाल सिंह, संजू, मुकेश कुमार गोला, पवन कुमार, महेंद्र सिंह, आदेश कुमार ,सोमपाल सिंह ,कपिल कुमार ,यश चौधरी, हरिचंद पाल, राजेंद्र सिंह, दीपक कुमार, कार्तिक यादव, हर्षित पाल, जसपुर महंत अनीता राणा, ट्रस्ट की अध्यक्ष ज्ञान सती देवी, रिंकी चौधरी, रेनू चौधरी आदि शामिल रहे।

## बच्चों का वजन कर माताओं को करें जागरूक

**छजलैट, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृ दिवस पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियमित टीकाकरण व कुपोषण को दूर करने के लिए बच्चों का वजन कर उन्हें कुपोषण से बचाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। शुक्रवार को बाल विकास कार्यालय छजलैट पर मौजूद आंगनबाड़ियों को संबोधित करते हुए बीपीएम चंद्रशेखर यादव ने कहा कि प्रत्येक माह की एक एवं 9 तथा 16 एवं 24 तारीख निर्धारित की गई है। इसमें गर्भवतियों का अल्ट्रासाउंड व अन्य जांच सीएचसी कांठ में नि :शुल्क कराएं। इस बात का ध्यान रखें कि कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों का वजन होना चाहिए और उनके अच्छे खान-पान के लिए माता को जागरूक करें। जिससे कुपोषण को जड़ से मिटाया जा सके। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी निगार अंजुम ने कहा कि विभाग द्वारा जो भी अभियान चलाए जा रहे हैं। उनका गंभीरता से अनुपालन कराया जाए। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह, मुख्य सेविका अनिता कुमारी, सविता, बबली, मुन्नी, मिथिलेश, बबीता, राजवती, संजू देवी, आयशा खातून आदि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहे।

## मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से बढ़ रही बीमारियां

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में शुक्रवार को डिजिटल तनाव विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के अंतर्गत क्रीड़ा विभाग द्वारा किया गया। जिसमें छात्राओं को मोबाइल फोन से होने वाले स्वास्थ्य जोखिम के बारे में बताया गया। प्राचार्य प्रो चारु मेहरोत्रा ने कहा कि नि :सन्देह मोबाइल हमारे लिए बेहद उपयोगी है, लेकिन इसके असीमित प्रयोग से सदा बचने की आवश्यकता है। इसका अत्यधिक प्रयोग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अहितकारी है। मौजूदा दौर में फोन चलाना जैसे कोई बीमारी बन गई है, जिसकी चपेट में सभी आ चुके हैं। मोबाइल फोन के साथ कुछ स्वास्थ्य जोखिम भी जुड़े हैं। शारीरिक व्यायाम की कमी, नींद की कमी, सिरदर्द भी कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं जो मोबाइल फोन के इस्तेमाल से बढ़ रही है। आज अपनों से दूरी का मुख्य कारण भी मोबाइल बनता जा रहा कार्यक्रम का संयोजन व संचालन क्रीड़ा विभाग प्रभारी शिवानी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सविता अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. किरण साहू, डॉ. प्रीति पांडे, डॉ. रेनू शर्मा, तबस्सुम और छात्राएं उपस्थित रहीं।

## कार में झगड़ा करते चार आरोपी गिरफ्तार

**डिलारी, अमृत विचार :** सिविल लाइंस रामपुर निवासी रफी उल हसन जनता कॉलोनी थाना सिविल लाइंस सोनीपत हरियाणा निवासी मोहित कुमार, गांव अतरासी थाना रजतपुर जनपद अमरोहा निवासी फरीद दिल्ली निवासी महेश डिलारी मार्ग पर शुक्रवार को कार में सवार होकर मारपीट करते चले जा रहे थे। जैसे ही कार थाना डिलारी के सामने पहुंची बैठे एक व्यक्ति ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए कार रुकने पर शोर मचा दिया। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। थाना प्रभारी डिलारी मनोज कुमार ने बताया कि चारों पैसों के लेनदेन को लेकर झगड़ा कर रहे थे।

## एक नजर

### बार सभागार में हुई शोक सभा

रामपुर, अमृत विचार : शुक्रवार को बार सभागार में शोक सभा हुई, जिसमें अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में 200 से अधिक लोग तथा पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी के निधन से पूरे अधिवक्ता समाज में शोक की लहर छा गई। उसके बाद अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण किया। अध्यक्षता सतनाम सिंह मट्टू ने की। संचालन महासचिव ठाकुर कौशलेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर नील कुमार राजपूत, रोहित कुमार, अरविंद कुमार सैनी, रोहित कुमार शर्मा मौजूद रहे।

### लाइन मैन पर अवैध वसूली का आरोप

मिलक, अमृत विचार : क्षेत्र के कल्यानपुर निवासी नन्ने ने लाइन मैन पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए उपखंड अधिकारी से शिकायत की है। उन्होंने शिकायती पत्र में कहा है कि लाइनमैन सूरजपाल रात के समय में पास के गांव से लाइन काट देता है और लाइन जोड़ने के नाम पर पैसों की मांग करता है। ग्रामीणों द्वारा लाइन जोड़ने की विनती करने पर गालियां देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्यूबेल मालिक से पैसे लेकर रात के समय में गांव की लाइन से ट्यूबेल की लाइन जोड़ देता है। उन्होंने उपखंड अधिकारी से कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र पर चरन सिंह, राशिद, अनिल कुमार, कृपाल सिंह, छत्रपाल, सुरेश बाबू, राम सिंह, सेवा राम, कल्लू खां, अमित आदि के हस्ताक्षर हैं।

### यतीमखाने मामले में 18 जून को होगी सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : आजम खां से जुड़े यतीमखाने से जुड़े मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। अब इस मामले में 18 जून को सुनवाई होगी। सपा शासनकाल में तोपखाना में बने मकानों पर बुलडोजर चलवा दिया था। उसके बाद इस मामले में आजम खां सहित कई सपाइयों को आरोपी बनाया गया था। इस मामले में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी गई थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। शुक्रवार को भी इस मामले में सुनवाई हुई। जहां बचाव पक्ष ने रिकार्ड दाखिल किया। इसके अलावा डूंगरपुर से जुड़े मामले में गवाह के बयान दर्ज हुए। अब यतीमखाने मामले में अगली सुनवाई 18 जून को होगी।

## वसुधैव कुटुम्बकम और अद्वैत वेदांत का बजाया बिगुल, कर्मों की शुद्धता पर ध्यान देने को कहा

# राजर्षि भूपेन्द्र मोदी ने मठ को विश्व शांति का बताया केंद्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



भूपेंद्र मोदी को सम्मानित करते संस्थाओं के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : राजर्षि मोदी ने कहा कि जगतगुरू आदिशंकरा मठ अद्वैत वेदांत के शाश्वत दर्शन पर आधारित है, जिसका उद्देश्य विश्व शांति का वास्तविक मार्ग प्रशस्त करना है। उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम के उद्घोष के साथ मठ को विश्व बंधुत्व, हिंदू एकता और आध्यात्मिक जागरण का केंद्र बताया।

मोदीपुर में शुक्रवार को राजर्षि भूपेन्द्र मोदी ने जगतगुरू आदिशंकरा मठ की स्थापना की। इस मठ की स्थापना के साथ ही मोदीपुर वैश्विक आध्यात्मिक चेतना के नए युग में प्रवेश कर चुका है। राजर्षि मोदी ने कहा कि इस मठ में सूर्य देवता की उपासना के माध्यम से एक प्रत्यक्ष और शाश्वत सत्ता से जुड़ने का संदेश दिया जाएगा। हिंदू धर्म जीवन को सकारात्मक और कर्मप्रधान बनाने की प्रक्रिया है। राजर्षि मोदी ने भगवद् गीता का संदर्भ देते हुए कहा कि कर्म योग का वास्तविक अनुसरण तब होता है जब व्यक्ति जीवन के अनुभवों से परिपक्व हो जाए। 75 वर्ष की आयु के बाद असली सन्यास का समय आता है, जब व्यक्ति जीवन का सार कर्म और त्याग में ढालता है। हिंदू समाज का आह्वान किया कि सम्पूर्ण विश्व को परिवार के रूप में मानें। सूर्य देवता को शाश्वत सत्य के रूप में स्वीकारें और कर्मों की शुद्धता पर ध्यान दें। मृत्यु के समय मन की स्थिति अगले जन्म का आधार बनती है। उन्होंने जीवन में संतुलन और आंतरिक शांति को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने जानकारी दी कि मठ के संचालन के लिए विश्वभर से 500 समर्पित हिंदुओं का समूह तैयार किया है, जो धर्म की रक्षा और प्रसार का कार्य करेगा। मोदी ग्रुप की वाइस चेयरमेन शिवानी श्रीवास्तव ने लोगों की जिज्ञासाओं को मंच पर रखा, जिनका उत्तर राजर्षि मोदी ने अत्यंत सहजता और गहराई से दिया। कार्यक्रम का समापन विश्व शांति और धर्म के पुनर्जागरण के संकल्प के साथ हुआ। संचालन डॉ. शीनू जैन और शिवानी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के प्रांतीय समन्वयक रविन्द्र गुप्ता, सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी की फाउंडर सानिया गुप्ता, समाज सेविका अलका जैन, रानी गुप्ता, श्री हरिआदर्श रामलीला कमेटी के महामंत्री राकेश जुनेजा, समर्पण संस्था के संस्थापक सुमित अग्रवाल, मधु अग्रवाल, ईशान अग्रवाल, अंशिका अग्रवाल, सीमा खंडेलवाल रहे।

# बारिश से कुछ देर मौसम रहा खुशगवार

## 18 जून तक रामपुर और आसपास के क्षेत्र में गरज के साथ बारिश का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे से गरज के साथ झमाझम बारिश से मौसम खुशगवार हो गया। आधा घंटा बारिश होने के बाद सूर्य देव निकल आए और शाम तक लोग पसीना-पसीना होते रहे। इसके बाद कूलर और पंखे भी बेअसर रहे। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 18 जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के रामपुर, बिजनौर, सहारनपुर, पीलीभीत आदि जिलों में तेज हवा व गरज के साथ हल्के से मध्यम वर्षा एवं अन्य सभी जिलों में बूंदाबांदी से हल्की बारिश के आसार हैं। जुमे की नमाज के बाद शहर की जामा मस्जिद में बारिश के लिए दुआ हुई।

दोपहर में कुछ देर को बारिश होने के बाद पूरे दिन उमस बढ़ने के कारण लोग पसीना-पसीना होते रहे। गर्मी बढ़ने के बाद ठंडे पेय पदार्थों के कारोबार में तेजी से आने से कारोबारी खुश हैं। शुक्रवार को दिन में पिछले दिनों के सापेक्ष पारा तो लुढ़का लेकिन, उमस भरी गर्मी के कारण लोग बेचैन रहे। हालांकि, बारिश के बाद किसानों ने राहत की सांस ली है। बारिश को धान, मेंथा और गन्ने के लिए कृषि वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मीकांत ने फायदेमंद बताया।



बारिश से बचने के लिए अंगोछे का सहारा लेते बाइक सवार।



बारिश से बचने के लिए छाता लगाए खड़ा राहगीर।

### हाल-ए-मौसम

अधिकतम तापमान- 38 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम तापमान- 29 डिग्री सेल्सियस
आर्द्रता- 63प्रतिशत
वायु वेग- 8 किमी. प्रतिघंटा

आने वाले दिनों में गरज, चमक तेज हवा, धूल भरी आंधी के साथ वर्षा की संभावना है। किसानों को फसलों की सिंचाई और रासायनिक खाद फसलों में डालने से बचने की सलाह दी जाती है।
-डॉ. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

● **जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद बारिश के लिए हुई दुआ**

पिछले सप्ताह पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार रहा है लेकिन, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद मौलाना फैजान खां ने बारिश के लिए दुआ कराई।

## ट्रांसफार्मर में फाल्ट से दो मोहल्लों में अंधेरा

बिलासपुर, अमृत विचार : ट्रांसफार्मर में फाल्ट से नगर के दो मोहल्लों में रात भर अंधेरा रहा। गर्मी से बेहाल लोगों ने बिजली कटौती को लेकर आक्रोश जताया।

भीषण गर्मी में बिजली कटौती जहां लोगों के लिए सिर दर्द बनी हुई है। वहीं, आएदिन ट्रांसफार्मरों और लाइनों में हो रहे फाल्ट भी विभाग के लिए मुसीबत बने हुए हैं। इसी बीच गुरुवार रात नगर में एसडीएम कोर्ट कालोनी के निकट लगे ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो गया। फाल्ट से मोहल्ला एसडीएम कोर्ट कालोनी, हरिनगर कालोनी और पंजाबी कालोनी सहित आदि मोहल्लों में अंधेरा छा गया। आपूर्ति बाधित होने की वजह से घरों में बैठे लोग भीषण गर्मी और उमस से बिलबिला उठे। लोग अपने-अपने मकानों की छतों पर टहलते रहे। रातभर आपूर्ति बाधित रहने की वजह से लोग बेहाल हो उठे। साथ ही लोग देर रात बिजली घर को फोन घुमाते रहे लेकिन, फोन रिसीव नहीं किया गया। इस दौरान मोहल्लेवासियों ने आरोप लगाया कि निगम के अधिकारी रात्रि में ही बिजली की कटौती करते हैं। 24 घंटे में मात्र नौ घंटे आपूर्ति हो रही है।

## सार-संक्षेप



### जल्द बनेगा बलजीत सिंह के नाम से स्मारक

रामपुर, अमृत विचार : कारगिल शहीद सरदार बलजीत सिंह के स्मारक बनाने की मंजूरी मुख्यमंत्री द्वारा प्राप्त हुई है। कुछ दिनों पहले वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी और उन्हें बताया था कि शहर में कारगिल शहीद बलजीत सिंह का परिवार रहता है। उनकी शहीदी पर जो घोषणाएं हुई थीं वह अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। शहीद बलजीत सिंह के नाम का एक स्मारक बनवाया जाए। जिस पर मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिस पर नगर पालिका की ओर से जगह चिह्नित कर ली गई है। बहुत ही जल्द कारगिल शहीद बलजीत सिंह का स्मारक बनाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष ने बताया जल्दी यह प्रस्ताव नगर पालिका की बोर्ड में रखा जाएगा। इसके बाद बरेली गेट पर बलजीत सिंह का स्मारक बनाया जाएगा। इस मौके पर अध्यक्ष सरदार निर्मल सिंह, मनमीत सिंह, गुलशन अरोड़ा, सनी कपूर, दविंदर सिंह मौजूद रहे। नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा भी जगह का निरीक्षण किया गया।




### एडीजी जीआरपी ने देखी रजा लाइब्रेरी

रामपुर, अमृत विचार : एडीजी जीआरपी रेलवे प्रकाश डी शुक्रवार को फोर्स के साथ रामपुर पहुंचे। उसके बाद वह अधिकारियों के साथ रजा लाइब्रेरी पहुंचे। उन्होंने काफी समय वहां पर बिताया। उसके बाद उनको एसपी रेलवे आशुतोष शुक्ला और सीओ रेलवे ने रामपुर चाकू देकर सम्मानित किया। इस दौरान जीआरपी प्रभारी मुकेश कुमार और अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



### घर-घर योग का लिया संकल्प

रामपुर, अमृत विचार : आदर्श कालोनी के रामलीला मैदान में पतंजलि योगपीठ की महिला प्रकोष्ठ की शुक्रवार को बैठक हुई। जिसमें योग पर सभी लोगों ने विचार व्यक्त किए। कहा कि घर-घर योग जन-जन योग का उद्घोष कर संकल्प लिया। इस मौके पर मधु, गुगलानी, अनीता शुक्ला, वन्दना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, गीतांजलि, अंतरा, योगिता, कमलेश, सरिता, मिथलेश, इनिदरा रेनू, नीना आदि मौजूद रहे।

### मृत शिक्षक के परिजनों का करेंगे सहयोग

रामपुर, अमृत विचार : शिक्षक संगठन के जिला संयोजक अनुपम कुमार पटेल के नेतृत्व में नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बाकर स्कूल में कार्यरत दिवंगत शिक्षक साथी रजनीश कुमारी के निवास साईं विहार पहुंचकर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्हें सहयोग कराए जाने का आश्वासन दिया। रजनीश कुमारी के पति एवं सहयोग के लिए नॉमिनी दर्पण गौतम की विवेकानंद आर्य की फोन पर वार्ता कराई गई। संस्थापक ने अपनी सहानभूति एवं शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को आश्वस्त किया कि संस्था हर सुख दुख में आपके साथ खड़ी है तथा 15 जून से आपको सहयोग प्रदान किया जाएगा। टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं कार्मिकों की संस्था है जो वैधानिक दिवंगत सदस्यों को आर्थिक सहायता प्रदान करती है। संस्था 336 परिवारों को 138 करोड़ की सहायता प्रदान कर चुकी है। इस मौके पर जगदीश पटेल, केशव कुमार, नितिन राजपूत, लता पाल, उमाकांत, हरिओम शर्मा, वरुण आर्य आदि उपस्थित रहे।

### विमान हादसे में मरने वालों के प्रति जताई संवेदना

रामपुर, अमृत विचार : सिविल लाइन के मोहल्ला बाबा दीप सिंह नगर में स्थित बहुजन समाज पार्टी कार्यालय पर शोक सभा हुई। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर हवाई हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर बसपा जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर निरंकारी, राजेश प्रकाश सैनी, सतपाल जाटव, रमेश श्रीवास्तव, अखिलेश गुप्ता ,जागेश सरन, अनिल सागर, दीपक सागर , अर्जुन सागर, राकेश सागर, शैंकी सागर, सोनू सागर, हरनंदन सागर, दिनेश जाटव ,नवनीत यदुवंशी, महेंद्र सिंह सागर, शाकिर रजा,शेर सिंह, अमित रामपुरी, दिलीप सिंह, बाबूराम सागर, यशवीर सिंह, परमानंद श्रीवास्तव, इसरार अली, यूनुस अली आदि मौजूद रहे।

# तेज बारिश और हवा से बिजली व्यवस्था हुई धड़ाम

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : तेज हवा ओर बारिश के बीच मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर हाई टेंशन लाइन में ब्रेकडाउन हो गया। मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर पेड़ों की टहनियां हाई टेंशन लाइन से टकराने की वजह से विद्युत अपूर्ति चौपट हो गई।

शुक्रवार को तेज हवा के बीच बारिश हुई। तेज हवा के बीच टांडा-बाजपुर मार्ग पर 33 हजार केवी लाइन पर पेड़ों की टहनियां टूट कर गिर गईं। जिससे बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई। वहीं तेज हवा व बारिश से मसवासी, बिजारखाता, चाउपुरा, भूबरा, सीतारामपुर, रहमतगंज, मंसूरपुर, खुशहालपुर, सेमरा लाडपुर, किशनपुर मौलागढ़, हसनपुर उत्तरी घोसीपुरा, पट्टी कला ,कुंदनपुर, अलीगंज, धर्मपुर उत्तरी, लोहार इनायत गंज, शिवनगर, लोहरी, मझरा हसन, आर्सल-पार्सल, खौद शरीफ, मोतीपुरा, गागन नागली समेत 32 गांव की बिजली व्यवस्था बाधित हो गई। बिजली कर्मियों ने पेट्रोलिंग करके हाई टेंशन लाइन का ब्रेकडाउन दूर किया जिसके बाद विद्युत आपूर्ति सुचारु हुई।

### डूंगरपुर में नहीं आ रही नियमित बिजली

रामपुर, अमृत विचार : डूंगरपुर स्थित आसरा कालोनी निवासी रंजीत ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि बिजली की आंख की मिचौनी से लोग परेशान हैं। बिजली आने और जाने का समय निर्धारित नहीं है। बिजली की आंख मिचौनी से लोग परेशान हैं। मांग है कि बिजली आने और जाने का समय निर्धारित हो। अधिकांश मोहल्लों में बिजली की आवाजाही से लोग परेशान रहे।

## किसी भी तरह का बाल श्रम नहीं कराएं : बहादुर

रामपुर, अमृत विचार : अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) जंग बहादुर यादव ने कहा कि हर साल 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद दुनिया भर में बच्चों से काम करवाने की समस्या पर ध्यान खींचना और इसे खत्म करने के लिए लोगों को जागरूक करना है।

बाल श्रम निषेध दिवस पर हाईवे स्थित होटल में आयोजन हुआ। गोष्ठी में मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) जंग बहादुर यादव रहे। आईआईए के चैयरमेन श्रीष गुप्ता, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र सिंह बोरा ने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों से श्रम कार्य नहीं कराना चाहिए। सहायक श्रमायुक्त राजकुमार ने कहा कि बाल श्रम को रोकने के लिए कार्य करें। श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज शर्मा, डॉ. आरके वर्मा, रजनी शर्मा, मनोज कुमार, नरेन्द्र सिंह, मोहम्मद कामरान, प्रदीप सागर, अभिषेक चौहान, सुनील पाल रहे।

# शिक्षा की गुणवत्ता छात्रों की मेहनत का परिणाम है : प्रो. जहीरुद्दीन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र, शिक्षक व कंपनियों के प्रतिनिधि।

अमृत विचार : मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जहीरुद्दीन ने कहा कि आज के दिन का इंतजार हम सभी कर रहे थे। हमारे छात्रों को प्लेसमेंट मिलना हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। हमारे विश्वविद्यालय की शिक्षा की गुणवत्ता और हमारे छात्रों की मेहनत का परिणाम है।

विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कृषि संकाय में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन हुआ। कैंपस प्लेसमेंट का उद्देश्य छात्रों को उनके कौशल और योग्यता के अनुसार नौकरी के अवसर प्रदान करना है। विभिन्न संकाय के लगभग 45 छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार हुआ, जिसमें लगभग 25 प्रतिशत छात्रों को नौकरी मिली। कैंपस में प्लेसमेंट मिलने पर छात्रों के चेहरे पर खुशी की मुस्कान दिखाई दी। यह उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है और उनके भविष्य के लिए एक नए द्वार खुल गए। विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्लेसमेंट के अवसर पर छात्रों को बधाई दी। हमारे छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया है। हमें विश्वास है कि वे अपने करियर में सफल होंगे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसएन सलाम, परीक्षा नियंत्रक मोहम्मद आरिफ, डीन कृषि डॉ. गुल अफ्शा, कृषि विभागाध्यक्ष डॉ. मुबीन, डॉ. फरहा रहमान, कृषि विभाग के रंजीत, चमन, रागिब, एडमिशन सेल इंचार्ज उजमा आदि मौजूद रहे।

● **विभिन्न संकाय के 45 छात्र-छात्राओं का किया साक्षात्कार**

आयोजन | सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में हुआ कार्यक्रम

# प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे में शबद कीर्तन से संगत निहाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



श्री गुरु हरगोविंद साहिब के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे में मौजूद संगत।



गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में शबद-कीर्तन करता रागी जत्था।

अमृत विचार : श्री गुरु हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर आयोजित तीन दिन के कार्यक्रमों के अंतर्गत अंतिम दिन सुबह 5 से श्री नितनेम साहिब का पाठ एवं श्री सुखमणि साहिब जी के पाठ हुए। इसके बाद श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति हुई। अरदास के बाद प्रसाद एवं शर्बत संगत में बांटा। उत्तमनगर से आए रागी जत्था भाई रणजीत सिंह तथा नाम सिमरन जत्था द्वारा शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया।

सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में बाहर से आए कथा वाचक ज्ञानी त्रिलोक सिंह ने श्री हर गोविंद सिंह साहिब जी के जीवन से रूबरू कराया। जबकि, भाई रणजीत सिंह के रागी जत्थे ने शबर कीर्तन से संगत को निहाल किया। प्रबंधक कमेटी के प्रधान दर्शन सिंह खुराना पे श्री गुरु हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश पर आई हुई संगत का धन्यवाद कर गुरु महाराज के इतिहास पर प्रकाश डाला। बाहर से आए हुए कथावाचक एवं रागी जत्थे को सम्मानित किया। अरदास के बाद गुरु के अटूट मिस्सी लस्सी एवं दाल रोटी के लंगर को बरताया गया। सेक्रेटरी त्रिलोचन सिंह वाधवा, मीत प्रधान गुरचरण सिंह आहूजा, भूपेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह होरा, हरपाल सिंह, अमरजीत सिंह, गुरजीत सिंह माटा, राधे श्याम अरोड़ा, सुरेंद्र सिंह चावला, रविंद्र सिंह, हरीश अरोड़ा, पुपिंदर सिंह जसमीत सिंह, हरजीत सिंह, धनवंत सिंह, प्रेम अरोड़ा, संतोख सिंह, राज सिंह, हरमिंदर लाल अरोड़ा, कंवल जीत सिंह कथूरिया, गुरजीत सिंह आहूजा, सुमित कुमार सभासद, मीत ग्रंथि गुरमीत सिंह, सेवादार राजा सिंह, परमजीत सिंह, अवतार सिंह लाडी, जसवीर सिंह रहे।

### विमान हादसे में मारे गए लोगों के लिए अरदास

गुजरात के अहमदाबाद में विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें यात्रा कर रहे यात्रियों की इस हादसे में हुई मृत्यु पर उपस्थित संगत एवं प्रबंधक कमेटी द्वारा शोक जताया। आत्माओं की शांति एवं कल्याण के लिए गुरुद्वारा साहिब में उपस्थित संगत द्वारा मूल मंत्र के पाठ का सिमरन किया और अरदास हुई। कहा कि परमपिता सभी जीवआत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा मृतक परिवारों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

## शाहबाद के विकास कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण

रामपुर, अमृत विचार : तहसील शाहबाद में प्रवाहित होने वाली आरिल नदी का पुनरुद्धार के लिए कराए जा रहे कार्यों का जायजा लेने जिला अधिकारी जोगिन्दर सिंह के साथ एसडीएम शाहबाद व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे।

जिलाधिकारी ने नदी को पुनर्जीवित करने के लिए पिछले 2 माह में खंड विकास अधिकारी शाहबाद द्वारा कराए गए कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नदी के दोनों ओर बारिश के समय में वृहद स्तर पर पौधरोपण का कार्य कराए जाने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये। कहा कि नदी क्षेत्र में अब किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न होने पाए। नदी के सम्पूर्ण क्षेत्रफल में खुदाई का 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नदी पर 200-200 मीटर पर रिचार्ज शॉफ्ट का भी निर्माण कराया जा रहा है। नदी के पुनर्जीवित होने से स्थानीय कृषकों को खेतों में सिंचाई के लिए पानी मिलेगा।

# एक रात में दो घरों से हजारों की नकदी और जेवर चोरी

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : नगर के मोहल्ला साहू जी नगर निवासी महिला सुधा के बंद पड़े घर के ताले गुरुवार रात में चोरों ने तोड़कर हजारों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने घर में रखे चांदी की पायल, चांदी की प्लेट, 5 चांदी के सिक्के, सोने की चेन और पेंडल सहित बर्तन आदि चोरी कर लिए। पीड़िता ने तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला साहू नगर निवासी लाल सिंह का परिवार सो रहा था। गुरुवार रात चोर घर में घुस गए। घर में रखी सोने की चूड़ी, चेन, कुंडल सहित चांदी की पायल और घर में रखे 60,000 रुपये ले गए। परिजनों ने शुक्रवार को घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मोहल्ला साहू नगर से सटी ड्रीम कालोनी में रूबी सक्सेना रहती हैं। पुलिस को उन्होंने बताया कि वह विधवा हैं और निजी स्कूल में पढ़ाती हैं। गुरुवार की रात चोर छत से होते हुए घर में दाखिल हुए। वह और उनका पुत्र नींद में सो रहा था। चोरों ने उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। संदूक में रखे चांदी के 4 सिक्के और 5000 रुपए ले गए। शुक्रवार सुबह 3 बजे वह सोकर उठीं। उन्होंने कमरे का दरवाजा बंद देख उसे खोलने की कोशिश की। प्रयास करने के बाद भी कमरे का दरवाजा नहीं खुला। उन्होंने फोन कर अपने भाई को सूचना दी। खबर मिलने के बाद पहुंचे भाई ने कमरे का दरवाजा खोला। दूसरे कमरे में सामान बिखरा हुआ था। जिसके बाद उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि चोरी होने की जानकारी मिली है। पुलिस को तहरीर नहीं मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### खेल रहे युवक के सिर में मारा डंडा, भर्ती

रामपुर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव सीमनखेड़ा निवासी अलजेव दूसरे युवक सुहेल के साथ गेंद टोल खेल रहा था। आरोप है कि इस दौरान सुहेल ने अलजेव के सिर पर डंडा मार दिया जिससे अलजेव घायल हो कर गिर गया। घायल के परिजन मौके पर पहुंच गए और उसको अस्पताल ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर उसको बेहतर इलाज के लिए मुरादाबाद रेफर कर दिया। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुहेल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : अजीमनगर पुलिस को सोशल मीडिया सेल के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई जिसमें आरोपी द्वारा इन्स्टाग्राम पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से टिप्पणी की गई थी। सूचना पर सोशल मीडिया सेल द्वारा तत्काल आरोपी के इन्स्टाग्राम अकाउन्ट की संबंधित से जांच कराई गई। जिससे मिली सूचना के आधार पर थाना अजीमनगर पुलिस द्वारा इन्स्टाग्राम प्रयोगकर्ता नासिर हुसैन पुत्र जाकिर हुसैन निवासी ग्राम पैइन्दानगर थाना अजीमनगर को उत्तराखंड से गिरफ्तार किया। अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई है।

### ज्ञान मंदिर पुस्कालय में आज होगी बैठक

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद की बैठक शनिवार को प्रात: 10 बजे ज्ञान मंदिर पुस्तकालय में होगी। जिसमें पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर चर्चा होगी। साथ ही 29 जून को द्विवार्षिक सामान्य निर्वाचन संपन्न कराने की प्रक्रिया के लिए मंथन किया जाएगा।

### दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : अजीमनगर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उसके बाद कोर्ट में पेश किया, कोर्ट ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। अजीमनगर पुलिस द्वारा नाजिम पुत्र सलीम खान निवासी ग्राम ढक्का को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से वह जेल चला गया। इसके अलावा सोमवती पत्नी प्रीतम सिंह निवासी ग्राम बगरुआ को ईसी एक्ट को उनके मकान से गिरफ्तार करने के बाद विधिक कार्रवाई कर दी।

# हादसों में युवक समेत दो की मौत

## शाहबाद, टांडा में हुए हादसे, एक माह पहले हुई थी मनोज की शादी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/शाहबाद



मनोज का फाइल फोटो।

अमृत विचार : शाहबाद और टांडा में हुए सड़क हादसे में युवक सहित दो लोगों की मौत हो गई। दो लोगों की मौत के बाद परिजनों का बुरा हाल है। युवक का शव परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए घर ले गए। मृतक युवक की एक माह पहले शादी हुई थी। दुल्हन का रोकर बेहाल हो गई है।

शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव जगेसर निवासी 22 वर्ष मनोज पेशे से कारपेंटर था। शुक्रवार शाम को वह बाइक से अपनी ससुराल जिवाई कदीम जा रहा था। मिलक के गांव उदयपुर जागीर के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया था। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए थे। उसके बाद घायल को सीएचसी लेकर पहुंचे थे। जहां उपचार के बाद परिजन उसको घर ले गए। तड़के उसकी घर पर ही मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया था। शव का बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक मनोज की एक माह पहले ही शादी हुई थी। उसकी पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है।



रोते-बिलखते युवक के परिजन। ● अमृत विचार



जिला अस्पताल में बैठे रमेश के परिजन। ● अमृत विचार

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

वहीं, टांडा में अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। टांडा थाना क्षेत्र के गांव मोतियापुरा निवासी 50 वर्षीय रमेश मेहनत मजदूरी करके परिवार का पेट पाल रहा था। गुरुवार शाम को वह किसी काम से पैदल जा रहा था कि रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शुक्रवार की शाम परिजनों को सौंप दिया है।

### युवक से मारपीट

रामपुर, अमृत विचार : सिविल लाइन थाना के मंसूरपुर निवासी अनवार का कहना है कि वह जमीन पर 12 जून को नींव भरवा रहा था। तभी नवाब, नाजिम, जौहर अली, अहसान, लाल मोहम्मद लोग गाली गलौज करते हुए मौके पर पहुंचे और हथियार से हमला कर दिया था। उसके शोर मचाने पर लोगों को आता देखकर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन करें

रामपुर, अमृत विचार : जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जीशान मलिक ने बताया कि ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन 14 जून से प्रारम्भ हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 14 जुलाई निर्धारित है। अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां जिनकी शैक्षिक योग्यता न्यूनतम इंटर हो। जिनके अभिभावक की ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र दोनों में समान रूप से वार्षिक आय 1 लाख रुपये तक है वह आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षणार्थी की आयु 35 से अधिक न हो। प्रशिक्षणार्थी द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट पर आवेदन किया जा सकता है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि सम्बन्धित प्रशिक्षणार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिन्ट पर पासपोर्ट साइज का फोटो लगाकर हस्ताक्षर कर, जाति, आय प्रमाण पत्र बोर्ड ऑफ रेवेन्यू, ई-डिस्ट्रिक्ट की वेबसाइट पर हाईस्कूल अंक पत्र, प्रमाण पत्र, इंटर अंक पत्र तथा प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति सहित हार्डकॉपी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय विकास भवन 14 जुलाई की शाम तक जमा कर दें।

## सार संक्षेप



### एसपी ने पुलिस लाइन में किया परेड का निरीक्षण

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद कर्मचारियों का टर्नआउट आदि चेक कर पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रूम, पुलिस म्यूजियम, कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, गैस कार्यालय, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आगामी आरटीसी की तैयारियों आदि का निरीक्षण किया। उसके बाद पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चेक कर संबंधित को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी टांडा, लाइन एवं क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन भी मौजूद रहे।

### महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

मसवासी, अमृत विचार : टांडा थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने टांडा पुलिस को सौंपी तहरीर में शिकायत की है कि 25 मई को गांव भाऊपुरा निवासी ननदोई उसे अकेला पाकर घर में घुस आया और अश्लील हरकतें करने लगा। उसने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद 9 जून को महिला का पति घर पर मौजूद नहीं था आरोप है कि ननदोई फिर घर आया और दुष्कर्म किया। उसने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला ने गांव भाऊपुरा निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र हरपाल सिंह के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



### जिलाधिकारी ने किया कम्पोजिट शॉप का निरीक्षण

रामपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने तहसील सदर क्षेत्र में स्थित नारायणपुर कम्पोजिट (विदेशी मदिरा व बीयर) शॉप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर, दुकान का लाइसेंस और विक्रेता का नाम सहित सभी दस्तावेजों की जांच की। दुकान पर रेट लिस्ट चस्पा नहीं पाई गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने विक्रेता को तत्काल दुकान पर रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि मदिरा की सभी दुकानों पर अनिवार्य रूप से रेट लिस्ट और हेल्पलाइन नंबर चस्पा कराएं। जिलाधिकारी ने विक्रेता को सख्त निर्देश दिये कि किसी भी दशा में ओवर रेटिंग न करें। मदिरा की बिक्री निर्धारित रेट के अनुसार ही की जाये।

### धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली पोस्ट से आक्रोश

शाहबाद, अमृत विचार : सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली पोस्ट करना युवक को भरी पड़ गया। मामले में हिन्दू धर्म से जुड़े युवाओं ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, हिन्दू धर्म के भगवान के लिए विवादित पोस्ट से सनातनियों में आक्रोश है। कोतवाली में दी गई तहरीर में युवाओं ने लिखा है कि मंगोली निवासी एक युवक बंटी कुमारी नाम से फेसबुक आईडी चलाता है। उसने उसी एकाउंट से प्रभु श्रीराम से संबंधित पोस्ट डाली है। जिससे हिन्दू धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। युवाओं ने आरोपी युवक की गिरफ्तारी के साथ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में किशनपाल, सुंदर लाल, राजेश, अनूप कुमार शर्मा, महेंद्र सिंह एवं करन सिंह के हस्ताक्षर हैं।

### अहमदाबाद में विमान हादसे पर जताया शोक



रामपुर, अमृत विचार : तुरैहा मछुआ समाज की बैठक पुलिस चौकी हजियानी के निकट कार्यालय पर हुई। बैठक में अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान क्रैश होने की घटना पर दुख व्यक्त किया गया। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने दुर्घटना में दिवंगत यात्रियों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री गुजरात विजय रुपाणी की मृत्यु पर भी शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राम सिंह तुरैहा, राजेश तुरैहा, प्रीतम तुरैहा, कमल मुन्ना, कृपाल सिंह, विनोद कुमार, अजय प्रधान, मुरारी लाल, रामगोपाल, गोविंद राम, बालकिशोर, रामकिशोर, मुरारी लाल, अर्जुन सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र, आदि लोग मौजूद रहे।



### कांग्रेसियों ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

रामपुर, अमृत विचार : कांग्रेस नेताओं ने आंबेडकर पार्क पहुंचकर अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को मोमबत्ती जलाकर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां ने कहा कि इस भीषण विमान हादसे ने पूरे देश को स्तब्ध और शोकाकुल कर दिया है। यह हादसा सैकड़ों सपनों का असमय अंत है। हादसे में जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है। इस मौके पर आरिफ अल्वी, महरबान अली, नादिश खां, विक्की मियां, नूर मोहम्मद, गुड्डू, राहुल कुमार, राज कुमार, प्रमोद कुमार, मोहम्मद सुहेल, मोहम्मद उमर, मोहम्मद आमिर, अकरम सुलतान, नासिर मलिक, जगमोहन मोना, रामगोपाल सैनी, रिजवान मियां सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।



### विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

रामपुर, अमृत विचार : शुक्रवार शाम भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के अध्यक्ष राजू सुमन श्रीमाली के नेतृत्व में अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को लेकर गांधी समाधि पर मामबत्तियां जलाकर कैडिल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर रामपुर शहर अध्यक्ष राजू सुमन श्रीमाली, कमल कुमार तुरैहा, पवन कश्यप, सत्य प्रकाश, अजय सक्सेना, अशोक सक्सेना, हीरालाल बरनवाल, संजीव श्रीमाली, मुकेश रस्तोगी, कन्हैया लाल पटवा, कमलेश गुप्ता आदि रहे।

# इंटरलाकिंग सड़क उखड़ने से लोगों को हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मोहल्ला लाल कबर की सड़कों पर जगह-जगह से इंटरलाकिंग सड़क उखड़ने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगों ने इंटरलाकिंग सड़क दुरुस्त कराने की मांग की है।

लाल कबर से लाल मस्जिद, नालापार, जेल रोड, कलकत्ता मोहल्ला, चिरान, कटकुइयां, चीनी ग्रान को तीन सड़कें जोड़ती हैं। पटरों वाली मस्जिद के निकट नाली पर रखे पत्थर टूटने से लोगों को परेशानी हो रही है। कब्रिस्तान में जनाजा ले जाते समय में रात में अक्सर लोगों का पैर टूटे पत्थरों के बीच फंस जाता है। साइकिल, रिक्शा भी दुर्घटनाग्रस्त हो जाती हैं। अब्बास, आजम, आसिम, रहमत आदि ने पालिकाध्यक्ष सना मामून को भेजे पत्र में सड़क और नाली पर पड़े पत्थर दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

### मंदिर मार्ग पर प्रकाश की व्यवस्था की मांग

शाहबाद, अमृत विचार : विश्व हिन्दू परिषद ने प्राचीन शिव मंदिर को जाने वाले मार्ग पर पथ प्रकाश की व्यवस्था किए जाने की मांग की है।। संगठन ने आरोप लगाया है कि चेयरमैन समाजवादी की हैं। जिसके चलते वह गोवंश के लिए कोई इंतजाम नहीं कर रही हैं। पेट्रोल पंप के पास से सीओ कार्यालय होते हुए मंदिर जाने वाले रास्ते में तमाम गड्ढे हैं और यहां पथ प्रकाश व्यवस्था नहीं की गई। यह चेयरमैन की मानसिकता को दर्शाता है। प्रार्थना पत्र पर विहिप के नगर अध्यक्ष शोभित गुप्ता, मुनीश, जगदीश, महेंद्र, आनंद पाल, अमित कुमार, अरुण, रवि के हस्ताक्षर हैं।

# बिजली गिरने से महिला की मौत

संवाददाता, बिलासपुर



किरन का फाइल फोटो।

अमृत विचार : बिलासपुर तहसील क्षेत्र के गांव सिकरौरा में शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिरने से महिला गंभीर रूप से झुलस गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। घटनास्थल पर पुलिस ने पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। जहां बाद में परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव सिकरौरा निवासी दिनेश कुमार मजदूरी करता था। गृहस्वामी के अनुसार शुक्रवार को सुबह वह मजदूरी के लिए गया था। घर पर उसकी पत्नी किरन देवी और पुत्रवधू मीनाक्षी मौजूद थी। परिजनों ने बताया कि सुबह बारिश आने पर किरन देवी सुबह करीब 9 बजे छत पर पड़े कपड़े तथा घरेलू सामान उतारने के लिए गई थी। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से वह गंभीर रूप से झुलस गई। जिससे घर में शोर-शराबा मच गया। शोर की सूचना पर पड़ोसियों समेत ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह बाजवा और अनेक ग्रामीणों की भीड़ घर पर एकत्र हो गई। जिसके उपरान्त परिवार वाले महिला को उपचार के लिए रूद्रपुर उत्तराखंड स्थित अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। सूचना पर उपनिरीक्षक संजय कुमार तेवतिया एवं राजस्व कर्मी मौके पर पहुंच गए। बाद में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए शव जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। उसके बाद शव को घर ले आए।



रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

# जेल रोड पर पालिका की जेसीबी ने दुकानों व घरों के तोड़े स्लैब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- नैनीताल हाईवे पर 60 दुकानदारों ने समेटा सामान
- घर के आगे का स्लैब हटाने को लेकर सभासद से नोकझोंक

अमृत विचार : शहर के मोहल्ला जेल रोड पर शुक्रवार दोपहर पालिका की जेसीबी गरजी। पालिका के अधिकारियों ने मकानों और दुकानों के आगे नालों पर पड़े स्लैब तुड़वा दिए। एक मकान के आगे स्लैब तोड़ने पहुंचे पालिका के अधिकारियों की सभासद गुड्डू खां से नोकझोंक हो गई उन्होंने कहा कि मकानों के आगे से स्लैब नहीं तोड़ने दिए जाएंगे। क्योंकि, लोग घरों में किस तरह पहुंचेंगे क्योंकि, घरों के आगे चौड़ा नाला है। इसके अलावा दुकानों पर लाल निशान लगने के बाद नैनीताल हाईवे पर 60 दुकानदारों ने सामान समेटना शुरू कर दिया है।

शुक्रवार दोपहर पालिका अधिकारी जेसीबी लेकर जेल रोड पर पहुंचे और दुकानों और मकानों के आगे नालों पर डलवाए गए स्लैब जेसीबी से ध्वस्त करा दिए। हालांकि, पालिका की टीम ऐजाज हैदर जैदी और वसीम हैदर जैदी के आवासों की ओर बढ़ी तो सभासद गुड्डू खां मौके पर पहुंच गए और उनकी पालिका अधिकारियों से नोकझोंक हो गई। उन्होंने कहा कि मकानों के आगे चौड़ा नाला है घर में आवाजाही के लिए नाले पर स्लैब डलवाया गया है। यदि स्लैब टूट जाएगा तो घरवाले घर में कैसे आए जाएंगे। सभासद के इस सवाल का पालिका अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं था। सभासद ने कहा कि घरों के सामने स्लैब तोड़ने से पहले पालिका अधिकारी लोगों के वाहन घरों तक पहुंचने और उनके आने-जाने की व्यवस्था कराएं। सभासद के भिड़ जाने के बाद पालिका अधिकारी वापस लौट गए। इसके अलावा नैनीताल हाईवे के किनारे की दुकानों पर पालिका अधिकारियों ने लाल निशान लगवा दिए हैं। दुकानों पर लाल निशान लगने के बाद शुक्रवार को दुकानदारों ने दुकानों से सामान समेटना शुरू कर दिया।



जेल रोड पर स्लैब तोड़ने पहुंची जेसीबी और मौजूद लोग।



नैनीताल हाईवे पर दुकानों से सामान हटाते दुकानदार।



मकान के आगे से स्लैब तोड़ती जेसीबी।

## नालों की सफाई नहीं होने पर धरने की चेतावनी दी

रामपुर, अमृत विचार : वार्ड 36 के सभासद मोहम्मद जफर ने कहा कि बरसात नजदीक है लेकिन, पालिका द्वारा नालों की तली झाड़ सफाई नहीं कराई जा रही है। उन्होंने चिन्ता जताते हुए कहा कि नालों की सफाई नहीं होने पर शहर में जलभराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सभासद ने पालिकाध्यक्ष को भेजे पत्र में कहा है कि अभी तक नालों की सफाई का कार्य शुरू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि केवल एक छोटे से नाले की लगभग 100 मीटर तक की सफाई की गई, लेकिन उस पर भी काम अधूरा छोड़ दिया गया है और नाले की सिल्ट तक पिछले एक महीने से नहीं हटाई गई है। मांग है कि वार्ड 36 में नाले की सफाई कराई जाए ताकि, लोगों को बरसात के मौसम में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। सभासद ने कहा कि नालों की सफाई नहीं होने पर वार्ड की जनता के साथ पालिका परिसर मेंधरना देंगे।

# दढ़ियाल में दूषित पानी पीने को मजबूर हैं लोग

संवाददाता, दढ़ियाल

- घरों के नलों का पानी पीने से हो रही बिमारी
- नगर के पास नदी होने के कारण हो रही पीले पानी की आपूर्ति

अमृत विचार : दढ़ियाल नगर पंचायत बनने के बाद भी नगर की आधी आबादी दूषित पानी पीने को मजबूर है। नगर के लोगों ने कई बार ओवरहेड टैंक बनवाने की मांग की, लेकिन 5 साल गुजरने के बाद भी नगर के लोगों के लिए ओवरहेड टैंक का निर्माण नहीं हो सका। जिस कारण नगर के लोग दूषित पानी पीने को मजबूर है।

ग्राम पंचायत दढियाल एहतमाली और दढ़ियाल मुस्तहकम को मिलाकर 31 दिसंबर 2019 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दढ़ियाल को नगर पंचायत घोषित किया था। नगर पंचायत बनने के 5 वर्ष के बाद भी नगर की आधी आबादी दूषित पानी पीने को मजबूर है। जबकि नगर से सटकर कोसी नदी भी बहती है। जिस कारण नगर के लोगों के घर के नलों में पीला पानी आता है। घरेलू नलों का पानी जानवरों को पिलाने के कारण लोगों के जानवर तक बीमार पड़ जाते हैं। नगर के लोग हैंडपंप से पानी लेकर पीते हैं नगर पंचायत बनने के बाद नगर के लोगों ने कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को ओवरहेड टैंक बनवाने के लिए पत्र लिखा। धीरे धीरे में 5 साल का वक्त गुजर गया लेकिन नगर के लोगों के लिए अभी तक ओवर हेड टैंक स्वीकृत नहीं हुआ है

> नगर की जनता के हित को देखते हुए नगर में ओवरहेड टैंक की निर्माण की जरूरत है ओवरहेड टैंक का निर्माण हो जाएगा तो नगर की जनता शुद्ध पानी पी सकेगी प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है।
> -खुर्शीद, चेयरमैन



> नगर पंचायत दढ़ियाल का गठन हुए 5 साल हो गए है, कई बार ओवरहेड टैंक की मांग की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी आती है।
> - मोहम्मद सलीम, वार्ड 4



> लोगों के घरों में कोसी का पानी आता है। घरेलू नलों का पानी इंसान तो दूर की बात जानवरों के भी पीने योग्य नहीं है। अगर ओवरहेड टैंक का निर्माण हो जाए तो नगर के लोगों को शुद्ध पानी पीने मिलेगा। - अजमत अली, वार्ड 3



> अधिकारियों को नगर की जनता का ध्यान रखते हुए नगर में ओवरहेड टैंक का निर्माण जल्द से जल्द करना चाहिए ताकि नगर की जनता शुद्ध पानी पी सके। घरेलू नालों का पानी पीकर हेपेटाइटिस सी और बी जैसी खतरनाक बीमारी का शिकार हो रहे हैं। - यामीन मलिक



> ओवरहेड टैंक के निर्माण के लिए कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। लेकिन किसी भी अधिकारी के ध्यान नहीं देने से समस्या जस की तक बनी हुई है। नगर की जनता दूषित पानी पीने को मजबूर है। जिस कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। - इकराम अंसारी

# सपा मुखिया ने दिए पंचायत चुनाव में जुटने के निर्देश

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मुमताज सैफी ने लखनऊ स्थित सपा कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से भेंट की। जनपद की समस्याओं से रूबरू कराया। सपा मुखिया ने पंचायत चुनाव में कार्यकर्ताओं से जी जान से जुटने का आह्वान किया।

समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मुमताज सैफी ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर पार्टी मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात कर जिले के हालात की जानकारी दी। कहा कि जिले में सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है, प्रशासनिक अधिकारी झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हैं जिससे कि पार्टी को कमजोर किया जा सके। सपा मुखिया ने प्रदेश सचिव को आश्वासन दिया है कि समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा और किसी भी कार्यकरता को झूठे मुकदमें में नहीं फंसाने दिया जाएगा। उन्होंने प्रदेश सचिव से आगामी पंचायत चुनाव में कार्यकर्ताओं के साथ जी जान से जुटने के लिए कहा।



लखनऊ में अखिलेश यादव से मिलते प्रदेश सचिव मुमताज सैफी।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, काम नहीं आया विरोध

## अभियान के विरोध में व्यापारियों ने अनाज की खरीदारी बंद की, डीएम से गुहार का भी नहीं मिला नतीजा

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** बहजोई की मंडी समिति में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दूसरे दिन अतिक्रमण पर जमकर बुलडोजर चला। विरोध में व्यापारियों ने अनाज की खरीदारी बंद कर दी। लेकिन बुलडोजर फिर भी नहीं रुका। डीएम से भी व्यापारियों को कोई राहत नहीं मिली। पूरे दिन अतिक्रमण पर बुलडोजर गरजता रहा।

बहजोई मंडी समिति में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने मंडी सचिव मोहित फौजदार, पुलिस-पीएसी व आरआरएफ जवानों के साथ बुलडोजर से अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई की। उन्होंने दुकानों के आगे व्यापारियों द्वारा लगाए गए टीनशेड को तोड़ना प्रारंभ कर दिया। व्यापारियों द्वारा अवैध रूप से रखे गए लोहे के खोखे पर भी जमकर बुलडोजर चला। व्यापारियों ने दुकान के आगे लगे टीनशेड को नहीं हटाने की मांग रखते हुए अभियान का विरोध किया। लेकिन उनका विरोध कोई असर नहीं दिखा सका। लगातार एसडीएम अतिक्रमण को हटवाते रहे। शाम तक अवैध रूप से बनाए गए चबूतरे, टीन सेड व अन्य अवैध निर्माण को बुलडोजर ने ध्वस्त कर दिया। एसडीएम ने कहा कि जब तक पूरी तरह से मंडी समिति को अतिक्रमण मुक्त नहीं कर दिया जाएगा तब तक यह अभियान जारी रहेगा।



मंडी समिति में व्यापारियों को हिदायत देते एसडीएम विनय मिश्रा। ● अमृत विचार

### डीएम से बुलडोजर एक्शन रोकने की मांग

सुबह 11 बजे के लगभग चेयरमैन राजेश शंकर राजू के नेतृत्व दर्जनों व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंच गए। उन्होंने डीएम से मुलाकात की। व्यापारियों ने डीएम से मांग करते हुए कहा कि मंडी समिति में नियम के विरुद्ध अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर व्यापारियों को असुविधा हो रही है। जिस पर डीएम ने कहा कि अतिक्रमण हटाने का काम किया जाएगा। नियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। व्यापारियों को डीएम के यहां से भी कोई राहत नहीं मिली।

- एसडीएम ने मंडी समिति में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रखने की कही बात
- किसान फसल ले जाने लगे तो व्यापारी करने लगे खरीदारी मची रही अफरा-तफरी

### अभियान के विरोध में नहीं खरीदा अनाज

जैसे ही अतिक्रमण हटाने को लेकर बुलडोजर पुलिस बल के साथ एसडीएम मंडी सचिव पहुंचे तो व्यापारियों ने इसका विरोध करना प्रारंभ कर दिया। उन्होंने अनाज खरीदारी नहीं करने का ऐलान कर दिया। किसान अपनी मक्का की फसल बेचने के लिए आए वह लौटना प्रारंभ हो गए। जब व्यापारियों ने अनाज नहीं खरीदा तो एसडीएम ने किसानों से दूसरी मंडी में जाकर अपना अनाज बेचने की बात कही। दोपहर तक अनाज की खरीदारी न कर विरोध किया गया लेकिन जब कुछ नहीं हुआ तो दोपहर के बाद व्यापारियों ने खरीदारी शुरू कर दी।



बहजोई मंडी समिति में अतिक्रमण को ध्वस्त करता बुलडोजर। ● अमृत विचार

## एक नजर

### करंट की चपेट में आकर पशु की मौत

**बबराला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सिरोरा काजी में शुक्रवार को मुन्ना लाल पुत्र छन्नू सिंह की भैंस घर के बाहर खूंटे से बंधी थी। ऊपर से गुजर रही 11 हजार हाई वोल्टेज की लाइन का तार टूट कर दीवार पर गिर गया। जिससे भैंस को तेज करंट लगा और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### परिषद का कार्यकर्ता सम्मेलन कल

**संभल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद की गांव फुलसिंहा में हुई बैठक में 15 जून को पाठकपुर में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने पर चर्चा की गई। मोहम्मद अली, हाजी हाशिम अली, मोहम्मद रफी, मोहम्मद उस्मान, मोहम्मद फैसल, मोहम्मद आदिल, शकील अहमद, अनीस अहमद, अंकुर, अंकित, रतन सिंह, राजीव, भूरा, नाजिम, गुफरान, इकरार अहमद, जुल्फिकार आदि रहे।

### किशोर से मारपीट मामले में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव ओबरी निवासी अरकान पुत्र अशरफ सैलून की दुकान पर बाल काटता है। बुधवार की शाम अरकान और अन्य किशोर के बीच किसी बात को लेकर नोकझोंक हुई थी। देरशात तीन किशोर अरकान को घर से बुलाकर ले गए थे। मेला ग्राउंड में अरकान के साथ मारपीट की थी और उसके आंखों में मिट्टी भी डाली थी। अरकान की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही कैफ, उवैस और फरमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### गुन्नौर सीएचसी में मरीज की साइकिल चोरी

**गुन्नौर, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साइकिल चोरी होने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। शुक्रवार को भी एक मरीज की साइकिल के चोरी हो गई। गुन्नौर सीएचसी में साइकिल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। शुक्रवार को गांव अकबरपुर निवासी नरेश पुत्र मेवाराम दवा लेने के लिए अस्पताल आया हुआ था। दवा लेने के बाद जब वापस आया तो उसकी ताला लगी साइकिल चोरी हो गई। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायत की तो पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे चेक किए जिसमें एक युवक साइकिल ले जाता दिखाई दे रहा है। अलबत्ता, साइकिल चोर का पता नहीं चल सका है।

# भाजपा नेता के पुत्र की ऑयल मिल पर छापा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल जिले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के प्रवर्तन दल ने भाजपा नेता के पुत्र की ऑयल मिल पर छापेमारी कर सरसों के तेल का सैंपल लिया। वहीं दो स्थानों से दूध और ढोकला के नमूने लिए। नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने प्रवर्तन दल के साथ गांव सौंधन मोहम्मदपुर में भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल के बेटे जयेश सिंघल की सिंघल ऑयल मिल पर छापेमारी की। प्रवर्तन दल ने यूनिट में जांच पड़ताल की। कार्रवाई के दौरान सीओ आलोक भाटी व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि सिंघल ऑयल मिल से सरसों के तेल का नमूना लिया गया। वहीं बहजोई में दुकान से ढोकला और रजपुरा क्षेत्र में डेयरी से दूध का सैंपल लिया गया। उन्होंने बताया कि सभी सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट मिलने पर उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



ऑयल मिल के गेट पर खड़ीं अफसरों की कारें। ● अमृत विचार

- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने सरसों के तेल का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा

### 10 दिन में दूसरी बार कार्रवाई पर उठाये सवाल

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के प्रवर्तन दल की कार्रवाई को लेकर सिंघल आयल मिल की तरफ से सवाल खड़े किये गये हैं। जयेश सिंघल ने कहा कि 3 जून को उनके मिल में टीम आई थी और सैंपल जांच के लिए लेकर गई थी। उस जांच की रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। अब 10 दिन बाद फिर से कार्रवाई कर दी गई। इससे प्रतीत होता है कि प्रशासन उनके प्रतिष्ठान की छवि खराब करने का काम कर रहा है। इस तरह के कृत्यों से मानसिक उत्पीड़न भी किया जा रहा है।

## युवती के मंगेतर को मैसेज भेजकर तुड़वा दिया रिश्ता

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव निवासी ने पुत्री का रिश्ता रामपुर के थाना सैफनी अंतर्गत एक गांव निवासी युवक के साथ तय किया था।

गांव के अजय ने युवती के मंगेतर के मोबाइल पर चार साल से युवती से प्रेम संबंध होने का मैसेज भेज दिया। इस पर युवक ने रिश्ता खत्म कर दिया। बृहस्पतिवार की सुबह युवती की माता व पिता ने आरोपी युवक और उसके परिजनों से युवक की करतूत को लेकर शिकायत की तो उन्होंने दोनों के साथ मारपीट कर दी। पुलिस में शिकायत दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी दी। युवती के पिता ने असमोली थाने में तहरीर दी तो पुलिस ने बृहस्पतिवार को रिपोर्ट कर ली। पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुटी है।

# खेत स्वामी, भाई और बेटे को पीटकर किया घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** ट्यूबवेल में कूदने से मना करने पर युवकों ने खेत स्वामी के साथ मारपीट की। बचाने आए खेत स्वामी के भाई और बेटे से भी मारपीट की। भाजपा नेता सहित तमाम लोग थाने पहुंचे और कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की।

हयातनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला ऊष्मा सराय निवासी त्रिलोकी गुरुवार को फसल की सिंचाई कर रहा था। कुछ युवक ट्यूबवेल में कूदने लगे। त्रिलोकी ने मना किया तो गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। बचाने आए भाई बबलू और बेटा पवन के साथ भी मारपीट की। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। शुक्रवार को सुबह भाजपा नेता जयप्रकाश गुप्ता, गणेश शर्मा, लाडम सराय के सभासद पति प्रमोद सैनी, सुमित श्याम, ऋषिपाल सैनी, भुवनेश सहित करीब तीन दर्जन लोग हयातनगर थाना पहुंचे। वहां प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार से बात करते हुए मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। पुलिस ने बताया कि त्रिलोकी की तहरीर पर बाबू, रिजवान सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



मारपीट में घायल। ● अमृत विचार

- कार्रवाई के लिए हयातनगर थाने पहुंचे भाजपा नेता और लोग

## मेडिकल स्टोर से 26 हजार रुपये व दवा चोरी

**चन्दौसी, अमृत विचार:** तहसील रोड निवासी गौरव भारद्वाज पुत्र शिशुपाल शर्मा की जारई रोड पर तहसील के पास गौरव मेडिकल स्टोर है। वह गुरुवार की रात 9 बजे मेडिकल स्टोर बंद करके घर चले गए।

शुक्रवार की सुबह 9 बजे मेडिकल स्टोर खोला तो सामान बिखरा था। जीने की दीवार कटी हुई थी। गौरव ने बताया कि चोर मेडिकल स्टोर से 26500 हजार रुपये नकदी व 10 हजार रुपये कीमत की दवा चोरी कर ले गए। पुलिस ने मेडिकल स्टोर स्वामी से जानकारी ली। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई।2 दिन पहले तहसील रोड पर बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी व उसकी भाभी से लूटपाट की थी। बदमाश 10 लाख रुपये के आभूषण व नकदी लूट ले गए थे।

# पीड़ित परिवारों के प्रति जताई संवेदना

कार्यालय संवाददाता, संभल

- अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि, जांच की मांग

**अमृत विचार :** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मृतकों को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। विमान हादसे की जांच की मांग उठाई।

आलम सराय में स्थित कांग्रेस कार्यालय पर अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए सभा में मौन रखा गया। जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने पीड़ित परिवारों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने कहा की विमान हादसे की जांच कराई जाए। फुरकान कुरैशी, सुमानी, मौअज्जम, मुशीर तरीन, जयप्रकाश सहगल, कौस्तुभ रस्तोगी, तहसीन, राहत जान खां, निसार हुसैन, नफीस, नईम, नफीस खां, कलीम, वासुदेव, शिशुपाल जाटव, डॉ. मरगूब, सोनू कुमार, सुनील कुमार, बब्बू खां, महताब, दानिश, अंकुर कुमार आदि रहे।



विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### सपा कार्यकर्ताओं ने जताया दुख

समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली के आवास पर मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखा। मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग की। मोहम्मद जुहैब, मुस्लिम अंसारी, वसीम खां, शकील कुरैशी, मुनव्वर, इरशाद, सत्तार, अनवर, सईद, रमीज राजा, आसिफ, फाजिल, वासिफ, मास्टर जुल्फेकार, डॉ.मुस्तफा आदि रहे।

**कवायद** दरगाह दूसरी जगह शिफ्ट कराने के लिए मस्जिद कमेटी चंदा कर जुटा रही धन

# शिफ्ट की जाएगी दरगाह, 20 लाख आएगा खर्च

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल-बहजोई मार्ग पर हयातनगर थाने से आगे अतिक्रमण की जद में आई दरगाह को करीब 30 फिट पीछे शिफ्ट करने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जायेगा । इस काम के लिए करीब 20 लाख रुपये खर्च आने की बात कही गई है। मस्जिद कमेटी ने रुड़की के ठेकेदार को जिम्मेदारी दी है। इस काम के लिए चंदे से धन जुटाया जा रहा है। तय समय में दरगाह हटाने की कोशिश में कमेटी लगी है।

हयातनगर थाना क्षेत्र से आगे प्राचीन धर्म कूप मंदिर और उसके सामने मस्जिद एवं दरगाह मार्ग चौड़ीकरण को लेकर अतिक्रमण की जद में आ रही थी। प्रशासन ने पूर्व में अतिक्रमण को चिह्नित किया था। जबकि पिछले दिनों तत्कालीन एसडीएम डॉ.वंदना मिश्रा और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में मस्जिद कमेटी के लोगों ने पहले मस्जिद के हिस्से को मजदूरों से तुड़वाया। काम में देरी होते देख बाद में बुलडोजर से उस हिस्से को तोड़ दिया था। सामने की तरफ मंदिर का अगला हिस्सा भी तोड़ा गया था। प्रशासन ने अतिक्रमण की जद में आई दरगाह को शिफ्ट किए जाने को कहा था। जिसे मस्जिद कमेटी ने मानते हुए खुद ही कार्य कराने की बात कही थी।

### रुड़की का ठेकेदार शिफ्ट करेगा दरगाह

मस्जिद कमेटी से जुड़े कारी अब्दुल नासिर ने कहा कि दरगाह को शिफ्ट किए जाने में करीब 20 लाख रुपये का खर्च आ रहा है। इसके लिए चंदे के माध्यम से धन इकट्ठा किया जा रहा है। यहां हिंदू पक्ष की ओर से भी चंदा आता रहा है। दरगाह शिफ्ट करने के लिए रुड़की के ठेकेदार से बात हुई है। प्रशासन ने 15 दिन का समय दिया है। अगर बारिश नहीं हुई तो इसी अवधि में काम पूरा हो जाएगा। बारिश हुई तो महीना भी लग सकता है।

- प्रशासन ने हयातनगर थाने से आगे चौड़ीकरण को लेकर तुड़वाया था मस्जिद का हिस्सा
- मजार शिफ्ट करने के लिए कमेटी को दिया गया 15 दिन का समय



दरगाह शिफ्ट करने के लिए बन रही फाउंडेशन।

# बारिश तो कहीं चली ठंडी हवा, मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, संभल

- संभल जिले में शुक्रवार को सुबह से ही बदला मौसम का मिजाज

**अमृत विचार :** कई दिनों से भीषण गर्मी में बेहाल जनजीवन को शुक्रवार को मौसम का मिजाज बदलने से राहत मिली। संभल जिले में कहीं बारिश हुई तो कहीं ठंडी हवा चली।

गर्मी के तेवर दिखाने के कारण संभल में पारा चढ़कर 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था। जिसके चलते लोग बिलबिला गए थे। आलम यह था कि न तो दिन में चैन मिल रहा था और न ही रात में सुकून से नींद आ रही थी। पंखे और कूलर भी फेल हो गए थे। शुक्रवार को सुबह मौसम का मिजाज बदला हुआ दिखा। असमोली, मढ़न, ओबरी समेत कई गांवों में बारिश हुई। सिरसी के अलावा मुरादाबाद मार्ग पर संभल की तरफ फिरोजपुर पुल से पहले तक बारिश का नजारा दिखा। संभल के साथ ही गुन्नौर और बबराला क्षेत्र में आसमान में काले बादल उमड़े और ठंडी हवा भी चलती।

लोगों ने सोचा कि बारिश होगी लेकिन कुछ देर में ही काले बादल उड़ गए। हालांकि बारिश की उम्मीद पूरी नहीं हुई लेकिन ठंडी हवा चलने पर लोगों ने राहत महसूस की। तेज हवा चलने की वजह से संभल में मुख्य मार्गों पर लोगों को दिक्कतों का भी सामना करना पड़ा क्योंकि धूल भी उड़ रही थी। वैसे मौसम का मिजाज बदलने के कारण दूसरे दिनों के जैसे गर्मी का माहौल नहीं रहा।

## सार-संक्षेप




### अधिष्ठापन समारोह में लिया समाज सेवा का संकल्प

**बहजोई, अमृत विचार :** अधिष्ठापन समारोह में भारत विकास परिषद मंगलम शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सामाजिक सेवा में बढ़ चढ़कर भागीदारी करने का संकल्प दिलाया गया। एक रिसोर्ट में कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष अजय कट्टा, अधिष्ठापन अधिकारी नीरज मित्तल, जिलाध्यक्ष सोमप्रकाश वार्ष्णेय ने किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिवाकर गुप्ता, सचिव लवेंद्र रस्तोगी, कोषाध्यक्ष विनीत सर्राफ, महिला संयोजिका शशि वार्ष्णेय को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कपिल दीवाना, राजीव सिंह, मुकेश मेडिकल, योगेश कुमार एडवोकेट, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राहुल वार्ष्णेय टाइगर, राजेश कुमार डब्बू जी, सुनील रस्तोगी, संजय कुमार, नवीन वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे। संचालन प्रांतीय संगठन सचिव लव कुमार आर्य ने किया।



### वृद्धाश्रम में सुनीं वृद्धजनों की समस्याएं

**चन्दौसी, अमृत विचार :** प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में कैथल गेट स्थित आवासीय वृद्धाश्रम में बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराए जाने व उनकी समस्या के समाधान को जागरुक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव आदित्य सिंह, चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल संजीव कुमार सिंह, सुलह अधिकारी मनोज कठेरिया, समाजसेवी संगीता भार्गव, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की सदस्य नीलम राय, नूतन चौधरी मौजूद रहे।




### समिति पदाधिकारियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**संभल, अमृत विचार :** जिला संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने शंकर कॉलेज चौराहा पर इकट्ठा होकर अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा कि हादसे से पूरा देश हिल गया है। डॉ .नाजिम, डॉ .शहजाद आलम, डॉ .यूसी सक्सेना, चौधरी रविराज चाहल एडवोकेट, सफदर अल्वी, डॉ .अजीम, अबुजर खां, बब्बू खां, डॉ . नजम, कमांडर अली आदि रहे।

### 11 दिन से 2 किशोरियां लापता, परिजन परेशान

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र एक गांव की चचेरी-तहेरी दो किशोरियों बहनें 2 जून से घर से सामान लेने निकली थी। तभी से लापता हैं। परिजन पिछले 11 दिन से किशोरियों की बरामदगी के लिए थाने के चक्कर लगा रहे हैं। थाना क्षेत्र के एक गांव में 2 जून को चचेरी-तहेरी बहनें घर से गांव में लगने वाली साप्ताहिक बाजार से सामान लेने निकली थी। देर शाम तक दोनों किशोरियां घर नहीं पहुंची। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की तहरीर है। घटना के 5 दिन बाद परिजनों ने निकटवर्ती गांव गुरसरी के तीन युवकों के खिलाफ किशोरियों को बहला-फुसला कर ले जाने की तहरीर थाने में दी। इसके बाद पुलिस ने गांव गुरसरी निवासी रवि, अनिकेत व रतिभान के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया। मगर पुलिस 11 दिन बाद भी किशोरियों को बरामद नहीं कर सकी है। परिजन रोजाना थाने पहुंच अपनी पुत्रियों के विषय में जानकारी कर रहे हैं।



### मौन धारण कर मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय मानव कल्याण समिति की विनायक मार्ग स्थित कार्यालय पर शोक सभा में गुरुवार को अहमदाबाद में विमान हादसे पर दुख जताते हुए ईश्वर सभी मृतकों आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। समिति प्रबंधक डॉ . टीएस पाल, विपिन वार्ष्णेय, सुशील कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता, हरीश कठेरिया, बीना वार्ष्णेय, दुर्गेश्वरी, जयशंकर दुबे आदि मौजूद रहे। वैश्य एकता मंच ने स्टेशन रोड स्थित भगत सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। लवित वार्ष्णेय, आकाश वार्ष्णेय, तुषार क्रिस्टल, ब्रजेश चंद्र वार्ष्णेय, हेमंत वार्ष्णेय, दीपेश वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, खिलाडी वार्ष्णेय, पराग वार्ष्णेय, इशांक गोयल, सचिन वार्ष्णेय, मोहित बंसल मौजूद रहे।



### जुमे की नमाज पर अलर्ट रहा पुलिस प्रशासन

**संभल, अमृत विचार :** संभल में शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। जामा मस्जिद और दूसरी मस्जिदों के आसपास पुलिस बल मुस्तैद दिखा। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा करते हुए दुआ मांगी। शुक्रवार को सुबह से ही पुलिस प्रशासन की सतर्कता नजर आई। प्रमुख चौराहों पर पुलिस मुस्तैद रही। जामा मस्जिद के आसपास सुरक्षा और निगरानी के कड़े प्रबंध किए गए। यहां सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, सीओ आलोक भाटी, एसडीएम विकास चंद्र पहुंचे। बताते चलें कि 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वे के विरोध में हुई हिंसा के बाद से शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए जाते हैं।

### आधा घंटे की झमाझम बारिश से मौसम खुशनुमा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान बने थे। शुक्रवार की सुबह से आसमान में बादल छाने शुरू हो गई। सुबह 11 बजे झमाझम बारिश शुरू हो गई। जो आधे घंटे तक जारी बनी। बारिश होने से जनमानस ने गर्मी से काफी राहत महसूस की है। उमस भरी गर्मी से जनजीवन व्यस्त बना हुआ था। जिससे लोगों ने 10 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर निकलना बंद कर दिया। गर्मी से राहत को लोग ठंडे पेय पदार्थों का अधिक सेवन कर रहे थे। गर्मी से बचने के लिए लोग एसी व कूलर का सहारा ले रहे थे। शुक्रवार की सुबह आसमान में बादल छाने से बारिश होने की संभावना बनने लगी। सुबह 11 बजे झमाझम बारिश शुरू हो गई और आधे घंटे तक बारिश होती रही। बारिश होने से जनमानस को गर्मी से काफी राहत मिली है। बारिश के बाद भी दिन भर मौसम सुहाना रहा।

यथोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोमैत्री न जीर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।


## संपादकीय

# हमले के बाद

ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा हुए तनाव के बीच इजराइल ने ईरान के परमाणु और मिसाइल स्थलों पर हमला किया। हमलों से पश्चिम एशिया के दो धुर विरोधी देशों के बीच व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। क्षेत्र में खतरनाक ढंग से तनाव बढ़ने पर विश्व भर के नेताओं ने दोनों पक्षों से तत्काल तनाव कम करने का आह्वान किया। हमले में मारे गए लोगों में ईरान के तीन शीर्ष सैन्य नेता, सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ, अर्द्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के प्रमुख गार्ड के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के संचालक शामिल हैं। जो तेहरान के शासकीय तंत्र के लिए एक बड़ा झटका है। यह इराक के साथ 1980 के दशक के युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला था। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि इजरायल को कड़ी सजा दी जाएगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर वह परमाणु समझौते पर सहमत नहीं होता तो उसका देश और विरासत नष्ट हो जाएगी। लगता है कि अमेरिका को पहले से ही हमले की आशंका थी। अमेरिका ने बुधवार को इराक की राजधानी से कुछ अमेरिकी राजनयिकों को वापस बुला लिया था तथा पश्चिम एशिया से अमेरिकी सैनिकों के परिवारों के लिए स्वैच्छिक निकासी की पेशकश की थी। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने ईरान पर परमाणु अप्रसार संधि का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है, जिसमें कहा गया कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम मौजूद है, जो परमाणु हथियार बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हो सकता है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही कूटनीतिक उथल-पुथल के बीच ट्रंप प्रशासन ईरान पर दबाव बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहा है। साथ ही रूस ने सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान किया, ताकि तनाव और न बढ़े एवं यह क्षेत्र पूर्ण युद्ध क्षेत्र में न बदल जाए। ईरानी परमाणु कार्यक्रम के इर्द-गिर्द कोई भी समझौता सैन्य बल से नहीं हो सकता और इसे केवल शांतिपूर्ण, राजनीतिक और कूटनीतिक तरीकों से ही हासिल किया जा सकता है। ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर बढ़ते तनाव के बीच हुए क्षेत्र में शांति स्थापित करना एक जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य है। कई संगठन और लोग इस क्षेत्र में शांति के लिए काम कर रहे हैं, जो जरूरी है।

# सौर-प्रकाशवृत्त के प्रभाव से बदलता है पृथ्वी का मौसम



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

डिजिटल फोटोग्राफी तकनीक के संदर्भ में रिजोल्यूशन का अर्थ एलसीडी स्क्रीन पर दिखाई देने वाली छवि की क्लैरिटी अर्थात स्पष्टता का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो हॉरिजॉन्टल और वर्टीकल, दोनों तरह से व्यवस्थित पिक्सेल की संख्या पर आधारित होती है।

जानकर चकित होना पड़ता है कि मात्र छः वर्ष की अवधि में सौर अध्ययन के लिए एक एडवांस्ड टेलिस्कोप की स्थापना हेतु अमरीका के 17 प्रमुख संस्थान एकजुट हो गए जिनमें वायु सेना अनुसंधान प्रयोगशाला, बेलन प्लाज्मा समूह, अनुप्रयुक्त भौतिकी की प्रयोगशालाएं, कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी का नॉर्थ्रिज स्थित कैलिफोर्निया प्रौद्योगिकी संस्थान, भौतिकी और खगोल विज्ञान विभाग एवं बारह अन्य महत्वपूर्ण संस्थान हैं। सन 1898 से अमरीका के आधिपत्य में आए हवाई देश को अमरीका ने सन 1959 में अपने क्षेत्र का 50वां राज्य घोषित किया था। प्रशांत महासागर में स्थित हवाई समूह के माउई नामक टापू पर एक शांत ज्वालामुखी के मुहाने के निकट एक टेकड़ी पर स्थापित किए गए इस टेलीस्कोप ने 23 फरवरी, 2022 को अपना पहला वैज्ञानिक अवलोकन शुरू किया, जो इसके एक साल तक चलने वाले परिचालन कमीशनिंग चरण की शुरुआत का संकेत था। इन तीन सालों के भीतर किये गए अध्ययन से सूर्य के बारे में बहुत सी नई और जानकारी जुटाई गई है जो पहले से स्थापित और कार्यरत अन्य टेलिस्कोप्स की बनिस्पत अधिक सुसपष्ट और उन्नत है।

धरती पर होने वाली मानवीय गतिविधि बनी रहे इसके लिए अपने सूर्य की हलचल और इसके व्यवहार का निरंतर अवलोकन जरूरी है। अध्ययन के लिए एक आधुनिकतम, नया मुख्य टूल माउई टेलिस्कोप की इमारत और गुम्बद के भीतर स्थापित किया गया है जिसके मिरर का व्यास 4.24 मीटर और मोटाई 75 मिलीमीटर है। इसके संचालन की तकनीक और इंजीनियरिंग कमाल की है। इस नवीनतम सोलर ऑब्जर्वेटरी की स्थापना पर भारतीय रुपये में मूल्य के अनुसार 29 अरब, 51 करोड़ 19 लाख का खर्चा हुआ है। भू-स्थल आधारित एस्ट्रोनॉमी में अभी तक का यह सर्वाधिक उन्नत टेलिस्कोप है। इस सोलर दूरबीन का नाम डेनियल केन इनौये सोलर टेलिस्कोप रखा गया है। डेनियल एक अमेरिकी वकील, सैनिक और राजनेता थे, जिन्होंने सन 1963 से 2012 में अपनी मृत्यु तक हवाई से संयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेटर के रूप में कार्य किया। इस टेलिस्कोप से किए गए अवलोकन से सूर्य के बारे में चित्र और ग्राफ़िक्स सहित नवीनतम जानकारी युक्त एक पर्चा -द स्ट्रियेटेड सोलर फोटोस्फीयर ऑब्ज़र्व्ड एट 0".03 रेजोल्यूशन, का प्रकाशन द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स के 20 मई सन 2025 के अंक में हुआ है। अवलोकन आधारित इस शोध पर्चे में सूर्य के प्रकाशवृत्त के नजदीक के चित्र बहुत स्पष्ट और साफ़ हैं जिनसे प्लाज्मा की चुम्बकीय गतिविधि के हाई-रेजोल्यूशन क्लोज़अप दृश्य पहली बार देखे गए। खगोल भौतिकविद इन चित्रों के मिलने से काफी खुश नज़र आ रहे हैं। इन चित्रों को अमरीका, स्पेन, जर्मनी और स्विट्ज़रलैंड के खगोलविदों की टीम ने प्राप्त किया है। चित्रों की स्पष्टता और क्लोज़-अप टेलिस्कोप के विशाल मिरर के कारण संभव हुई जिन्हें इसके प्रकाश परावर्ती सिरे पर रखे हुए स्पेक्टोग्राफ यंत्र से डिजिटल माध्यम से प्राप्त किया गया। सूर्य के प्रकाशवृत्त की दिखाई देने वाली रचना की वृत्ताकारी प्रकृत्ति को इस तरीके से स्पष्ट, चित्रमय भाषा में पहली बार देखा गया है। इससे मालूम हुआ है कि फोटोस्फीयर अनेक वृत्ताकार वलयों से बना है जिसमें एक वृत्त करीब 20 से 50 किलोमीटर की चौड़ाई का है। अवलोकन से जुटाए गए डाटा के अध्ययन से अतिरिक्त जानकारी मिलेगी जिससे यह मालूम हो सकेगा कि अनेक वृत्तों से निर्मित वाले फोटोस्फीयर में से हरेक वृत्त में सूर्य के चुम्बकीय तूफ़ान की रचना और शक्ति संपन्नता किस आधार से होती होगी अर्थात, प्रत्येक वृत्त में मैग्नेटिक फ्लक्स की ताकत को मापा जा सकेगा। इन चुम्बकीय तूफानों की लहर जब पृथ्वी की तरफ बढ़ती है तो इसकी काफी मात्रा हमारे वायुमंडल द्वारा सोख ली जाती है जिसे इसकी ताकत का ह्रास होता है। फिर भी जो थोड़ी से या बची हुयी मात्रा वायुमंडल को भेद कर धरती तक पहुंच पाती है उससे पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष में कृत्रिम उपग्रहों और अंतरिक्ष स्टेशन, अंतरिक्ष उड़ानें, वायुयानों से होने वाला हवाई परिवहन, इलेक्ट्रॉनिक संचार, विद्युत सप्लाई लाइनें और प्राणी जीवन पर काफी मात्रा में एवं गहरा प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना होती है। अनेक बार इससे भौतिक नुकसान भी होता है। यह फ्लक्स अत्यधिक शक्तिशाली और तीव्र गति का है तो प्राणियों में जीवन की रचना करने वाली कोशिकीय प्रोटीन्स और डीएनए तक टूट-फूट सकता है। फसलों की सेहत पर दुष्प्रभाव भी हो सकता है। माउई पर डेनियल केन इनौये सोलर टेलीस्कोप से किए गए इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिलती है कि सूर्य पर छोटे पैमाने की चुंबकीय घटनाएं उसके समग्र व्यवहार को कैसे प्रभावित करती हैं, जिससे हमें अंततः सौर ज्वालाओं और अंतरिक्ष मौसम को पहले से बेहतर तरीके से समझ पाएंगे।

> सूर्य के फोटोस्फीयर पर संवहन कोशिकाओं जैसे ही ये रचनाएं हैं। जैसे ही गर्म कणिकाओं की दीवारों से उत्सर्जित प्रकाश चुंबकीय पर्दे से होकर गुजरता है, यह इन धारीदार पैटर्न का निर्माण करता है, जो अंतर्निहित चुंबकीय बलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

डिजिटल फोटोग्राफी तकनीक के संदर्भ में रिजोल्यूशन का अर्थ एलसीडी स्क्रीन पर दिखाई देने वाली छवि की क्लैरिटी अर्थात स्पष्टता का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो हॉरिजॉन्टल और वर्टीकल, दोनों तरह से व्यवस्थित पिक्सेल की संख्या पर आधारित होती है। जो डिजिटल चित्रों में रिज़ॉल्यूशन एक छवि में सूचना की मात्रा को व्यक्त करता है और पिक्सेल प्रति इंच या डॉट प्रति इंच में मापा जाता है, उच्च-गुणवत्ता वाले प्रिंट और दृश्य प्रस्तुतियों के उत्पादन के लिए हाई रेजोल्यूशन आवश्यक है। जाहिर है प्रत्येक टेलिस्कोप के साथ एक डिजिटल कैमरा भी जोड़ा जाता है जिससे मिरर से देखे गए एक ऑब्जेक्ट या सूर्य से मिली दृश्य सूचना को डिजिटल पद्धति में बदल कर फिर से एक छवि बनायी जाती है जिसे हम देख पाते हैं और रिकॉर्ड में रख सकते हैं। जी-बैंड में दूरबीन के विज़िबल ब्रॉडबैंड इमेजर का उपयोग करके विस्तृत चित्र डेनियल टेलिस्कोप से लिए गए जोकि सौर चुंबकीय गतिविधि का अध्ययन करने के लिए श्रृंखला विशेष में प्रभावी दृश्य-प्रकाश है। फोटोस्फीयर के छल्लों में धारियां भी नज़र आईं हैं जिन्हें छल्ले के भीतर के आवेशित गैस कणों की पृष्ठभूमि में देखा गया है। सूर्य के फोटोस्फीयर पर संवहन कोशिकाओं जैसे ही ये रचनाएं हैं। जैसे ही गर्म कणिकाओं की दीवारों से उत्सर्जित प्रकाश चुंबकीय पर्दे से होकर गुजरता है, यह इन धारीदार पैटर्न का निर्माण करता है, जो अंतर्निहित चुंबकीय बलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

सूर्य के प्रकाशवृत्त में देखी गयी चमकीली और गहरी धारियों की वैकल्पिक बारंबारता चुंबकीय क्षेत्रों की उपज है जोकि सूर्य के प्रकाश मंडल में पतली, पर्दा जैसी चादरें बनाते हैं। ये चुंबकीय पर्दे हवा में उड़ते हुए कपड़े की तरह लहराते और बदलते हैं और इसीसे मजबूत चुंबकीय क्षेत्रों के माध्यम में ये प्रकाशित होते हैं, चमकते हैं या कमजोर चुंबकीय प्रभाव वाले क्षेत्रों में काली पट्टी के रूप में दिखाई देते हैं। काली और सफ़ेद ये पट्टियां सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र और उसके प्लाज्मा के बीच की अंतरक्रियात्मक गतिविधि हैं जिससे सूर्य की दृश्यमान सतह में बदलाव होता है इसे विल्सन डिप्रेशन के रूप में जाना जाता है। इन पट्टियों की चमक में होने वाले सूक्ष्म बदलाव चुंबकीय क्षेत्र की ताकत में अंतर को दर्शाते हैं। पहली बार स्पष्ट रूप में इन बदलावों को केवल इनौये सोलर टेलीस्कोप की असाधारण शक्ति के कारण पकड़ा जा सका है। इससे पुष्टि हुई है कि देखी गई धारियां चुंबकीय उतार-चढ़ाव के संकेत मात्र ही नहीं हैं, बल्कि सूर्य की सतह के उतार-चढ़ाव को ये कैसे प्रभावित करते हैं इस बारे में भी हमारी समझ को गहरा करते हैं। छोटे पैमाने के ये चुंबकीय बदलाव सोलर-फ्लेयर्स, सूर्य की सतह पर होने वाले विस्फोट और कोरोनल मास इजेक्शन के दौरान इनसे उगले गए प्लाज्मा जैसी बड़ी सौर घटनाओं को कैसे प्रभावित कर सकते हैं इस बारे में अध्ययन और शोध के लिए रास्ता खुल गया है ताकि अंतरिक्ष और धरती के मौसम पर होने वाले प्रभावों को हम पहले से बेहतर होकर समझ सकें। कहने का अर्थ यह की सौर प्रकाशवृत्त की चुंबकीय गतिविधि पृथ्वी के मौसम को प्रभावित करती है।

## प्रसंगवश

# तकनीकी खराबी या नीतिगत विफलता

12 जून 2025 की दोपहर भारतीय विमानन इतिहास की एक और काली तारीख बन गई। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171, जो अहमदाबाद से लंदन गेटविक के लिए रवाना हुई थी, टेकऑफ़ के कुछ मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की भयावहता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि क्रैश साइट पर सेना, एनडीआरएफ, और स्थानीय प्रशासन को एक साथ तैनात करना पड़ा। इस त्रासदी ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा किया कि आधुनिक तकनीक और एयरलाइन सुरक्षा के तमाम दावों के बावजूद, क्या हम वास्तव में सुरक्षित हैं?



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

इस विमान में कुल 242 लोग सवार थे- जिनमें 230 यात्री (217 वयस्क, 11 बच्चे और 2 शिशु) और 12 क्रू सदस्य शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से कोई भी जीवित नहीं बचा, सिवाय एक व्यक्ति के जिसे सीट 11ए से चमत्कारिक रूप से बचाया गया। मृतकों में 169 भारतीय नागरिक थे, जबकि बाकी में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और 1 कनाडाई नागरिक शामिल थे। जहां यह हादसा हुआ, वहां बीजे मेडिकल कॉलेज का डॉक्टर हॉस्टल स्थित है।

जिस इमारत से विमान टकराया, वहां उस समय दर्जनों छात्र दोपहर का भोजन कर रहे थे। कम से कम 5 छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई और कई घायल अवस्था में अस्पताल ले जाए गए। इन छात्रों की आयु 22 से 28 वर्ष के बीच थी - वे अपने जीवन की शुरुआत में थे, अपने सपनों के बिल्कुल करीब। पीड़ित परिवारों के लिए यह सिर्फ एक भौतिक नुकसान नहीं था, बल्कि जीवन का वह हिस्सा छिन गया था जिसमें सपने, उम्मीदें, और भावनाएं बसती हैं। इस हादसे ने उन छात्रों के माता-पिता, दोस्तों और साथियों को ऐसा खालीपन दिया है जिसे भरना शायद नामुमकिन है। यह त्रासदी केवल एक विमान हादसा नहीं, बल्कि एक पूरी पीढ़ी की आकांक्षाओं पर लगा ग्रहण बन गई।

जब कोई विमान इस प्रकार दुर्घटनाग्रस्त होता है, तो हर किसी का ध्यान सबसे पहले तकनीकी कारणों की ओर जाता है। अहमदाबाद हादसे में भी यही हुआ। मौसम संबंधी डेटा के अनुसार उस समय आसमान साफ था, और दृश्यता सामान्य से बेहतर थी। इससे यह स्पष्ट होता है कि दुर्घटना का मुख्य कारण तकनीकी या यांत्रिक त्रुटि हो सकता है। विशेष बात यह है कि यह दुनिया का पहला ड्रीमलाइनर विमान है जो इस प्रकार के क्रैश का शिकार हुआ। टेकऑफ़ के कुछ ही सेकंड के भीतर पायलट ने "मायडे" कॉल दी, जो यह दर्शाता है कि उन्हें किसी बड़ी तकनीकी खराबी का आभास हो गया था। एयर ट्रैफिक कंट्रोल से प्राप्त रडार ट्रैकिंग बताती है कि विमान ने अचानक ऊंचाई खोई और तेज़ी से नीचे गिरा। यह या तो इंजन फेल्योर, या फिर कंट्रोल सिस्टम में गंभीर गड़बड़ी का संकेत देता है। जैसे ही हादसे की खबर सामने आई, मीडिया चैनलों पर लाइव कवरेज शुरू हो गया।

इस हादसे ने एक बार फिर विमानन सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे पहली ज़रूरत है—डीजीसीए को पूर्ण स्वायत्तता देने की, ताकि वह राजनीतिक या कॉरपोरेट दबाव से मुक्त होकर सुरक्षा मानकों की निगरानी कर सके। एयरलाइन कंपनियों को हर तीन महीने में अपनी तकनीकी जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए। पुराने विमानों को चरणबद्ध रूप से हटाना और पायलटों की ट्रेनिंग को नियमित करना भी अनिवार्य हो गया है। सिमुलेटर आधारित प्रशिक्षण, आपातकालीन परिस्थिति में निर्णय लेने की क्षमता और उड़ान के दौरान मानसिक स्वास्थ्य की निगरानी जैसी व्यवस्थाएं हर एयरलाइन में होनी चाहिए। ब्लैक बॉक्स और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर की जानकारी जनता से नहीं छुपाई जानी चाहिए। अमेरिका और यूरोप में इनकी जांच की समय सीमा तय होती है, भारत में भी इसे लागू किया जाना चाहिए। यात्रियों को फ्लाइट इंश्योरेंस और सुरक्षा मानकों की पूरी जानकारी देने के लिए एयरपोर्ट पर जागरूकता केन्द्र खोले जाने चाहिए। यह हादसा सिर्फ एक त्रासदी नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। हम चाहें तो इसे बदलाव की शुरुआत बना सकते हैं - जिससे भविष्य में कोई और एआई 171 अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले राख न बन जाए।

# फिर दोस्ती की राह पर हैं भारत और मालदीव

एक वक्त था जब भारत और मालदीव के रिश्तों में तनाव था, संदेह था और दूरी बढ़ रही थी। लेकिन अब, वही रिश्ते फिर से गरमाहट और सहयोग की दिशा में लौटते दिख रहे हैं। साल 2023 के अंत में जब मोहम्मद मुइज़्ज़ू मालदीव के राष्ट्रपति बने, तो नई दिल्ली के गलियारों में खलबली मच गई। वजह थी उनका चुनाव प्रचार-जिसमें 'इंडिया आउट' कैंपेन चला। भारतीय सैनिक वहां समुद्री निगरानी, मानवीय सहायता और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में लगे थे। लेकिन मुइज़्ज़ू की राष्ट्रवादी बयानबाज़ी ने उनकी मौजूदगी को मालदीव की संप्रभुता पर खतरे के तौर पर दिखाया और भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने की बात की गई। इसके बाद माले-दिल्ली के रिश्ते तनातनी की राह पर चल पड़े।

मुइज़्ज़ू ने राष्ट्रपति बनने के बाद पहली आधिकारिक यात्रा भारत की जगह तुर्की की। इसके साथ ही उन्होंने भारत के साथ हाइड्रोग्राफी समझौता नवीनीकृत करने से इनकार कर दिया। उन्होंने एक चीनी शोध पोत को मालदीव के जलक्षेत्र में प्रवेश की अनुमति दी, जिससे भारत की चिंता और बढ़ गई। इन घटनाओं के बीच मालदीव के कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की पर्यटन को बढ़ावा देने वाली नीति पर टिप्पणी कर दी, जिससे दोनों देशों के रिश्तों में खटास और बढ़ गई।

सही है मालदीव ने पिछले कुछ वर्षों में चीन की ओर झुकाव दिखाया है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि भूगोल नहीं बदला जा सकता। भारत और मालदीव के बीच हिंद महासागर की साझी सीमाएं हैं, साझा हित हैं और ऐतिहासिक संबंध भी। इसलिए भले ही चीन का असर बढ़े, मालदीव भारत को दरकिनार नहीं कर सकता।



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

> मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है। खासकर भारतीय पर्यटक उन महीनों में आते हैं जब पश्चिमी देशों से पर्यटक नहीं आते।

क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भारत की नीति, सागर यानी सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर आल इन द रीजन, के तहत छोटे द्वीपीय देशों को साथ लेकर चलने की है।

ऐसे में रिश्तों में सुधार के लिए भारत ने सार्वजनिक प्रतिक्रिया देने की बजाय बैकचैनल डिप्लोमेसी का रास्ता अपनाया। चुपचाप बातचीत हुई और दोनों देश एक ऐसे समझौते पर पहुंचे जिसमें भारतीय सैनिकों को तकनीकी विशेषज्ञ भारतीय नागरिकों से बदल दिया गया। इससे मुइज़्ज़ू की जनता को भी जवाब मिला और भारत को भी राहत। मुइज़्ज़ू जून 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। फिर अक्टूबर में उन्होंने भारत की आधिकारिक यात्रा की। भारत ने 2024-25 के बजट में मालदीव के लिए 400 करोड़ रुपये की विकास सहायता की घोषणा की-जो पिछले साल के बराबर थी।

मार्च 2024 में राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत मालदीव का सबसे करीबी सहयोगी है। उन्होंने कभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जो भारत-मालदीव रिश्तों को नुकसान पहुंचाए। मुइज़्ज़ू ने भारत से आर्थिक मदद की उम्मीद जताई। भारत ने भी सकारात्मक संकेत दिए। उसने मालदीव को दिए गए कर्ज की पुनर्भुगतान शर्तों को आसान किया। यह आर्थिक सहयोग ऐसे समय पर आया जब मालदीव आर्थिक संकट से जूझ रहा था।

मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है। खासकर भारतीय पर्यटक उन महीनों में आते हैं जब पश्चिमी देशों से पर्यटक नहीं आते। इस कारण भारतीय पर्यटक ऑफ-सीजन में भी मालदीव के पर्यटन उद्योग को जिंदा रखते हैं। मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉर्पोरेशन और भारत में मालदीव के उच्चायुक्त बालासुब्रमण्यम के बीच हालिया बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि कैसे भारतीय पर्यटकों की संख्या को और बढ़ाया जाए। इससे दोनों देशों को आर्थिक रूप से फायदा होगा।

खबर है कि प्रधानमंत्री मोदी 26 जुलाई को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हो सकते हैं। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने हाल ही में भारत दौरे के दौरान मुइज़्ज़ू की ओर से मोदी को यह निमंत्रण फिर से दोहराया। अगर मोदी जाते हैं, तो यह उनकी मुइज़्ज़ू शासनकाल में पहली मालदीव यात्रा होगी। यह कदम संबंधों को और मज़बूती देगा।

भारत और मालदीव के संबंध अब धीरे-धीरे संदेह की रात से निकलकर विश्वास की सुबह की ओर बढ़ रहे हैं। ये रिश्ता भूगोल, अर्थशास्त्र और आपसी सहयोग की ज़रूरतों पर आधारित है। यह दिखाता है कि कूटनीति में कोई दरवाजा कभी पूरी तरह बंद नहीं होता। मुइज़्ज़ू के कार्यकाल में रिश्तों ने कई रंग देखे-तनाव, दूरी, फिर मेल और अब सहयोग। अब जो दिख रहा है, वो है एक नई शुरुआत का संकेत। भारत और मालदीव, दोनों अपने हितों को समझते हैं और अब एक साथ आगे बढ़ने को तैयार हैं।

## सोशल फोरम

# अपना गुरु खुद बनो

दुनिया तो इधर आकर ग्लोबल हुई न! साहित्य बहुत पहले से ग्लोबल था। उनको खेल की तरह पूरे विश्व कविता का ध्यान रखना होगा। कड़ी मेहनत का अर्थ क्या? पहली बात तो यह कि पूर्ण समर्पण-जीवन होम। खूब पढ़ना क्या होता है, यह मैं आजतक न समझ पाया। निरंतर पढ़ना जरूर समझा। अनेक पढ़ने वाले अहंकारियों को देखा है- ठस। कवि ज्ञानेन्द्रपति ने एक बार साथ टहलते हुए एक महत्वपूर्ण बात कही थी, बहुत लोग इस तरह पढ़ते हुए अपने अहम की सेल्फ पर एक किताब का बोझ और लाद लेते हैं। उतना ही घी खाओ कि पच जाय।



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

साहित्य या कला में बिना बावलापन के आप बहुत बेहतर नहीं कर सकते। इसलिए न खत्म होने वाली आसक्ति तो जरूरी है ही। रेणु, त्रिलोचन और नागार्जुन की साहित्य को लेकर ऐसी आसक्ति कि परिवार को भाग्य भरोसे छोड़ दिया। वह समय अब बीत गया। लेकिन अब हम उनकी सराहना करें कि आलोचना? मेरी बात मानिये, उनकी रचना पढ़िए।

असल बात यह है कि सृजन की कोई निश्चित डगर नहीं होती। लिखने के पहले कुछ भी तय नहीं होता। अनिश्चय की यात्रा है,चलना है तो चलो वरना कोई और काम ढूंढ लो।

जीवन, समाज, समय और प्रकृति को अधिकाधिक समझे बिना कोई बड़ा रचनाकार नहीं बन सका है। मैंने अनेक रचनाकारों की आत्मकथाएं और जीवनियां पढ़ी हैं। रेणु से रामविलास जी तक को बहुत बड़े-बड़े रचनाकार को करीब से देखा है। कोई भी बनी -बनाई राह पर न चला। सबने अपनी अलग राह बनाई। मोपांसा और मंटो एक-दूसरे के करीब दिखते हैं लेकिन दोनों ने अपनी-अपनी डगर पर चलकर ऊंचाई हासिल की।

हजारीप्रसाद द्विवेदी की इस बात से मैं एकदम सहमत हूं कि किसी को गुरु न बनाओ। अपना गुरु खुद बनो, यह रचनाकार बनने की पहली शर्त है। समुद्र में कूद ही गए हो तो बस तैरना है, जब तक तैर सको।

**-फेसबुक वॉल से**

# भारत में न्याय का धैर्यपर्व

भारत में न्याय का सबसे बड़ा प्रतीक 'तारीख' है। इस देश के आम आदमी ने अदालत से अब तक जितना न्याय पाया है, उससे कहीं अधिक 'अगली तारीख' पाई है। आप अदालत जाइए, कोई भी फ़ाइल उठाइए फ़ाइल में न्याय कहीं न कहीं दबा मिलेगा, पर तारीख ऊपर-ऊपर ही पड़ी रहेगी, जैसे किसी रोगी की जांच रिपोर्ट में बीमारी नीचे छिपी हो और डॉक्टर सिर्फ फॉर्मेट देखकर मुस्करा दे। तारीखें मिलती रहती हैं और विचाराधीन बंदी उन तारीखों की गिनती करते-करते अपनी उम्र के कई वसंत, कई सावन जेल की कोठरी में बिता देते हैं - जैसे वह कोई कैदी नहीं, बल्कि 'सरकारी दीवार घड़ी' हो, जो सिर्फ समय बताने के लिए लगी हो।

1987 में विधि आयोग ने कहा था कि हर दस लाख पर पचास जज तो होने ही चाहिए। न्याय की गाड़ी खींचनी है, भाई! लेकिन आज़ादी के अमृतकाल में हम इतने आत्मनिर्भर हो चुके हैं कि पंद्रह जजों से ही काम चला रहे हैं। 'तारीख पर तारीख' की जो ऐतिहासिक परंपरा है, उसका क्या होगा? और फिर न्यायालय परिसर में वर्षों से चल रही चाय की वो दुकानें जहां देश की सबसे धीमी न्यायिक प्रक्रिया की सबसे तेज़ चर्चाएं होती हैं उनका धंधा किस सहारे चलेगा?

राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों के अनुसार, 31 दिसंबर 2023 तक देश में पांच करोड़ से अधिक मुक़दमे अदालतों में लंबित हैं जिनमें से कुछ तो इतने पुराने हो चुके हैं कि अब न्याय नहीं, 'पुनर्जन्म की प्रतीक्षा' कर रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 'भारत में कारागार संबंधी आंकड़े 2022' रिपोर्ट बताती है कि देश की जेलों में बंद कुल कैदियों में से लगभग 77 प्रतिशत विचाराधीन हैं यानी वे नागरिक, जिन पर अभी अपराध सिद्ध नहीं हुआ, पर दंड पहले ही प्रारंभ हो चुका है। न्यायालय की मुहर भले न लगी हो, पर सलाखों ने उन्हें अपराधी मान लिया है। यह भारतीय न्याय प्रक्रिया का वह 'प्रारंभिक दंड पाठ्यक्रम' है, जिसे बिना अदालती प्रमाण के ही लागू कर दिया जाता है। पर न्याय के मंदिर में जब समय की बलि दी जाती है, तो सबसे पहले इन्हीं बंदियों का जीवन उसमें झोंका जाता है। वे दोष सिद्ध नहीं हैं, लेकिन दंड भोग रहे हैं। वे अभियुक्त हैं पर व्यवस्था उन्हें अपराधी मान चुकी होती है। और इस सजा की कोई अधिकतम अवधि नहीं है क्योंकि उसके ऊपर 'तारीखों' का आसमान टंगा होता है।



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी
ओएनजीसी, देहरादून

> बेल की प्रक्रिया के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य (1979) में कहा था कि लंबी अवधि तक विचाराधीन रखने पर स्वतः जमानत मिलनी चाहिए।

आंकड़े बताते हैं कि भारत की जेलों में अब 131 प्रतिशत ओअनूप शुक्ल वरक्राउडिंग है। कभी-कभी तो लगता है कि सरकार के लिए जेलें 'डिस्प्ले यूनिट' हैं-जहां बंदियों की संख्या देखकर बाहर की जनता को तसल्ली हो जाती है कि 'अपराधियों पर लगाम कस दी गई है'। अब वह अपराध सिद्ध हुआ या नहीं, यह उतना ज़रूरी नहीं, मुख्य बात यह है कि किसी को पकड़ लिया गया है। बाक़ी तो 'क़ानून अपना काम कर रहा है' वाला राग चलता रहेगा। ताज्जुब तो तब होता है जब कोई निर्दोष व्यक्ति पांच-पांच, दस-दस वर्षों तक विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में सड़ता रहता है और फिर एक दिन अदालत कहती है:"दोष सिद्ध नहीं हुआ।" बेल की प्रक्रिया के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य (1979) में कहा था कि लंबी अवधि तक विचाराधीन रखने पर स्वतः जमानत मिलनी चाहिए। पर उस "स्वतः" शब्द की शर्तें इतनी जटिल हैं कि गरीब आदमी के लिए वह न्याय की शर्त नहीं, दंतकथा का पात्र बन जाती है। क़ानून कहता है बेल मिलनी चाहिए, लेकिन व्यवहार पूछता है "जमानती कौन है?" अब एक दिहाड़ी मजदूर, जो खुद जेल में है, जिसके परिजन किसी ईंट-भट्ठे या चाय के खोखे पर जुटे हैं, वह जमानती कहां से लाए? मलिमथ समिति ने भी वर्षों पहले कहा था कि बेल की प्रक्रिया सरल हो। और सच कहें, तो कागज़ों में सरलता आ भी गई है। फार्म दो पेज से घटकर एक हो गया है। पर न्याय व्यवस्था में वह फार्म अब भी वहीं किसी क्लर्क की टेबल के नीचे, और कैदी के भाग्य के ऊपरअटका है। आप चाहें तो बेल मांग सकते हैं पर उसके लिए चाहिए "साक्षरता, दस्तावेज़, जमानती, और थोड़ा-सा भाग्य"। और यदि आप इन सबमें असफल हैं तो न्याय व्यवस्था आपकी प्रतीक्षा नहीं करती, वह बस आपको 'अगली तारीख' थमा देती है।'

26 नवंबर 2024, संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर, गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जो विचाराधीन बंदी जमानत के पात्र हैं, उन्हें रिहा किया जाए। जनवरी 2025 में गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट मांगी और संकेत दे दिया कि अब चुप्पी भी दायित्वहीनता नहीं, अपराध मानी जाएगी। आज न्याय प्रक्रिया में जिस प्रकार गरीब विचाराधीन बंदी का जीवन गल रहा है। जब तक गरीब आदमी जेल में न्याय की प्रतीक्षा करते-करते अपने जीवन के वर्ष नष्ट करता रहेगा, तब तक हमारी न्यायिक उपलब्धियां चाहे कितनी भी डिजिटल हो जाएं, न्याय की आत्मा तो ताम्रपत्रों में जड़ी पड़ी रहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

बिजनौर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव गोलीया निवासी अब्दुल शमी का 22 वर्षीय पुत्र नईम कारपेंटर था। वह शुक्रवार की सुबह अपने रिश्तेदार साहिल के साथ बाइक से दिल्ली काम करने के लिए जा रहा था। बदायूं-बिजनौर स्टेट हाईवे पर कुमराला चौकी के निकट तेजगति ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें नईम की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि उसका साथी साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर देख चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। नईम की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मुलायम सिंह यादव पर टिप्पणी के विरोध में सपाइयों ने किया प्रदर्शन

### मंडी धनौरा सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक पर रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** मंडी धनौरा के चिकित्साधीक्षक द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव पर की गई टिप्पणी व अपशब्दों के विरोध में सपाइयों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग की। एसपी को ज्ञापन देकर चिकित्सक पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की।

शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और मंडी धनौरा सीएचसी के प्रभारी डॉ. कुणाल पाराशर द्वारा मुलायम सिंह यादव पर अभद्र टिप्पणी करने पर रोष जताया। दरअसल गुरुवार को मंडी धनौरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धनौरा की निवासी मीना अपने बेटे अंकित सैनी के साथ दवाई लेने के लिए गई थी। एक्स-रे न होने पर अंकित ने डॉ. कुणाल पाराशर से कहा तो वह भड़क



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते सपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**● सपाइयों ने एसपी को ज्ञापन देकर चिकित्सक पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की**

गए। विरोध करने पर मां-बेटे के साथ मारपीट की। इस दौरान पुलिस पहुंच गई। पुलिस के सामने भी डॉक्टर गाली-गलौच करते रहे। इस दौरान डॉ. कुणाल ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। हंगामा हुआ तो सीएमओ ने स्थिति संभालने की कोशिश की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

शुक्रवार को सपाइयों ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व एमएलसी परवेज अली ने कहा कि डॉक्टर की टिप्पणी शोभा नहीं देती है। यह घोर अपमानजनक कृत्य है। मुलायम सिंह यादव का अपमान बिल्कुल सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस व प्रशासन से डॉक्टर की सेवा समाप्त करने के साथ ही उन पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। सपाइयों ने डीएम और एसपी को ज्ञापन दिया। महमूद अली उर्फ भूरे भाई, सोमपाल सैनी, सुखवीर सिंह, नवनीत गोला आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रेमिका ने प्रेमी संग पति पर किया जानलेवा हमला

**गजरौला, अमृत विचार :** प्रेमिका ने अपने प्रेमी के साथ पति पर जान लेवा हमला करके घायल कर दिया। इसके बाद प्रेमिका अपने के प्रेमी के साथ फरार हो गई। पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया।

नौगांवा सादात निवासी एक युवक अपनी पत्नी के साथ गजरौला के एक मोहल्ले में किराए पर रहता था। कुछ दिन पहले युवक अपनी पत्नी के साथ गाजियाबाद में काम करने के लिए चला गया था। उसकी पत्नी की नौगांव सादात निवासी एक युवक से जान पहचान थी। वहला अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। गुरुवार को उसका पति घर आया तो पत्नी भी अपने प्रेमी संग आ गई। महिला ने अपने प्रेमी संग अपने पति पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद प्रेमिका अपने प्रेमी संग फरार हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बूंदाबांदी से बदला मौसम का मिजाज, लोगों को मिली राहत

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** बूंदाबांदी से मौसम सुहावना हो गया। तापमान में गिरावट दर्ज की गई। आसमान पर बादल छाए रहे। दोपहर में थोड़ी देर के लिए धूप खिली, उसके बाद भी हवाएं चलने लगीं। लोगों ने राहत की सांस ली।

पिछले एक सप्ताह से भीषण गर्मी हो रही थी। चिलचिलाती धूप से लोग परेशान थे। पिछले दो दिन से तो तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच रहा था। शुक्रवार की सुबह आसमान बादलों से घिर गया। सुबह हुई बूंदाबांदी के बाद मौसम सुहावना हो गया। ठंडी हवाएं चलने लगी। देखते ही देखते हल्की फुहारें तेज बारिश में बदल गईं। इससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। बारिश शुरू होते ही लोगों के चेहरों पर खुशी छा गई। बच्चे और युवा घरों से निकलकर बारिश में भीगने लगे। यह बारिश किसानों के लिए भी फायदेमंद साबित हुई है। इससे सूखी जमीन को पानी मिला है। शाम को भी ठंडी हवा चलने से लोग अपने घरों के बाहर बैठ गए और हवा का आनंद लिया। किसानों को जल्द अच्छी बारिश की उम्मीद जगी है।



बारिश के बीच गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

## विमान हादसे में मृतकों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि देते एसपी अमित आंनद, एसपी पीएसी मुरादाबाद ख्याति गर्ग, चेयरमैन अनुकृति चौधरी, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक व अन्य लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अहमदाबाद में हवाई जहाज दुर्घटना में मारे गए लोगों को सैदनगली महोत्सव के दौरान श्रद्धांजलि दी गई। एसपी अमित आंनद, पुलिस अधीक्षक (पी.ए.सी) मुरादाबाद डॉ. ख्याति गर्ग, हसनपुर सीओ दीप कुमार पंत, थाना सैदनगली अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, चेयरपर्सन डॉ. अनुकृति चौधरी, महामंत्री अभिनव

**● एसपी, चेयरमैन सहित सैकड़ों लोगों ने कैंडल जलाकर रखा दो मिनट का मौन**

कौशिक सहित अन्य लोगों ने कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन रख मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

अभिनव कौशिक ने कहा कि अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा अत्यंत पीड़ादायक और दिल दहला देने वाला है। इस त्रासदी में जान गंवाने वाले सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स के परिजनों के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है। जिसकी पीड़ा शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि हम इस कठिन समय में शोकाकुल परिवारों के साथ पूर्ण संवेदना एवं एकजुटता के साथ खड़े हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिजनों को इस असीम दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। सभासद निकेश कुमार राघव, सभासद, अमित प्रजापति, सभासद भगवत खड़गवंशी, सभासद नीरज कुमार कश्यप, सभासद अमित भाटी, सभासद मेहरबान, नीटू भाटी, अवनीश शर्मा, नरेश सैनी, सत्यम गुप्ता, शेरपाल सिंह गुर्जर, प्रेम शर्मा, कुलदीप प्रधान,जगपाल सिंह कटारिया,कमल वर्मा,दयानंद चौधरी,दीपक त्यागी आदि लोग रहे।

## श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव 27 जुलाई को

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज की कार्यकारिणी का चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया है। 27 जुलाई को कार्यकारिणी का चुनाव होगा। करीब 8 साल के बाद चुनाव होने जा रहा है।

2017 में विनय कुमार अग्रवाल प्रबंधक निर्वाचित हुए थे। 2022 के बाद से कार्यकारिणी भंग चल रही थी। सदस्यता आदि पर शिकायतें आने पर निबंधक फॉर्म फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मंडल आयुक्त एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक मुरादाबाद के आदेश पर चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। कॉलेज के प्राधिकृत नियंत्रक डॉक्टर धर्म सिंह ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। 20 जुलाई को सुबह 8 बजे से नामांकन पत्र लिए जा सकते हैं। 10 से 11 बजे तक नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी के समक्ष पेश किये जाएंगे। 12 बजे तक आपत्ति एवं एक बजे से 3 बजे तक आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा। उसी दिन शाम 3 बजे नामांकन पत्रों की वापसी की जा सकती है। शाम 4 बजे प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन कर दिया जायेगा। उसी दिन शाम 5 बजे तक चुनाव चिन्ह आवंटित होंगे। 27 जुलाई को वोटिंग की जायेगी। उसी दिन शाम 5 बजे मतगणना होगी।

### मतदाता सूची को लेकर विवाद, 600 नाम काटे

श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज कार्यकारिणी का चुनाव कराने को लेकर जिस सूची पर विवाद हुआ था,इसी सूची के आधार पर चुनाव कराया जा रहा है। 1500 वोटरों की सूची में से 600 नाम काट दिये गये हैं। जिन 800 वोटों से कार्यकारिणी का चुनाव कराया जा रहा है। उसमें करीब 400 मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। सूची से जिन लोगों के नाम काटे गये हैं उनमें पूर्व विधायक अशफाक अली खान, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश आर्य, पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष कालू उर्फ राकेश बंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता हेम सिंह आर्य, पूर्व सभासद रवि शंकर शर्मा, मुकेश गुप्ता, बाल शंकर गौड़, संदीप गुप्ता, पूर्व शासकीय अधिवक्ता गिरीश कुमार अग्रवाल, निवर्तमान प्रबंधक विनय कुमार अग्रवाल, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सभासद यशपाल सिंह समेत कई लोग हैं। पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने शिकायत सहायक रजिस्ट्रार से की है। सहायक निबंधक आनंद विक्रम ने बताया कि मतदाता सूची से नाम गायब होने की जो शिकायत की जांच की जा रही है।

## नहाने जा रहे दो बाइक सवार दुर्घटना में घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** स्वीमिंग पूल में नहाने जा रहे दो युवक मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए।

नगर के मोहल्ला कनैटा रोड निवासी नाजिम पुत्र ताहिर तथा राशिद पुत्र जरीफ दोनों दोस्त बाइक पर सवार होकर देर रात करीब 9 बजे संभल मार्ग पर स्थित स्विमिंग पूल पर नहाने के लिए जा रहे थे। उनकी बाइक संभल मार्ग पर अब्दुल्लाह कॉलोनी के निकट पहुंची तो अज्ञात बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देख उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, साला घायल

संवाददाता, हसनपुर

**● पिलखुआ जा रहे जीजा-साले की बाइक में डीसीएम ने मारी टक्कर**

**अमृत विचार :** बाइक से पर सवार होकर पिलखवा जा रहे क्षेत्र के निवासी जीजा साले को नेशनल हाईवे पर डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में जीजा की मौत हो गई जबकि साला गंभीर रूप से घायल है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।



मृतक ऋषिपाल।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव माछरा भगवानपुर निवासी ऋषिपाल पुत्र राम कुंवर अपने साले रहरा थाना क्षेत्र के गांव जयतौली निवासी बलवंत सिंह के साथ गुरुवार की सुबह बाइक पर सवार होकर पिलखुआ जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक नेशनल हाईवे पर हापुड़ के नजदीक पहुंची तो सामने से आ रही डीसीएम ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनों घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां ऋषि पाल की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेरठ रेफर कर दिया। मेरठ मेडिकल में उपचार के दौरान गुरुवार की देर रात ऋषिपाल की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार की देर शाम जैसे ही शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे एक बेटा, तीन बेटी व पत्नी चंदो को रोते बिलखते छोड़ गया।

## जाम की समस्या से नहीं मिल रही नगर वासियों को निजात



नगर की बाजार में जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मार्गों पर व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण एवं ई-रिक्शा संचालन के चलते नगर वासियों को जाम की समस्या से निजात नहीं मिल रही। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

शुक्रवार को नगर के अंबेडकर पार्क से लेकर बर्मा मार्केट तक कई घंटे जाम की समस्या से राहगीरों एवं नगर वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम लगने का मुख्य कारण व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण एवं ई-रिक्शाओं का संचालन माना जाता है। क्योंकि सामान खरीदने के लिए दुकान पर आने वाला व्यक्ति अपने वाहन को सड़क पर ही खड़ा कर देता है जिसके कारण जाम लग जाता है, पूर्व में कई व्यापारी संगठनों द्वारा जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की गई लेकिन समस्या पर जिम्मेदारों द्वारा कोई भी ध्यान नहीं दिया जाता और जनता परेशानी उठाती है।

## भाकियू अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा, उत्पीड़न नहीं होगा बर्दाश्त

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** शुक्रवार को क्षेत्र के गांव आजमपुर में बीटीसी मेंबर साबिर चौधरी के आवास पर भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की किसान चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी का कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

किसानों ने कहा कि बिजली विभाग चेकिंग के नाम पर उत्पीड़न कर रहा है। गांव के किसान तेंदुए की दहशत से खेतों में काम तक नहीं कर पा रहे हैं। छुट्टा पशुओं फसलों को बर्बाद कर दिया है। गांव में भूमाफिया सक्रिय है जो आदमपुर गांव की चकबंदी को रोकना चाहते हैं। नरेश चौधरी ने कहा कि जिला प्रशासन तुरंत आदमपुर गांव में



चौपाल में बोलते भाकियू संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष नरेश चौधरी। ● अमृत विचार

चकबंदी करवाने की जिम्मेदारी उठाएं। कहा कि तेंदुआ और गुलदार की क्षेत्र में दहशत बढ़ती जा रही है।इनको पकड़वाया जाए। यदि किसान अपनी जान बचाने के लिए तेंदुए पर बार करता है तो किसानों पर रिपोर्ट दर्ज नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नौगांवा क्षेत्र के जिन किसानों ने गुलदार पर हमला किया था। उन किसानों रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया गया है जो गलत है। उन किसानों की बेशर्त रिहाई होनी चाहिए।

कहा कि प्रदेश सरकार बिजली विभाग का निजीकरण करना चाहती है और बिजली की दरें बढ़ाकर आम आदमी की कमर तोड़ना चाहती है। जो बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होगा। किसी भी कीमत पर गरीब मजदूर किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त

**● भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की किसान चौपाल आयोजित**

नहीं किया जाएगा। जिला अध्यक्ष राहुल सिद्धू ने कहा कि गोवंश को पकड़वाकर गौशाला भिजवाया जाए या फिर किसानों की फसलें उजाड़ने का मुआवजा किसानों को दिया जाए। जिन किसानों की खतौनियों में त्रुटियां हैं उन्हें तुरंत ठीक किया जाना चाहिए वरना तहसील का घेराव किया जाएगा। चौपाल में साबिर चौधरी को अल्पसंख्यक मोर्चा का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया 12 लोगों को सदस्य बनाया गया। अरुण सिद्धू, चंद्रपाल सिंह, विजयवीर सिंह,अली आशु, पंचम सिंह, नितिन सिंह राहुल सिंह, इकबाल सैफी कामिल चौधरी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### ढक्का गांव में बिजली संकट पर भड़के ग्रामीण



**सैदनगली, अमृत विचार :** बिजली कटौती के विरोध में ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि न ही बिजली अधिकारी फोन उठा रहें हैं और न ही बिजली समस्या का समाधान हो रहा है। बिजली सप्लाई व्यवस्था दुरूस्त कराने की मांग की। सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव ढक्का में भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट ने ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। गांव में बीते 8 दिनों से लगातार बिजली की आंख-मिचौली चल रही है। बिजली महज आधा घंटा आती है और फिर ट्रिप हो जाती है, जिससे आमजन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिजली विभाग की इस लापरवाही से नाराज़ ग्रामीणों ने ढक्का बिजली घर पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जेई को कई बार फोन किया गया, लेकिन वह फोन रिसीव नहीं करते। ग्रामीणों ने बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की लगातार कटौती से न केवल दिनचर्या प्रभावित हो रही है, बल्कि बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों की सेहत पर भी असर पड़ रहा है। प्रदर्शन में मोहम्मद तारीख, आरिफ, अफजाल, इदरीस, दिलशाद, फाजिल, अनस, इमरान, आरिफ समेत कई स्थानीय लोग शामिल रहे।

### दिव्यांगों को उपकरण देने के लिए लगाया गया कैंप



**हसनपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक उपकरणों के लिए आवेदन पत्र भरे गए। इस दौरान 57 दिव्यांगजनों के फॉर्म जमा किए गए। जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। कैंप में ट्राई साइकिल के लिए 26, कृत्रिम हाथ-पैर के लिए 24, व्हीलचेयर के लिए 3, स्मार्ट केन (छड़ी) के लिए 2 और कान की मशीन के लिए 2 फॉर्म भरे गए। कैंप में खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल, समाज कल्याण ए.डी.ओ. हरविंदर सिंह, दिव्यांग विभाग से नूर हसन, कपिल देव, मास्टर योगेंद्र सिंह, और सीएमओ कार्यालय से डॉ. अंकिता पांडे प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने दिव्यांगजनों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। आयोजकों ने बताया कि यह कैंप शनिवार 14 जून 2025 को भी जारी रहेगा। दिव्यांगजनों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं।

### दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल



**गजरौला, अमृत विचार :** ओवरटेक करते समय बाइक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। जनपद रामपुर निवासी अरमान कारपेंटर का काम करता है। वह शुक्रवार को बाइक से गाजियाबाद जा रहा था। नेशनल हाईवे पर गजरौला स्थित ख्यालीपुर ढाल के पास तेज रफ्तार बाइक ने ओवरटेक करते समय अरमान की बाइक में टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी में हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मृतकों के लिए शोकसभा का आयोजन



**मंडी धनौरा,अमृत विचार :** शुक्रवार को नगर के वाईएमएस पीजी कॉलिज में विमान हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए शोकसभा का आयोजन किया गया। कॉलिज प्राचार्य डॉ एके सिंह व स्टाफ ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की कामना की। इस मौके पर कॉलिज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### भाजपाइयों ने मृतकों को अर्पित की श्रद्धांजलि



**अमरोहा,अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला अलीनगर में भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी ने अपने कैंप कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त में लोगों की मृत्यु होने पर कैंडल मार्च निकाल श्रद्धांजलि दी। वीरेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि परिवार वालों को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। जो लोग अस्पताल में अपना इलाज करा रहे हैं उनको शीघ्र स्वस्थ करें। इकराम सैफी, अरशद हयात, भगवान दास सैनी, जीशान मलिक, रहमत अली, सचिन चौहान, राजेंद्र सैनी, सुनील कुमार सैनी आदि रहे।

### नशे के खिलाफ अभियान चला कार्यवाही के निर्देश

**अमरोहा, अमृत विचार :** डीएम निधि गुप्ता ने नारकोटिक्स से सम्बंधित बैठक में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि एक माह में अभियान चलाकर सड़क किनारे खड़े भांग के पौधों को नष्ट कराया जाए। औषिधि निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि जो मेडिकल स्टोर नशीली दवाओं का विक्रय करते हैं। उन पर प्रभावी कार्यवाही की जानी चाहिए। जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि नशा मुक्ति अभियान में समाजसेवी संस्थाओं व्यक्तियों जनप्रतिनिधियों और एनजीओ का सहयोग लें। स्कूल के पास भांग व नशे से संबंधित दुकान न हो। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कहा युवाओं द्वारा नशा किए जाने की प्रबृत्ति के मूल कारणों तथा प्रक्रियाओं के बारे में सूचना एकत्र कर विभिन्न स्तरों परिवार विद्यालय सामाजिक व धार्मिक समागम वाले स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए।

### पतेई खादर की राशन की दुकान को डीएम ने किया सस्पेंड

**अमरोहा, अमृत विचार :** डीएम निधि गुप्ता ने गांव पतेई खादर की राशन दुकान को निलंबित कर दिया है। कहा कि राशन की घटतौली करने वाले दुकानदारों की खैर नहीं होगी। गांव पतेई खादर में राशन दुकान संचालक शिमला देवी द्वारा एक किलो राशन कम दिए जाने की शिकायत डीएम को मिल रही थी। लगातार शिकायत मिलने के बाद शुक्रवार को डीएम निधि गुप्ता ने ई-वेइंग मशीन पर ईंट रखकर खाद्यान्न तौले जाने की शिकायत को गंभीरता से लिया और दुकान के निलंबन की कार्यवाही की। जिलाधिकारी ने कहा है कि किसी भी स्थिति में राशन की घटतौली करने वालों की खैर नहीं होगी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि घटतौली करने वाले राशन दुकानदारों पर उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु विक्रय एवं वितरण नियंत्रण आदेश 2016 के के तहत कड़ी से कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### पुलिस ने 12 घंटे में मंदबुद्धि किशोर ढूंढ निकाला

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक मंदबुद्धि किशोर को उसके परिवार से मिलाया है। मंदबुद्धि किशोर साहिल पुत्र उस्मान निवासी मौहल्ला सम्भल बस स्टैंड 12 जून को गुम हो गया था। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी थी। कोतवाल वरुण कुमार के नेतृत्व में लैपर्ड कर्मचारियों ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही बीट प्रणाली के तहत क्षेत्र में तलाश अभियान चलाया। पुलिस टीम ने महज 12 घंटे में मंदबुद्धि किशोर को सकुशल बरामद कर उसके भाई के सुपुर्द कर दिया।

## एक नजर

### घंटों बिजली गुल रहने को लेकर दिया ज्ञापन

**मंडावर,अमृत विचार :** शुक्रवार को मडावर के सेकड़ों नगर वासियों ने समाज सेवी अजमल उमर के साथ बिजली की समस्या को लेकर ज्ञापन दिया गया है। सहजाद सिद्दीकी सभासद, अनवर कुरैशी, नईम अहमद, महमूद, जमशेद अंसारी, साबिर, जहीर अंसारी, गुल्लू अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### विमान हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि

**अमरोहा,अमृत विचार :** दरबार ए कला में एप्पल क्लब फाउंडेशन के जनरल सेक्रेटरी आलम मंसूरी के आवास पर शोक सभा में मोमबत्ती जला कर विमान हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों को श्रद्धांजलि दी गई। अज़ीम एडवोकेट, फजले चौधरी, आलम मंसूरी, सैयद अशरफ अली, अब्दुल वारिस, वसीम हसन, शहज़ेब खान, दाऊद रहमान, नौशाद अली, अफजल अहमद, शाहनवाज, सय्यद जमशेद, कमर नकवी, राजा खान आदि लोग मौजूद रहे।

### चालक को नींद आने से पेड़ में घुसी डीसीएम

**आदमपुर, अमृत विचार :** अलीगढ़ मार्ग पर थाना क्षेत्र के गुरैठा भट्टे के पास डीसीएम शुक्रवार सुबह अचानक अनियंत्रित होकर कीकर के पेड़ में जा घुसी। डीसीएम चालक शकील अहमद निवासी नहटौर जिला बिजनौर घायल हो गया, उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शकील अहमद ने बताया कि वह शीशे की खाली बोतल लेकर फरीदाबांद से हरिद्वार जा रहा था। अचानक नींद की झपकी आने के चलते हादसा हुआ। मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं, डीसीएम क्षतिग्रस्त होने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ।

# विमान हादसे के मृतकों को संगठनों ने दी श्रद्धांजलि

## महापुरुष स्मारक समिति, व्यापार मंडल, ऑल इंडिया मशाईख बोर्ड, किरन वेलफेयर सोसायटी ने दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** सर्वसमाज जागरुकता अभियान व महापुरुष स्मारक समिति की ओर से बड़ा महादेव पर अहमदबाद विमान हादसे को लेकर शोक सभा का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र,विनोद कुमार बिन्नी, प्रमोद कुमार गुप्ता, देवेंद्र प्रसाद शर्मा, विनोद कुमार रस्तोगी, बालकृष्ण गुप्ता, आयुषी रस्तोगी, सुरेश चंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने कैथल गेट स्थित कैंप कार्यालय पर में मृतकों को श्रद्धांजलि दी। व्यापारी नेता अनुज वार्ष्णेय, भाजपा नेता अंकुर अग्रवाल, डॉ. टीएस पाल, देवेंद्र गुप्ता, अमित दिवाकर, तुषार वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, राजू ठाकुर, सालिम खान, मधुप गुप्ता, हरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे। ऑल इंडिया उलेमा व मशाएख बोर्ड के पदाधिकारियों ने मरकाजी मदरसा गौसुल आलम में दुख व्यक्त किया। हाजी शाह आमल मंसूरी, हाफिज मतीन, अशरफी, मुजीब कुरैशी, नजर मोहम्मद, ऑफिस मोहम्मद कैफ, अशरफी अबरार हुसैन, मोहम्मद अशरफ अशरफी, तारिक अनवर, हाफिज आजाद आदि मौजूद रहे। किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने श्री गीता सत्संग भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संरक्षक डॉ. टीएस पाल,डॉ. नीलम वार्ष्णेय, डॉ. इंदु अग्रवाल, रूबी वार्ष्णेय, भक्ति वार्ष्णेय, लक्ष्मी चौहान, किरन वार्ष्णेय, अंजू अग्रवाल, सौरभ वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते समिति के पदाधिकारी।



श्रद्धांजलि अर्पित करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार



दुआ करते मशाईख बोर्ड के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# 110 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ेंगी पूर्वोत्तर रेलवे की ट्रेनें

**बरेली, अमृत विचार :** यात्रियों की सुविधा और रेल संचालन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने छह प्रमुख मार्गों पर ट्रेनों की गति में वृद्धि की है। अब इन रूटों पर चलने वाली ट्रेनों की रफ्तार 110 किलोमीटर प्रति घंटा तक कर दी गई है, जो पहले 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा थी। इससे ट्रेनों की समय पालन दर में सुधार आएगा।

रेलवे प्रशासन के अनुसार जिन छह रूटों पर यह बदलाव किया गया है, उनमें पीलीभीत-मझोला, भोजीपुरा-पीलीभीत, मझोला-टनकपुर, बरेली सिटी-लालकुंआ, बरेली सिटी-कासगंज और पीलीभीत-शाहजहांपुर मार्ग शामिल हैं। इन सभी रूटों पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने के लिए रेलवे ट्रैक, सिग्नल प्रणाली और अन्य तकनीकी संरचनाओं को पहले से अपग्रेड किया गया था। तकनीकी परीक्षणों और सुरक्षा मानकों के पूरा होने के बाद अब इन्हें तेज रफ्तार ट्रेनों के संचालन के लिए उपयुक्त माना गया है।

# पुरोहितों ने दी मृतकों को श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता,संभल / बबराला

**अमृत विचार :** राजघाट में गंगा तट पर होने वाली प्रसिद्ध गंगा आरती को विमान हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वास्थ्य लाभ के लिए समर्पित किया।

राजघाट पर आरती पुरोहित सत्यम मिश्रा, पुष्पेन्द्र शर्मा, सोनू गोयल सहित तमाम श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दीप जला कर गंगा में प्रवाहित किए। वहीं संभल में समाज हित संरक्षण समिति ने विमान क्रैश होने की दुख भरी घटना में मरने वालों की आत्मा की शांति के लिए संस्था के सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर दुख जताया। शोक सभा में महंत भगवानदास शर्मा ,महिपाल सिंह,नकुल सिंह,संजीव सहारा, दिनेश कुमार, चंद्र प्रकाश एडवोकेट,नितिन शर्मा,जोगेंद्र शर्मा ,राजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे।



राजघाट पर विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि देते पुरोहित। ● अमृत विचार

# भाग दौड़ भरे तनावपूर्ण जीवन में मातृत्व को दिव्यता प्रदान करना वक्त की जरूरत

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत तीन दिवसीय दिव्य गर्भसंस्कार विज्ञान कार्यशाला के अंतिम दिन आने वाली पीढ़ियां कैसे स्वस्थ, समृद्ध व दिव्य हों, इस पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभाग करने वाली गर्भवती महिलाओं व प्रशिक्षण पाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

समापन समारोह का आरंभ आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ. उषा राजेंद्र पैंसिया, उपाध्यक्ष मृदुला भट्ट व डीपीओ चंद्रभूषण सहित अन्य अतिथियों ने किया। मनोज बुब ने कहा कि भगवान के अवतार की तैयारी करने वाली संतानें संभल में गर्भ संस्कार द्वारा जन्म लें। उषा राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि आज के तनावपूर्ण और भाग दौड़ भरे जीवन में मातृत्व को दिव्यता प्रदान करना आवश्यकता बन गया है। अमिता पैंसिया, पूनम सिंह, संगीता भार्गव, रचना यादव, ममता राजपूत आदि ने सहयोग किया।



कार्यशाला में सम्मानित की गई महिलाएं व मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

- **प्रतिभाग करने वाली गर्भवती महिलाओं को प्रशस्तिपत्र देकर किया गया सम्मानित**

# प्रैक्टिकल न कराने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई करेगा रुविवि

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने शिक्षकों की प्रैक्टिकल न कराने और अंतिम समय में शेड्यूल बदल देने की शिकायतों पर नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब परीक्षकों का आवंटन स्वचलित प्रक्रिया के माध्यम से करना शुरू किया है। इसके अलावा प्रैक्टिकल में असहयोग करने वाले शिक्षकों की सूची तैयार की जा रही है। उनके विरुद्ध भविष्य में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों में एनईपी 2020 से आच्छादित पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक और मौखिकी परीक्षाओं के लिए परीक्षकों का आवंटन अब पूर्णतया स्वचलित प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है।

# गृह क्लेश के चलते महिला ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, सैदनगली

- **बंटवारे को लेकर चल रहा था परिवार में विवाद, समझौते से नाखुश थी महिला**

**अमृत विचार :** थाना सैदनगली इलाके के गांव में गृह क्लेश के चलते महिला ने पेड़ से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव बिजनौरा में मनोज का परिवार रहता है। बंटवारे को लेकर मनोज एवं उसके भाई के बीच मनमुटाव चल रहा था। ग्राम प्रधान की मौजूदगी में दोनों के बीच समझौता कर दिया गया था लेकिन मनोज की पत्नी ललतेश इस फैसले से नाराज थी जिसे लेकर दोनों के बीच कहा सुनी हो गई थी। शुक्रवार की शाम 32 वर्षीय पत्नी ललतेश ने अपने खेत पर जाकर जामुन के पेड़ पर दुपट्टे से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। जैसे ही यह खबर परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### पुलिस भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान



**बबराला, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस में हाल ही में आयोजित भर्ती प्रक्रिया में चयनित अभ्यर्थियों का शुक्रवार को नगर पंचायत आफिस में सम्मानित किया गया। नगर निवासी प्रेरणा वार्ष्णेय, स्नेहा वार्ष्णेय, प्रशांत वार्ष्णेय, चैतन्य यादव व अवधेश यादव का चयन यूपी पुलिस में हुआ है। चेयरमैन हर्ष वर्धन ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे नगर के लिए सम्मान की बात है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष शिखर गोयल, आशुतोष वार्ष्णेय, जगदीप, कविता वार्ष्णेय और वेदप्रकाश हलवाई आदि मौजूद रहे।

### सांप्रदायिक विवादः झालू चौकी प्रभारी लाइनहाजिर

**बिजनौर,अमृत विचार :** थाना हल्दौर क्षेत्र की झालू चौकी में दो समुदायों के बीच हुई तनातनी के बाद चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुभाष कुमार को लाइनहाजिर कर दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों, थानाध्यक्षों और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों की मिश्रित आबादी में फ्लैग मार्च एवं पैदल गश्त करने के निर्देश दिए गए थे। यह निर्देश संवेदनशीलता एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से जारी किए गए थे। झालू चौकी प्रभारी सुभाष कुमार द्वारा न तो पैदल गश्त की गई और न ही क्षेत्रीय सतर्कता बरती गई, जिसके चलते चौकी क्षेत्र की एक दुकान पर मोबाइल खरीदने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने सांप्रदायिक रूप ले लिया। पुलिस अधीक्षक ने उपनिरीक्षक सुभाष कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है और विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

### उपले के बिटौरे में आग से हुआ नुकसान

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** विकास खंड पंवासा क्षेत्र के गांव मिलक सैंजना के नेमचंद के उपले का बिटौरा गांव के पास रखा था। शुक्रवार को तड़के चार बजे किसी ने रंजिशन बिटौरे में आग लगा दी। आग की लपटें उठी तो आसपास के लोग और नेमचंद आदि मौके पर पहुंचे। आग लगने की सूचना डायल 112 पुलिस और दमकल को दी गई। जिसके बाद दमकल और पुलिस मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। नेमचंद को बिटौरा जलने से करीब 6 हजार रुपये का नुकसान हुआ।

### रेलवे स्टेशन के बाहर मिला महिला का शव

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के बाहर एक मकान के चबूतरे पर 55 वर्षीय महिला का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिला की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया। मगर महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। महिला ने नीले रंग का पेटीकोट व पीले कलर का ब्लाउज था। आसपास के लोगों ने बताया कि महिला भीख मांगकर अपनी गुजर-बसर करती थी। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है।

### केबल बदलने के लिए छह घंटे बिजली रहेगी गुल

**गजरौला,अमृत विचार :** जर्जर बिजली लाइन के केबल बदलने के लिए शनिवार को बछरायूं बिजली घर की बिजली आपूर्ति छह घंटे बाधित रहेगी। जिसको लेकर बिजली घर से जोड़े हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। शुक्रवार को अधिशासी अभियंता नीरज यादव ने बताया कि 11 हजार केवीए के जर्जर तार को बदलकर नए केबल लगाई जाएगी। बछरायूं बिजली घर की शनिवार की सुबह छह बजे से 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को भविष्य में कोई दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए जर्जर केबल बदलकर नए लगाए जाएंगे।

### बिजली चोरी कर चार्ज होते मिले ई रिक्शे, रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** चौधरी सराय विद्युत उपकेंद्र के जेई बीके गंगल ने टीम के साथ गुरुवार को रात मुर्शरफ कॉलोनी में छापेमारी की। वहां एक परिसर में बिजली चोरी करके ई रिक्शा चार्ज किए जाने का मामला सामने आया। जिसके बाद बिजली विभाग ने कार्रवाई की। जेई ने बताया कि मौके पर 7 ई रिक्शा बिजली चोरी करके चार्ज होते मिले। इस मामले में शाकिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### फव्वारों में लगी पीतल की 64 नोजिल चोरी

**गजरौला, अमृत विचार :** नगर पालिका प्रशासन स्तर पर इंदिरा चौक व खादगूजर तिराहे पर लगवाए गए फव्वारों में लगी पीतल की 64 नोजिल चोरी कर ली गईं। कीमत हजारों में बताई जा रही है। ईओ ललित कुमार आर्य ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। घटना बीती 11 जून की रात की बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

### कैबिनेट मंत्री 23 जुलाई तक दें जवाबः हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता, नैनीताल अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के खिलाफ आरटीआई एक्टिविस्ट देहरादून निवासी विकेश सिंह द्वारा विभिन्न संगीन आरोपों के साथ दायर वाद पर उत्तराखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की एकलपीठ ने गुरुवार को अपने अंतिम कार्यदिवस पर सुनवाई की। एकलपीठ ने उनके द्वारा नियुक्त अधिवक्ता को वाद की प्रति देने और कैबिनेट मंत्री को इस पर अपना जवाब 23 जुलाई तक कोर्ट में पेश करने को कहा है। कोर्ट ने याचिकर्ता से भी कहा है कि इस जवाब का वे भी प्रतिउत्तर दें। मामले की सुनवाई के बाद एकलपीठ ने अगली सुनवाई के लिए 23 जुलाई की तिथि नियत की है। बता दें कि न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा गुरुवार को सेवानिवृत्त हो चुके है। अब उच्च न्यायालय की कोई अन्य पीठ सुनवाई करेगी।

# जूडो कोच के खिलाफ याचिका पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल

- **मुरादाबाद निवासी कोच पर प्रशिक्षु खिलाड़ी ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने जूडो प्रशिक्षु खिलाड़ी द्वारा मुरादाबाद निवासी कोच पर प्रशिक्षण के दौरान लगाए गए यौन उत्पीड़न के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की। खंडपीठ ने अगली सुनवाई के लिए सोमवार की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार, देहरादून निवासी प्रक्षिशु खिलाड़ी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा कि वह जूडो कराटे में नेशनल खिलाड़ी है। पिछले सात साल से वह देहरादून में एक महिला कोच की देखरेख में प्रशिक्षण ले रही थी। वर्ष 2024 में उसका चयन नेशनल खेलने के लिए भोपाल में प्रशिक्षण के लिए हुआ था। आरोप है कि महिला कोच ने उसे प्रशिक्षण के लिए भोपाल के बजाय मुरादाबाद के कोच के पास भेज दिया जो महिला कोच का भी कोच रहा है।

प्रशिक्षु खिलाड़ी ने याचिका में आरोप लगाते हुए दावा किया कि विगत 12 मार्च 2025 को पुरुष कोच उसे अपने फार्म हाउस में ले गया, जहां मसाज करने के नाम पर उसका यौन उत्पीड़न किया। मना करने पर नेशनल में न खेलने देने और कॅरियर खराब करने की धमकी देकर कहा कि वह उसे भोपाल नहीं जाने देगा। याचिका के अनुसार, जब वह खेलने के लिए गयी तो उसकी मानसिक स्थिति खराब थी और वह गेम से बाहर हो गयी। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई कि इस मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की जाए और दोषी को सजा दिलाई जाए। याचिका के अनुसार, इस सम्बंध में पीड़िता द्वारा देहरादून के रायपुर थाने 28 अप्रैल 2025 को मुकदमा दर्ज कराया गया, जिसे देहरादून पुलिस ने थाना भोजपुर, मुरादाबाद ट्रांसफर कर दिया।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### मुख्यमंत्री के सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रहे रद्द

**अमृत विचार, लखनऊ :** अहमदाबाद में हुई अत्यंत हृदयविदारक विमान दुर्घटना के कारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुक्रवार के सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए। मुख्यमंत्री की अंबेडकरनगर में शिवबाबा स्थान पर किसानों के बीच जनसभा तय थी। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 431 लोगों को 20 करोड़, 78 लाख, 25 हजार रुपये सहायता राशि का प्रतीकात्मक चेक देकर डीबीटी के माध्यम से धनराशि सीधे खाते में भेजी जानी थी।

### मानसून में भी खुला रहेगा दुधवा का मोहम्मदी रेंज

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुधवा नेशनल पार्क के मोहम्मदी रेंज को मानसून सीजन में भी पर्यटकों के लिए पहली बार खोला जा रहा है। उप्र. इको-टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की इस नई पहल का उद्देश्य पर्यटकों को वर्षा ऋतु में जंगल की अनदेखी और खूबसूरती से रूबरू कराना है। इससे मानसून सीजन में भी स्थानीय समुदायों व व्यवसायों को आय का नया जरिया मिलेगा। यह जानकारी देते हुए पर्यटन एवं संस्कृति शुक्रवार को जयवीर सिंह ने दी।

### बिजली कटौती के खिलाफ आप करेगी प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में पूरे प्रदेश में घंटों बिजली कटौती हो रही है। इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती के खिलाफ 18 जून को आप प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। सांसद शुक्रवार को गोमती नगर पार्टी कार्यालय में संबोधित कर रहे थे, उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार महंगी हो रही बिजली और उस पर घंटों बिजली की कटौती की मार जनता झेल रही है।

# निराश्रित परिवारों को घर बैठे मिलेगा योजना का लाभ

- मुख्यमंत्री योगी की पहल से बदली व्यवस्था, आवेदन से लेकर भुगतान तक ऑनलाइन
- पात्रों को 75 दिन के भीतर मिलेगा लाभ, योगी सरकार ने तय की सख्त समय सीमा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के गरीब एवं असहाय परिवारों को राहत पहुंचाने वाली राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से आर्थिक सहायता के लिए महीनों चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आवेदन से लेकर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया इंटरनेट आधारित कर दी गई है और हर कदम पर जवाबदेही तय की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसे अधिक पारदर्शी, तेज और जनता के अनुकूल बना दिया गया है। सरकार परिवार के ऐसे कमाऊ मुखिया जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक और 60 वर्ष से कम हो और उसकी मृत्यु हो गई हो ऐसी दशा में उनके आश्रित को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से लाभान्वित कर रही है। जिसमें आय सीमा शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये और ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 रुपये निश्चित की गई है। सरकार ऐसे परिवार को 30,000 रुपये एकमुश्त भुगतान करती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योगी सरकार ने 1,08,883 निराश्रित परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाया है, जिसमें सरकार ने 326.64 करोड़ रुपये खर्च किया है।

नई व्यवस्था के तहत पात्र आवेदकों को अब आवेदन की तारीख से 75 दिनों के भीतर सहायता राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया है। यदि किसी कारणवश यह समय सीमा पार होती है, तो अब मामले को लंबी प्रक्रिया में उलझाने की बजाय जिला स्तर पर ही समिति से अनुमोदन लेकर तुरंत भुगतान किया जाएगा। यानी अब जरूरतमंदों को देरी के लिए प्रदेश स्तर की मंजूरी का इंतजार नहीं करना होगा। यह बदलाव उन परिवारों के लिए राहत लेकर आया है, जो समय पर सहायता की प्रतीक्षा में थे।

### जिला समाज कल्याण अधिकारी को जिम्मेदारी

योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी आवेदक को पहले सहायता नहीं मिली हो। सत्यापन के बाद पात्र लाभार्थियों की अंतिम सूची तैयार कर 7 दिनों के भीतर स्वीकृति समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद सूची को डिजिटल सिग्नेचर के साथ पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के जरिए आधार लिंक बैंक खाते में धनराशि हस्तांतरित होगी।

### त्वरित सहायता और शिकायत निवारण की व्यवस्था

बजट की कमी होने पर भी जिलाधिकारी ट्रेजरी नियमों के तहत धनराशि निकालकर भुगतान सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे लाभार्थियों को लाभ मिलने में देरी न हो। योजना से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए मुख्यालय स्तर पर कमांड सेंटर में हेल्पलाइन नंबर 14568 शुरू किया गया है, जहां लाभार्थी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# साइबर अपराधियों के 10 ठिकानों पर छापा

- लखनऊ समेत देशभर के कई शहरों में सीबीआई ने चलाया आपरेशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीबीआई ने साइबर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान आपरेशन चक्र-वी के तहत चार राज्यों के 10 ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई की टीम ने यह कार्रवाई दिल्ली, हरियाणा के हिसार, यूपी के लखनऊ, महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे और नासिक में की।

सीबीआई के अधिकारी के मुताबिक, छापेमारी के दौरान मुंबई के कल्याण निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच में साइबर अपराधी नेटवर्क को प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड और बैंक खाते उपलब्ध कराने की पुष्टि हुई है। तलाशी में भारी मात्रा में साइबर अपराध से जुड़े साक्ष्य बरामद किये गये हैं। पकड़ा गया आरोपी सुनियोजित धोखाधड़ी से संबंधित है। एक फर्जी मोबाइल एप्लीकेशन और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अनजान व्यक्तियों से ठगी की गई। आरोपी ने नामी कंपनियों के शेयर को रियायती दरों पर देने का वादा करके निवेशकों को धोखा देता था।

# अब नोएडा-गुड़गांव संग कदमताल करने को तैयार बुंदेलखंड क्षेत्र

## दिख रहे विकास के संकेत, हर क्षेत्र में तरक्की की उम्मीद

- सूखा, गरीबी, अशिक्षा, और पानी की कमी से भी उबरेगा क्षेत्र
- बुंदेलखंड राज्य की दशकों से मांग कर रहे आंदोलनकारी भी मान रहे बदल रहीं परिस्थितियां

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार :** कभी विकास की नजर से पिछड़ा समझा जाने वाला बुंदेलखंड अब नोयडा, गुड़गांव संग कदमताल करने को तैयार है। लगभग पांच दशक से भी ज्यादा समय से उपेक्षित बुंदेलखंड में पहली बार विकास के संकेत दिख रहे हैं। मानो यहां अब हर क्षेत्र में तरक्की होगी। इसी के साथ यह क्षेत्र सूखा, गरीबी, अशिक्षा, और पानी की कमी से भी उबरेगा। दरअसल, बुंदेलखंड राज्य की दशकों से मांग कर रहे आंदोलनकारी भी मान रहे हैं कि परिस्थितियां बदल रही हैं।

राज्य सरकार का ताजा फोकस बुंदेलखंड पर ही है। जगजाहिर है कि मौजूदा वक्त में नोएडा-ग्रेटर नोएडा वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) हब के रूप में उभर रहे हैं। इसी तर्ज पर लैंड बैंक को डेवलप कर बुंदेलखंड के झांसी क्षेत्र को भविष्य के औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इस कड़ी में बुंदेलखंड में नोएडा जैसी एक नई सिटी बनाने की योजना है, जिससे क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण की महायोजना को तैयार किया जा रहा है। इसे 35 हजार 300 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। 17 हजार 840 एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। इतना ही नहीं, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी का कहना है कि झांसी को बुंदेलखंड और आगरा, लखनऊ एक्प्रेसवे से जोड़ने की तैयारी है, जिससे बुंदेलखंड में विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

राज्य सरकार ने ताजा बजट में भी बुंदेलखंड-रीवा एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। इससे बुंदेलखंड में इंडस्ट्री से लेकर एयरपोर्ट तक पर ध्यान रखा गया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के साथ डिफेंस कॉरीडोर के लिए 461 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। नये एक्सप्रेसवे के निर्माण से बुंदेलखंड के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। इसका विस्तार रीवा तक होने से लोगों के लिए चित्रकूट से प्रयागराज के बीच की जो यात्रा अभी तक थोड़ी मुश्किल थी, वह आसान हो जायेगी। अभी तक लगभग 600 किलोमीटर तक की दूरी तय करने में 7 घंटे लगते थे। अब यह दूरी 5.5 घंटे की हो जाएगी।

लंबे वक्त से अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग उठा रहे बुंदेली समाज महोबा के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने 'अमृत विचार' को बताया कि देश के बेहद पिछड़े इलाकों में शुमार बुंदेलखंड की सूरत और सीरत दोनों में बहुत बदलाव आया है। पहले बुंदेलखंड की सड़कें इस खूबसूरत पर्यटन तीर्थ को बदसूरत बना देती थीं, लेकिन अब सभी प्रमुख सड़कें अच्छी हो गई हैं। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे बन जाने से आवागमन काफी बेहतर हो गया है। चित्रकूट, बांदा, खजुराहो, महोबा, ओरछा से लेकर ज्यादातर रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हो चुका है। झांसी-मानिकपुर रेलवे लाइन में दोहरीकरण का काम तेजी से चल रहा है। खजुराहो के अलावा चित्रकूट व झांसी में एयरपोर्ट चालू हो गये हैं। जहां तक जल संकट की बात है तो केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से किसानों को उम्मीद बंधी है।

पूर्व डीजीपी उप्र. सुलखान सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड में पानी से भी ज्यादा जरूरत रोजगार की है।



"छोटी छोटी चीजों के लिए हम लोगों को लखनऊ और दिल्ली की तरफ तकना पड़ता है। लंबे समय से अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग इसीलिए करते आ रहे हैं ताकि बुंदेलखंड की जमीनी हकीकत को ध्यान में रखकर योजनाएं बनें। तभी बुंदेलखंड विकास की मुख्य धारा में आ पायेगा, तभी पलायन भी रुकेगा।

– **तारा पाटकर**, संयोजक बुंदेली समाज महोबा



"हमें 1956 में खत्म हुआ बुंदेलखंड वापस चाहिए। बुंदेलखंड आजादी के पहले अलग राज्य था। आजादी के बाद 1956 तक बुंदेलखंड का अलग मुख्यमंत्री रहा। वो बुंदेलखंड जो सूरमाओं के लिए जाना जाता था, हमें वो वापस चाहिए।

– **राजा बुंदेला**, उपाध्यक्ष बुंदेलखंड विकास बोर्ड

# बाढ़ प्रबंधन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

- मुख्य सचिव ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी की समीक्षा की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शुक्रवार को सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बाढ़ प्रबंधन व 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के आयोजन की तैयारियों और मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने कहा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 20 जून तक पूर्वी उप्र. और 25 जून तक पश्चिमी उप्र. में मानसून के प्रवेश की संभावना है। बाढ़ प्रबंधन और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

**44 जिले संवेदनशील, 13.40 करोड़ आवंटित :** राहत आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि राज्य के 44 जिले, 118 तहसील, 2500 ग्राम और 5600 मजरे बाढ़ के प्रति संवेदनशील हैं। पहली बार 20 वर्षों के रिमोट सेंसिंग फ्लड इनन्डेशन मैप्स को केडेस्ट्रल मैप्स पर सुपरइम्पोज कर बाढ़ की माइक्रोमैपिंग की गई। पीएसी की 17 फ्लड कंपनियों की 48 टीमें, एसडीआरएफ की 15 टीमें और एनडीआरएफ की 11 टीमें 74 अति संवेदनशील तहसीलों में प्री-डिप्लॉय किया गया है। 18 अति संवेदनशील जिलों को 50-50 लाख, 12 संवेदनशील जिलों को 25-25 लाख और 14 सामान्य संवेदनशील जिलों को 10-10 लाख रुपये की धनराशि सौंपी गई, कुल 13.40 करोड़ रुपये एडवांस में आवंटित की गई हैं।

**योग दिवस पर होगी प्रतियोगिता, मिलेंगे 21 हजार तक नकद :** प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि योग दिवस पर जिला एवं राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया जा रहा है। इसमें निबंध, स्लोगन, योग चित्रकला व योगासन प्रतियोगिता शामिल है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए आयुष विभाग द्वारा www.iyd2025.com पोर्टल तैयार किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार, तृतीय पुरस्कार 5100, चतुर्थ पुरस्कार 2100 व पंचम पुरस्कार 1100 रुपये का प्रदान किया जायेगा।



बाढ़ प्रबंधन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

### आधुनिक जनसुविधा केंद्रों में बदलेंगी सरकारी राशन की दुकानें

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में राशन की दुकानों का हुलिया बदलने वाला है। सरकारी राशन की दुकानें अब सिर्फ अनाज वितरण का केंद्र नहीं रहेंगी। सरकार इन्हें आधुनिक जनसुविधा केंद्रों में बदलने की तैयारी में है। मंशा गांव-कस्बों में एक ही जगह पर कई सेवाएं देने की है। ताजा योजना में इन दुकानों पर अब छोटे गैस सिलेंडर, ई-स्टांप, बिजली और मोबाइल बिल भुगतान की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा, माइक्रो एटीएम और इंटरनेट वाई-फाई जैसी सेवाएं भी उपलब्ध कराई होंगी। दरअसल, पुरानी और जर्जर हो चुकी राशन दुकानों को अब नए भवनों में स्थानांतरित होंगी।

### वन विभाग में बनेगा केंद्रीकृत कमांड सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** वन एवं वन्य जीव विभाग प्रदेश के जंगलों, टाईगर रिजर्व, सफारी और नेशनल पार्कों में रीयल-टाइम निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत कमांड सेंटर की स्थापना करने जा रहा है। ये केंद्रीकृत कमांड सेंटर, डिजिटल नियंत्रण प्रणाली के जरिये वन एवं वन्यजीव प्रबंधन से संबंधित सभी प्रमुख कार्यों की निगरानी करेगा और उनका डेटा एकत्रित करेगा। कमांड सेंटर में एकत्रित डेटा के एनालिसिस से वन अपराधों, आग की घटनाओं, और वन्यजीवों की आवाजाही की तत्काल जानकारी उपलब्ध होगी। जो कि इन अप्रत्याशित घटनाओं एवं अपराधिक गतिविधियों के संबंध में त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लेने में सहायक होगा।

# ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में गिरावट

- महज दो महीनों में 2022-23 की तुलना में 87 फीसदी तक घटी पावर ट्रांसफार्मर क्षति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉर्पोरेशन की ओर से की गई सख्ती, निरंतर मॉनीटरिंग और जवाबदेही तय करने की नीति से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। पिछले वर्षों के मुकाबले 2025-26 के सिर्फ अप्रैल और मई महीने में ही 3233 ट्रांसफार्मर कम क्षतिग्रस्त हुए हैं, जो कि बिजली वितरण प्रणाली में मजबूती और मरम्मत-रखरखाव में सुधार का संकेत है।

यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल के मुताबिक वर्ष 2022-23 में अप्रैल-मई में 90 पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए थे। 2023-24 में यह संख्या घटकर 61 हो गई। 2024-25 में 42 ट्रांसफार्मर फुंके और 2025-26 में सिर्फ 12 पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए। यह ट्रेंड यह बताता है कि मात्र तीन वर्षों में पावर ट्रांसफार्मरों की क्षति में 87 फीसदी से अधिक की कमी आई है।

**विद्युत आपूर्ति में कोई समझौता नहीं :** डॉ. गोयल ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू है। किसी भी स्तर की लापरवाही से आपूर्ति बाधित होती है, तो संबंधित अधिकारी पर तत्काल कार्रवाई होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां कहीं भी 100 केवीए से ऊपर के ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हों, वहां जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**ट्रांसफार्मरों के डैमेज रोकने को ठोस उपाय लागू :** डॉ. आशीष कुमार गोयल ने ट्रांसफार्मरों के डैमेज को रोकने हेतु कई ठोस उपाय लागू किए। इसके तहत, पावर ट्रांसफार्मरों पर बेल प्रोटेक्शन सिस्टम, वितरण ट्रांसफार्मरों पर टेललेस यूनिट और फ्यूज यूनिट लगाए गए। लगातार मॉनीटरिंग, मैकेनिकल फॉल्ट ट्रैकिंग और रखरखाव की समीक्षा की गई। जहां ट्रांसफार्मर फुंके, वहां जिम्मेदार अभियंताओं पर कार्रवाई सुनिश्चित की गई। प्रदेश भर में कई अधिशासी अभियंता, एसडीओ और अवर अभियंता कार्रवाई की जद में आए।

# राम मंदिर निर्माण के साथ पर्यटन में आया जबरदस्त उछाल

- डब्ल्यूटीटीसी की रिपोर्ट में राष्ट्रीय पर्यटन आंकड़ों ने 2019 के सभी मानकों को पीछे छोड़ा
- 2030 तक के पूर्वानुमान में भी सर्वाधिक संभावनाओं वाले हैं यूपी के धार्मिक पर्यटन स्थल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** वर्ल्ड ट्रेवल्स एंड टूरिज्म कौंसिल (डब्ल्यूटीटीसी) की रिपोर्ट में राम मंदिर के पक्ष में फैसला के बाद शुरू हुए भव्य एवं दिव्य मंदिर निर्माण के साथ देशभर के पर्यटन सेवाओं में जबरदस्त उछाल आया है। राष्ट्रीय पर्यटन आंकड़े बताते हैं कि 2019 में अगले पांच साल के लिए किए गए पूर्वानुमान के सभी मानक काफी पीछे रह गए।

अब वर्ष 2030 के पूर्वानुमान में भी यात्रा एवं पर्यटन क्षेत्र में ज्यादा संभावनाएं जताई गई है, इसमें यूपी के धार्मिक पर्यटन सबसे आगे हैं। वर्ल्ड ट्रेवल्स एंड टूरिज्म कौंसिल (डब्ल्यूटीटीसी) ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स के सहयोग से हर पांच साल पर दुनिया भर के 184 देशों की अर्थव्यवस्थाओं और 28 भौगोलिक-आर्थिक क्षेत्रों के लिए यात्रा और पर्यटन के आर्थिक और रोजगार प्रभाव पर रिपोर्ट तैयार करता है। वर्ष 2030 तक के पूर्वानुमान खासा संभावनाओं वाले हैं।

श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या, राधाकृष्ण की जन्मभूमि और कर्मस्थली ब्रजभूमि, तीर्थराज प्रयाग, शिव की काशी, दुनिया को शांति और अहिंसा के संदेश से प्रकाशित करने वाले भगवान बुद्ध से जुड़े सभी प्रमुख स्थल कुशीनगर, सारनाथ, कपिलवस्तु की वजह से पर्यटन में यूपी की संभावनाएं ज्यादा हैं।

डब्ल्यूटीटीसी के अनुसार, देश के लिए पर्यटन के लिहाज से साल 2025 रिकॉर्ड ब्रेकिंग हो सकता है। इसकी वजह से देश की अर्थव्यवस्था में इस सेक्टर का योगदान 22 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

रोजगार पाने वालों की संख्या 48 मिलियन से अधिक हो सकती है। संस्था की ओर से भारत देश के लिए साल 2030 के पूर्वानुमान के अनुसार पर्यटन से अर्थव्यवस्था को मिलने वाला योगदान 42 लाख करोड़ और रोजगार बढ़कर 64 मिलियन हो जाएगा।

### वर्ष 2025 के आंकड़े बना रहे नया लैंड मार्क

आंकड़ों को मुताबिक 2023 में अयोध्या आने वाले पर्यटकों की संख्या 5.76 करोड़ थी जो 2024 में बढ़कर 16.44 करोड़ तक पहुंच गई। इसी दौरान काशी में यह वृद्धि 10.18 करोड़ से 11 करोड़, मथुरा में 7.79 करोड़ से 9 करोड़ हुई। प्रयागराज में 5.06 करोड़ की तुलना में 5.12 करोड़ पर्यटक आए। 2025 में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ, जाने वाले श्रद्धालुओं की वजह से आंकड़े एक नया लैंड मार्क बनाएंगे।


## वर्ग पहेली- 1

**बाएं से दाएं**

1. बोलने की शक्ति, वाचा, वाणी, वाक।
4. एक प्रकार का हलका पीला रंग।
6. 1. प्रधान अधिकारी या कार्यकारी प्रशासक से संबंधित, (एक्ज़ीक्यूटिव) 2. नियंत्रक।
7. दे. यारबाज़।
8. जलाशयों के किनारे होने वाला एक पर्वतीय पौधा जो औषधि के काम में आता है।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. केश 2. बालक 3. किसी पशु का बच्चा 4. शरीर का रोआं, रोम।
2. आपात स्थिति, आपातकाल, आकस्मिक संकट।
3. 1. जीवंत, जीवित 2. सजीव, सचेत, जीवन-शक्ति से युक्त 3. भला-चंगा 4. तेजवान; सशक्त।
5. 1. जालसाज़ी, छल-कपट, धोखा, सही बात छिपाकर दूसरी बात कहना 2. धमकी।
6. 1. आग की तरह जलता या दहकता हुआ 2. आग की-सी जलन उत्पन्न करने वाला।




### वर्ग पहेली -460 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख़ि | | | 2 अ | | 3 सं |
| ल | | | नि | | वि |
| 4 क | ट | चा | य | | धा |
| त | | | मि | | न |
| | | 5 वि | त | र | क |
| 6 पं | च | पि | ता | | |
| त | | न | | 7 झा | ल |

## सुडोकू -8

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 4 | 3 | 9 | | 7 |
| | 7 | | 5 | 2 | | | | |
| 3 | | | 7 | | | 1 | | 6 |
| | | | | 6 | | | | 5 |
| | 2 | | 9 | | 5 | | 8 | |
| 4 | | | | 1 | | | | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | | 4 |
| | | | | 5 | 2 | | 3 | |
| 8 | | 9 | 6 | 3 | | | 7 | |

### सुडोकू - 7 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया-15.46 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तराषाढा 15 जून 12.22 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** – आज जो लोग आपके विरुद्ध थे वे आपके पक्ष में आ सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बना सकते हैं। पैतृक संपत्ति को लेकर कुछ कठोर निर्णय ले सकते हैं। व्यापार में बड़ी जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी।

**वृष** – आज विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम संबंधों में प्रतिकूलता रहेगी। समय के अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाएं।

**मिथुन** – आज किसी भी तरह की उधारी न करें। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। दांपत्य संबंधों को समय अवश्य दें। रक्तचाप और किडनी के रोगियों को परेशानी हो सकती है। तनाव की वजह से आपकी नींद प्रभावित होगी। विवाह को लेकर समस्या होगी।

**कर्क** – आज आपको प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर में मित्रों का आगमन होगा। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है।

**सिंह** – आज आपको अधिक परिश्रम करने के उपरान्त ही अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। अपने भविष्य के प्रोजेक्ट्स को लेकर लापरवाही न करें। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। कार्यक्षेत्र में राजनीति हो सकती है। अपनी वाणी पर संयम बनाये रखें।

**कन्या** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नई नौकरी के लिए इन्टरव्यू में सम्मिलित हो सकते हैं। जॉब में अधिकारी आपसे असन्तुष्ट रहेंगे। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**तुला** – आज घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। इस कारण आपका मन विचलित रहेगा। बिजली के उपकरणों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। अपनी गलत आदतों पर शीघ्रता से नियंत्रण कर लें। नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज अपनी कार्यशैली में सुधार करने का प्रयास करेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े हुए कारोबार में धन लाभ होगा। विद्यार्थी आज पढ़ाई पर अत्यधिक ध्यान देंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आय के नये स्रोत विकसित होंगे। बच्चों के भविष्य की योजना बना सकते हैं।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से आपको लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपका मन नहीं लगेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। नए कारोबार में धन को लेकर समस्या होगी। विवाहेतर संबंधों से आपको बचना चाहिए।

**मकर** – आज आप धन की बचत करना चाहेंगे। मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा। ऑफिस का काम घर पर करना पड़ेगा। उच्च अधिकारियों से अकारण कहासुनी हो सकती है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कुंभ** – आज जीवनसाथी के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। उच्च अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अपनी व्यक्तिगत बातों को दूसरों से शेयर न करें। सरकारी मामलों में आपको समस्या होगी।

**मीन** – आज कानूनी मामलों की अड़चन दूर होगी। लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की संभावना है। अधिकारी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ रचनात्मक प्रयोग कर सकते हैं।

# ईरान पर हमले से बाजार लुढ़का, कच्चा तेल 7% उछला

## सेंसेक्स 573 और निफ्टी 170 अंक टूटा, डॉलर के मुकाबले रुपये में 59 पैसे गिरावट, सोना-चांदी के बढ़े भाव

मुंबई, एजेंसी

कमजोर वैश्विक बाजारों और ईरान के सैन्य प्रतिष्ठानों पर इजराइली हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट पर रहे। सेंसेक्स 573 अंक और निफ्टी 170 अंक टूट गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 573.38 अंक यानी 0.70 प्रतिशत गिरकर 81,118.60 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स 1,337.39 अंक तक गिरकर 80,354.59 पर आ गया था लेकिन बाद में एक हद तक संभल गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 169.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत गिरकर 24,718.60 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों का मानना है कि इजराइल और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध छिड़ने और विदेशी पूंजी के बाहर जाने की आशंकाओं के बीच निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा। मेहता इक्विटी लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों ने सोने जैसे सुरक्षित निवेश का रुख किया और जोखिम भरे इक्विटी बाजार से दूर रहे। अगले कुछ हफ्तों में अमेरिका की तरफ से एकतरफा शुल्क लगाने की नई चिंताओं ने भी धारणा पर असर डाला।" सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और मारुति के शेयरों में बढ़त रही।

### कच्चे तेल के भाव सर्वकालिक उच्च स्तर पर

नई दिल्ली। वायदा कारोबार में कच्चे तेल का भाव पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक कीमतों में तेज उछाल



के मद्देनजर शुक्रवार को 578 रुपये की बढ़त के साथ 6,311 रुपये प्रति बैरल के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। एमसीएक्स में जुलाई में आपूर्ति वाले कच्चे तेल का भाव 578 रुपये यानी 10.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 6,311 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। बाद में यह 423 रुपये या 7.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,156 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। इसमें 6,907 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

### 86.11 पर पहुंचा रुपया

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 59 पैसे टूटकर 86.11



(अस्थायी) पर आ गया। डॉलर के मुकाबले रुपया 86.25 पर खुला और 85.92 और 86.25 के दायरे में कारोबार करते हुए 86.11 (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद से 59 पैसे की गिरावट है।

### सोना में 2,200, चांदी में 1100 का उछाल

नई दिल्ली। सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 2,200 रुपये उछलकर 1,01,540 रुपये



प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,900 रुपये बढ़कर 1,00,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। चांदी की कीमतों में 1,100 रुपये की तेजी आई और यह 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों से मुलाकात करेंगी सीतारमण

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत दरों में नरमी के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 27 जून को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रमुखों से मुलाकात करेंगी। इस दौरान वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। रिजर्व बैंक ने हाल में नीतिगत दर रेपो में आधा प्रतिशत की बड़ी कटौती की थी और साथ ही बैंकों के लिए अधिक धन उपलब्ध कराने हेतु नकद आरक्षित अनुपात में अप्रत्याशित रूप से एक प्रतिशत की कमी करने की घोषणा की। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को आधा प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत करने के पक्ष में फैसला किया। नकद आरक्षित अनुपात को एक प्रतिशत घटाकर तीन प्रतिशत कर दिया, जिससे बैंकों में नकदी में 2.5 लाख करोड़ की वृद्धि होगी।

# वैश्विक स्टार्टअप परिवेश में बेंगलुरु 14वें स्थान पर

- स्टार्टअप जीनोम की रिपोर्ट में सात पायदान की लगाई छलांग

बेंगलुरु, एजेंसी

स्टार्टअप परिवेश मुहैया कराने के मामले में बेंगलुरु सात पायदान ऊपर चढ़कर दुनिया भर में 14वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि सूची में सिलिकॉन वैली शीर्ष पर है। वैश्विक नवाचार परिवेश विकास संगठन स्टार्टअप जीनोम की तरफ से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका का सिलिकॉन वैली इस सूची में पहले स्थान पर है जबकि न्यूयॉर्क सिटी दूसरे, लंदन तीसरे व तेल अवीव चौथे स्थान पर है।

वैश्विक स्टार्टअप परिवेश रिपोर्ट 2025 के मुताबिक बेंगलुरु की यह जबर्दस्त वृद्धि 2024 में एक अरब डॉलर से अधिक के चार प्रमुख सौदों से प्रेरित है, जिसमें स्विगी 12 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ सबसे आगे है। कर्नाटक के आईटी मंत्री प्रियांक खरगे ने एक बयान में कहा कि बेंगलुरु की एक उभरते सितारे से




एक शीर्ष-स्तरीय वैश्विक स्टार्टअप हब बनने तक की छलांग उसे पेरिस (12वें), फिलाडेल्फिया (13वें) और सिएटल (15वें) जैसे वैश्विक शहरों के साथ खड़ा करती है। खरगे ने कहा कि इस उछाल के पीछे उच्च-मूल्य वाले सौदे, गहन प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) में जारी तेजी, आईटी क्षेत्र की निरंतरता, प्रगतिशील नीति एवं सार्वजनिक निवेश और एक असाधारण तकनीकी प्रतिभा आधार जैसे कारक शामिल हैं।

# वित्तीय नतीजों, वार्षिक रिपोर्टों के बीच अंतर कम करें : सेबी

- बाजार नियामक सेबी ने सीएफओ से किया आग्रह

मुंबई। बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को मुख्य वित्तीय अधिकारियों (सीएफओ) से आग्रह किया कि वित्तीय नतीजों की घोषणा और पूर्ण वार्षिक रिपोर्टों के प्रकाशन के बीच समय अंतराल को कम करना चाहिए। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा।


सीएफओ को लेखा परीक्षा समितियों और लेखा परीक्षकों के साथ अपने जुड़ाव को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित भी किया है, ताकि अधिक जवाबदेह वित्तीय खुलासे किए जाएं। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने यहां एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। नारायण ने जन विश्वास को बनाए रखने में सीएफओ की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र करने के साथ ही पूंजी निर्माण में हाल के रुझानों, आगे के अवसरों और जोखिमों तथा निरंतर पूंजी वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी विनियमों के महत्व के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा, इस समय, वार्षिक नतीजों और पूर्ण वार्षिक रिपोर्ट के बीच का अंतर 70-140 दिनों तक है। खातों की टिप्पणी, आंतरिक नियंत्रण रिपोर्ट, लेखापरीक्षा के मुख्य मामले और सीएआरओ खुलासे के साथ पूर्ण रिपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण जानकारी है।

# आठ महीने बाद मई में रोजगार सृजन 8.9% बढ़ा

मुंबई, एजेंसी

भारत में रोजगार सृजन में लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद मई में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, सालाना आधार पर इसमें 1.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई। नौकरियों से जुड़ी वैश्विक स्तर पर वेबसाइट इनडीड की रिपोर्ट के अनुसार, गिरावट के बावजूद भारत में रोजगार सृजन कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले के मुकाबले करीब 80 प्रतिशत अधिक रहा।

यह अन्य प्रमुख बाजारों की तुलना में अधिक है। इनडीड के एशिया प्रशांत क्षेत्र के वरिष्ठ अर्थशास्त्री कैलम पिकरिंग ने कहा, भारत में रोजगार सृजन अन्य देशों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि देश अधिक औपचारिक आर्थिक व्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है।



- सालाना आधार पर इसमें 1.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई

उन्होंने कहा, जैसे-जैसे देश में बदलाव आएगा, औपचारिक क्षेत्र में रोजगार सृजन देश भर में समग्र रोजगार वृद्धि की तुलना में कहीं अधिक मजबूत होगा और हमने हाल के वर्षों में लगातार ऐसा देखा है। अन्य अर्थव्यवस्थाएं इस तरह के बदलाव से नहीं गुजर रही हैं।'' इनडीड की यह रिपोर्ट वैश्विक नौकरी वेबसाइट के मंच पर मई तक 2020 (वैश्विक महामारी अवधि), 2024 और 2025 के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है। इसमें कहा गया, रोजगार सृजन मुख्य रूप से बाल देखभाल (27 प्रतिशत), व्यक्तिगत देखभाल और गृह स्वास्थ्य (25 प्रतिशत), शिक्षा (24 प्रतिशत) और उत्पादन एवं विनिर्माण (22 प्रतिशत) में हुआ।

### एसबीआई ने 505 प्रोबेशनरी ऑफिसर की नियुक्ति की

नई दिल्ली। एसबीआई ने देशभर में अपनी कार्यप्रणाली और वितरण को मजबूत करने के लिए 505 प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) की नियुक्ति की है। एसबीआई ने शुक्रवार को बयान में कहा, इस भर्ती का उद्देश्य देश भर में रिक्तियों को भरना है।

# एलआईसी ने विमान दुर्घटना पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में दी ढील

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने एयर इंडिया विमान दुर्घटना पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में ढील दी है और इस प्रक्रिया को तेज भी किया है। निगम ने कहा कि वह विमान दुर्घटना में प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है और पीड़ितों के लिए दावा निपटान में तेजी लाएगा।

बीमा कंपनी ने एक बयान में कहा, एलआईसी ने पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की है। मृत्यु प्रमाण पत्र के बदले, विमान दुर्घटना के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु के सरकारी रिकॉर्ड में कोई भी सबूत या केंद्र/राज्य सरकार/एयरलाइन अधिकारियों द्वारा भुगतान किया गया कोई भी मुआवजा मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। एलआईसी ने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे कि दावेदारों तक पहुंचा जाए और प्रभावित परिवारों के दावों का शीघ्र निपटान किया जाए।

### दुर्घटना के राहत कार्यों में हर संभव मदद करेगी रिलायंसः अंबानी

नई दिल्ली। उद्योगपति मुकेश अंबानी ने दुर्घटना के पीड़ितों के लिए राहत कार्यों में पूर्ण सहयोग की पेशकश की। रिअंबानी ने बयान में कहा कि वह और उनकी पत्नी नीता अहमदाबाद में विमान हादसे में हुई जानमाल की हानि से अत्यंत दुखी एवं व्यथित हैं। हम इस दुखद घटना से प्रभावितों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### सोना कॉमस्टार के चेयरमैन संजय कपूर का लंदन में निधन

नई दिल्ली। मोटर वाहन घटक विनिर्माण कंपनी सोना कॉमस्टार के चेयरमैन संजय कपूर का बृहस्पतिवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। खबरों के अनुसार, उद्योगपति संजय कपूर को पोलो खेलते समय दिल का दौरा पड़ा था। वह 53 वर्ष के थे। सोना कॉमस्टार ने बयान में कहा, हमें अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सोना कॉमस्टार के चेयरमैन एवं गैर–कार्यकारी निदेशक संजय जे. कपूर का 12 जून 2025 को इंग्लैंड (ब्रिटेन) में अचानक दिल का दौरा पड़ने से 53 वर्ष की आयु में असामयिक निधन हो गया।

#### अमरनाथ : यात्रा से पहले जम्मू पहुंचने लगे साधु

जम्मू। दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए तीन जुलाई से शुरू होने वाली तीर्थयात्रा के लिए बड़ी संख्या में साधु मंदिरों के शहर जम्मू में पहुंचने लगे हैं। बत्तीस दिवसीय यह तीर्थयात्रा तीन जुलाई से दो मार्गों से शुरू होगी। पहला अनंतनाग में 48 किलोमीटर लंबा पारंपरिक नुनवान–पहलगाम मार्ग है तथा दूसरा गंदेरबल में 14 किलोमीटर लंबा छोटा लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग है। एक दिन पहले, तीर्थयात्रियों का पहला जत्था जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर और राम मंदिर से घाटी के लिए रवाना होगा। इस मंदिर में प्राकृतिक रूप से निर्मित बर्फ का शिवलिंग है।


# एम्स स्वास्थ्य सेवा नवाचार, शिक्षा का केंद्र

## स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने मंत्रालय की सर्वोत्तम विधियों के प्रथम सम्मेलन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित प्रत्येक एम्स स्वास्थ्य देखभाल नवाचार और शिक्षा के केंद्र के रूप में कार्य करते हुए समतापूर्ण, वहनीय एवं साक्ष्य आधारित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। ये संस्थान सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, देखभाल के मानकों को बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवा जुड़े विशेषज्ञों की एक नयी पीढ़ी को तैयार करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

मंत्री ने एम्स नागपुर में मंत्रालय की सर्वोत्तम विधियों पर आयोजित




प्रथम सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न एम्स द्वारा अपनाई गई अनुकरणीय विधियों को प्रदर्शित करना है, जिसमें रोगी-केंद्रित देखभाल, संचालन दक्षता, डिजिटल परिवर्तन और अकादमिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। देश भर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स भोपाल, एम्स जम्मू, एम्स बिलासपुर, एम्स जोधपुर, एम्स नागपुर, एम्स देवघर, एम्स पटना, एम्स गोरखपुर, एम्स गुवाहाटी, एम्स रायपुर) के साथ-साथ प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) प्रभाग और रक्षा मंत्रालय ने सम्मेलन में सहयोग किया।

### एम्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया

नड्डा ने एम्स के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में स्थापित प्रत्येक एम्स उन्नत चिकित्सकीय देखभाल, उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान उत्कृष्टता को एकीकृत करता है। उन्होंने प्रत्येक नये एम्स की सर्वोत्तम विधियों और नवाचारों को अन्य एम्स के साथ साझा करने के महत्व पर जोर दिया ताकि उनका व्यापक रूप से उपयोग किया जा सके। उन्होंने अग्रणी भूमिका निभाने और सर्वोत्तम विधियों पर पहला सम्मेलन आयोजित करने के लिए एम्स नागपुर की सराहना की। नड्डा ने भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने के लिए चिकित्सकों को तैयार करने में एम्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

# सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या में दो गिरफ्तार मुख्य साजिशकर्ता फरार

बठिंडा (पंजाब)। पंजाब की सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' कंचन कुमारी की हत्या के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बठिंडा में एक पार्किंग में खड़ी कार में कंचन का शव मिला था। एसएसपी अमनीत कोंडल ने बताया कि हत्या में शामिल तीन लोगों में से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन मुख्य साजिशकर्ता फरार है।

उन्होंने बताया कि मोगा के जसप्रीत सिंह (32) और तरन तारन के निमरजीत सिंह (21) को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि अमृतपाल सिंह मेहरों फरार है। एसएसपी ने बताया कि तीसरे आरोपी की तलाश जारी है जो एक स्वयंभू सिख कट्टरपंथी नेता है। जसप्रीत और निमरजीत को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया गया।

# कैदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य

### दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- जेलों में न पनपने दें गिरोहों को

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने जेल में बंद कैदियों के दो समूहों के बीच झगड़े में मारे गए एक कैदी के परिजनों को मुआवजा देने का फैसला सुनाते हुए कहा है कि हिरासत में रखे गए कैदियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जेलों में गिरोहों पनपने नहीं देना चाहिए।

हाईकोर्ट ने कहा कि सरकार का कर्तव्य है कि वह आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करे और इसमें (आम जनता में) जेल में बंद व्यक्ति भी शामिल हैं, इसलिए हिरासत में अप्राकृतिक मौतों के मामलों में मुआवजा देना सरकार की जिम्मेदारी है। न्यायमूर्ति ने मृतक जावेद के परिजनों को तीन लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया, जिसमें से एक लाख रुपये पहले ही उसकी मां (अब दिवंगत) को दिए जा चुके थे। कोर्ट ने फैसले में कहा, इस न्यायालय का स्पष्ट मत है कि सरकार का यह कर्तव्य है कि वह हिरासत में बंद व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, भले ही मृतक आपराधिक पृष्ठभूमि वाला व्यक्ति रहा हो। सरकार कैदियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के अपने कर्तव्य से बच नहीं सकती। कोर्ट ने कहा, अधिकारियों की दलील के अनुसार दो प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के बीच झगड़ा हुआ और पीड़ित भी इसमें शामिल हुआ, लेकिन यह तथ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के कर्तव्य के पालन की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं करता।

# ईडी ने 2,100 करोड़ के घोटाले में कांग्रेस कार्यालय, पूर्व मंत्री की संपत्ति जब्त की

नई दिल्ली। ईडी ने छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुए 2,100 करोड़ रुपये से अधिक के कथित शराब घोटाले से जुड़ी धनशोधन के मामले की जांच के सिलसिले में राज्य में कांग्रेस पार्टी के एक कार्यालय के अलावा उसके विधायक कवासी लखमा की कुल 6.15 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन संपत्तियों को कुर्क करने का अनंतिम आदेश धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में लखमा, उनके बेटे हरीश लखमा और सुकमा जिले में कांग्रेस कार्यालय भवन की संपत्तियां शामिल हैं। संघीय एजेंसी ने दिसंबर 2024 में रायपुर, सुकमा और धमतरी जिलों में लखमा से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी। कवासी लखमा को ईडी ने गिरफ्तार भी किया था। लखमा (72) कोंटा विधानसभा सीट से छह बार विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में आबकारी मंत्री रह चुके हैं। हरीश लखमा सुकमा में पंचायत अध्यक्ष हैं। प्रवर्तन निदेशालय का आरोप है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के परिणामस्वरूप राज्य के कोष को भारी नुकसान हुआ और शराब सिंडिकेट के लाभार्थियों ने इस अपराध से 2,100 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध आय अर्जित की।

### नहीं उड़े विमान




ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण भारतीय विमान सेवाएं रद करनी पड़ीं। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे पर खड़े विमान। एजेंसी

# अरावली : 10 फार्म हाउस व पांच अवैध निर्माण ढहाए

फरीदाबाद। फरीदाबाद नगर निगम ने वन विभाग के साथ मिलकर, संरक्षित अरावली पर्वतमाला में अवैध निर्माण के खिलाफ अपनी कार्रवाई के तहत 10 फार्महाउस और पांच अवैध ढांचों को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि आनंद वन से अरावली तक सड़क पर बने करोड़ों रुपये के अवैध फार्म हाउसों को ध्वस्त कर दिया गया और करीब 10 एकड़ जमीन खाली करा ली गई। फरीदाबाद के उपायुक्त विक्रम यादव ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार ध्वस्तीकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया है कि अरावली से सभी अवैध निर्माण हटा दिए जाएं और इस पर जुलाई 2025 तक एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अधिकारियों के अनुसार, अरावली वन क्षेत्र से 6,793 से अधिक छोटे और बड़े अवैध निर्माण हटाए जाने हैं जिनकी पहचान ड्रोन सर्वेक्षण में की गई थी।

# राजा और सोनम ने मेघालय के नोंग्रियाट होमस्टे में ठहरने, खाने के लिए किया था 1,380 का भुगतान

नोंग्रियाट (मेघालय), एजेंसी

अपनी हत्या से एकदिन पहले, राजा रघुवंशी और उनकी नवविवाहिता पत्नी सोनम यहां एक 'होमस्टे' में ठहरने के बाद कई घंटों के लिए गायब हो गए थे और देर रात को रात्रि भोजन के लिए वापस आए थे। होमस्टे के मालिक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

शिपारा होमस्टे के मालिक कॉन्स्टेंटाइन ने बताया कि 22 मई को हमारे यहां चेक-इन किया और एक-एक कॉफी का ऑर्डर दिया। इसके बाद वे बिना किसी गाइड के बाहर चले गए। मुझे लगता है कि वे गांव में आने वाले अन्य पर्यटकों की तरह रूट ब्रिज देखने गए थे। राजा ने कमरे के लिए 1,000 रुपये, कॉफी के लिए 80 रुपये और रात के खाने के लिए 300 रुपये का भुगतान किया था। ग्रामीणों ने बताया कि दंपति ने मेघालय की अपनी यात्रा के लिए पहले से कोई कमरा आरक्षित नहीं कराया था तथा उन्हें पूर्वी खासी पर्वतीय जिले के सोहरा में एक होमस्टे में कमरा नहीं मिला, जिससे न्हें एक गाइड की मदद से उसी जिले में स्थित मावलखियात से नोंग्रियाट तक पैदल यात्रा करनी पड़ी।

### राजा का भाई बोला- सोनम और राज का नार्को टेस्ट हो

इंदौर। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने शुक्रवार को मांग की कि इस हत्याकांड का पूरा सच उजागर करने के लिए दो प्रमुख आरोपियों–सोनम और राज कुशवाह का नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए। राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में शामिल होने के आरोप में उनकी पत्नी सोनम (25) और उसके कथित प्रेमी राज कुशवाह (20) समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# बढ़ती उम्र को नकारात्मकता से जोड़कर देखते हैं 54 % बुजुर्ग

### हेल्पएज इंडिया की रिपोर्ट

नई दिल्ली। करीब 54 प्रतिशत बुजुर्ग उम्र बढ़ने (वृद्धावस्था) को नकारात्मक भावनाओं से जोड़कर देखते हैं जिनमें अकेलापन (47 प्रतिशत) सबसे आम भावना है। शुक्रवार को जारी की गयी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आयी है।

हेल्पएज इंडिया के पीढ़ियों के बीच संबंधों की प्रक्रिया और वृद्धावस्था पर धारणाओं को समझना विषयक अध्ययन ने परिवार में निरंतर संवाद के बावजूद भारत के बुजुर्गों की भावनात्मक जरूरतों और युवाओं की धारणाओं के बीच अंतर को उजागर किया है। इस सर्वेक्षण के दौरान 10 शहरों में 5,798 उत्तरदाताओं (18-30 वर्ष की आयु के 70 प्रतिशत युवा, 60 वर्ष से अधिक आयु के 30 प्रतिशत बुजुर्ग) के साथ बातचीत की गयी। इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में शहरी बुजुर्गों के सामने अकेलेपन, डिजिटल पहुंच का अभाव और घटते सम्मान की चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया है, जबकि युवा उनकी बुद्धिमत्ता की प्रशंसा भी करते हैं। पंद्रह जून को विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस से पहले जारी किए गए अध्ययन में शहरी मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के परिवारों को शामिल किया गया।

# विमान दुर्घटना के बाद गृह मंत्री की टिप्पणी असंवेदनशील : कांग्रेस

- शाह ने कहा था- विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने असंवेदनशील टिप्पणी की, जबकि उन्हें जवाबदेही तय करने का वादा करना चाहिए था।

शाह विमान हादसे के कुछ घंटे बाद अहमदाबाद पहुंचे थे और कहा था कि दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण इतना अधिक था कि किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शाह के बयान का संक्षिप्त वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया और यह दावा किया कि शाह ने यह बयान दिया कि दुर्घटनाओं को कोई नहीं रोक सकता। उनके इस पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, क्या अब केंद्रीय गृह मंत्री को यही कहना चाहिए? यह अत्यंत असंवेदनशील है।

### कांग्रेस की शाह पर टिप्पणी शर्मनाक : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस द्वारा की गई कथित टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे 'शर्मनाक' करार दिया। पार्टी ने कहा कि विपक्षी दल ने अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना को लेकर उस समय राजनीति शुरू की जब देश पीड़ितों की मौत पर शोक मना रहा है। भाजपा की यह टिप्पणी कांग्रेस द्वारा विमान दुर्घटना के बाद अहमदाबाद में शाह की टिप्पणी को असंवेदनशील करार दिए जाने के बाद आई है। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शाह की टिप्पणी का एक संक्षिप्त क्लिप सोशल मीडिया पर साझा किया।

# जीत के लिए 281 रन का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका लक्ष्य के करीब

## सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम (91) और कप्तान तेम्बा बावुमा (53) क्रीज पर डटे



एडेन मारक्रम

लंदन, एजेंसी

सलामी बल्लेबाजी एडन मारक्रम की शानदार बल्लेबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में शुक्रवार को यहां जीत के लिए 282 रन का पीछा करते हुए तीसरे दिन चाय काल के बाद खबर लिखे जाने तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 189 रन बना लिए।

मारक्रम 92 रन और कप्तान तेम्बा बावुमा 53 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका अब जीत से 93 रन दूर है और उसके आठ विकेट शेष है। दिन के दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया को दोनों सफलता मिचेल स्टार्क ने दिलायी। इससे पहले स्टार्क (नाबाद 58) की अर्धशतकीय पारी और आखिरी विकेट के लिए जोश हेजलवुड (17) के साथ 59 रन की साझेदारी के बूते ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 207 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। बल्लेबाजों के लिए आसान हुई परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य का पीछा आक्रामक अंदाज में किया। सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने शुरुआती ओवर में स्टार्क के खिलाफ चौका जड़ा लेकिन इस बायें हाथ के तेज गेंदबाज ने अपने अगले ओवर में विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलायी।



स्टीवन स्मिथ स्लिप में कैच लेने से चूक गए और उनकी उंगली में चोट लग गई। ● एजेंसी

मारक्रम ने हेजलवुड और स्टार्क के खिलाफ आत्मविश्वास से भरे चौके जड़े तो वहीं वियान मुल्डर (27 रन) ने भी हेजलवुड और पैट कमिंस के खिलाफ शानदार चौके लगाये। दक्षिण अफ्रीका की आक्रामक शुरुआत से निपटने के लिए कमिंस को 10वें ओवर में ही ऑफ स्पिनर नाथन लियोन का सहारा लेना पर मजबूर होना पड़ा। लियोन के आक्रमण पर आने से रन गति पर काफी हद तक लगाम लगी लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने 13वें ओवर में रनों का अर्धशतक पूरा किया। मुल्डर ने लियोन के खिलाफ चौका लगाया लेकिन कमिंस के लिए गेंदबाजी में बदलाव कर स्टार्क को गेंद थमाना फायदेमंद साबित हुआ। स्टार्क ने अपने दूसरे स्पैल की शुरुआती ओवर में ही मुल्डर को चलता कर दूसरे विकेट के लिए खतरनाक होती साझेदारी को तोड़ा। स्टार्क के अगले ओवर में कप्तान तेम्बा बावुमा को जीवनदान मिल जब स्लिप में स्टीव स्मिथ उनका मुश्किल कैच लपकने में नाकाम रहे। बावुमा और मारक्रम ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को सफलता से दूर रखा। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 144 रन से की और कगिसो रबाडा ने दिन के तीसरे ओवर में ही नाथन लियोन (दो) को पगबाधा कर उसे नौवां झटका दिया। स्टार्क और हेजलवुड ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसाते हुए 135 गेंदों में 59 रन की साझेदारी की। एडेन मारक्रम ने ऑस्ट्रेलिया की पारी के 65वें ओवर में केशव महाराज के हाथों हेजलवुड को कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को खत्म किया जिसके बाद अंपायरों ने लंच की घोषणा कर दी।

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | 212 रन |
| दक्षिण अफ्रीका (पहली पारी) | 138 रन |

**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी**

**207/10** (65 ओवर)

- मार्नस लाबुशेन का वेरेने बो यानसेन 22
- उस्मान ख्वाजा का वेरेने बो रबाडा 06
- कैमरन ग्रीन का मुल्डर बो रबाडा 00
- स्टीव स्मिथ पगबाधा बो एनगिडी 13
- ट्रेविस हेड बो मुल्डर 09
- ब्यू वेबस्टर पगबाधा बो एनगिडी 09
- एलेक्स कैरी पगबाधा बो रबाडा 43
- पैट कमिंस बो एनगिडी 06
- मिचेल स्टार्क नाबाद 59
- नाथन लियोन पगबाधा रबाडा 02
- जोश हेजलवुड का महाराज बो मारक्रम 17

**गेंदबाजी :** रबाडा 18-1-59-4, यानसेन 18-3-58-1, मुल्डर, 8-1-18-1, एनगिडी 13-1-38-3, महाराज 6-1-17-0, मारक्रम 2-1-5-1

### स्टीव स्मिथ उंगली में चोट लगने के बाद मैदान से हुए बाहर

ऑस्ट्रेलिया को उस समय बड़ा झटका लगा जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन कैच लेने के प्रयास में स्टीव स्मिथ की उंगली में चोट लग गई। तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की गेंद पर दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा का कैच लेने के प्रयास में स्मिथ उंगली में चोट लगा बैठे। उस समय बावुमा सिर्फ दो रन पर थे। स्मिथ की उंगली में चोट लगने के कारण उन्हें उपचार के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा।

## एक नजर

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की बेल्जियम पर लगातार तीसरी जीत



**एंटवर्प :** भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने बेल्जियम को 3-2 से हराकर यूरोप के अपने मौजूदा दौरे में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ लगातार तीसरी जीत हासिल की। सोनम ने चौथे मिनट में भारत का खाता खोला। इसके बाद लालथंतलुआंगी (32वें मिनट) और कनिका सिवाच (51वें) ने भारत की तरफ से गोल किए। बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स (37वें) और मार्टे मैरी (40वें) ने गोल किए। सोनम के शुरुआती गोल के बाद भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा कायम रखा और तीसरे क्वार्टर में लालथंतलुआंगी के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया। बेल्जियम ने 37वें और 40वें मिनट में लगातार गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। उसकी तरफ से मैरी गोएन्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर जबकि मार्टे मैरी ने मैदानी गोल किया। खेल समाप्त होने में जब नौ मिनट बचे थे, तब कनिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का विजय अभियान जारी रखा। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

### मराठा रॉयल्स ने टी20 मुंबई लीग का खिताब जीता

**मुंबई :** राजेश सुतार के अर्धशतक और अवैस नौशाद के उपयोगी योगदान से मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने फाइनल में सोबो मुंबई फाल्कन्स को पांच विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग का खिताब जीत लिया। मराठा रॉयल्स ने पहले गेंदबाजी करते हुए मुंबई फाल्कन्स को 20 ओवर में चार विकेट पर 157 रन पर रोक दिया और फिर सुतार के 49 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाए गए 53 रन की बदौलत चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। नौशाद ने 24 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली और सुतार के साथ चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। इससे मराठा रॉयल्स की टीम 19 .2 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। इससे पहले मयूरेश टंडेल (नाबाद 50) और हर्ष अघव (नाबाद 45) की 49 गेंदों पर 85 रन की अटूट साझेदारी की मदद से मुंबई फाल्कंस ने चार विकेट पर 157 रन बनाए।

### सप्तक तलवार चेक गणराज्य में संयुक्त 78वें स्थान पर

**ब्रनो (चेक गणराज्य) :** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने निराशाजनक शुरुआत करते हुए यहां राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज के पहले दिन एक ओवर 72 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 78वें स्थान पर हैं। तलवार को अगर कट में जगह बनानी है तो उन्हें दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत के इस खिलाड़ी ने शुरुआत बैक नाइन से की और 13वें तथा 17वें होल पर बोगी कर बैठे। वह चौथे होल में बर्डी बनाने में सफल रहे। दक्षिण अफ्रीका के जोवन रेबुला पहले दौर के बाद एक स्ट्रोक से आगे चल रहे हैं। अमेरिका के जैक्सन पामर और स्पेन के सेबेस्टियन गार्सिया छह अंडर 66 का स्कोर बनाकर संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं।

### भारत के तायडे ने चमक बिखेरी टीम 'एमजीडी1' संयुक्त बढ़त पर

**लंदन :** भारत के अथर्व तायडे के शानदार प्रदर्शन के बूते टीम 'एमजीडी1' यहां विश्व रैपिड एवं ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के दूसरे दिन 13 अंक के साथ तालिका में 'हेक्सामाइंड' के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। तायडे ने अब तक टूर्नामेंट में अपने सभी आठ गेम जीते हैं। छह जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ 'हेक्सामाइंड' और 'टीम एमजीडी1' तालिका में शीर्ष पर हैं। विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली फ्रीडम, उज्बेकिस्तान और जर्मनी एंड फ्रेंड्स 12 अंकों के साथ उनके करीब हैं। अमेरिका के ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा, अलीरेजा फिरोजा और वेस्ले सो जैसे खिलाड़ियों से सजी टूर्नामेंट में जीत की दावेदार टीम 'डब्ल्यूआर शतरंज' के लगातार दो हार के बाद उनकी खिताब की उम्मीदों को झटका लगा है।

# भारत को निरंतरता बनाए रखना होगा

बेकेनहैम (केंट), एजेंसी

● टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने खिलाड़ियों को दी सलाह

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के अनुसार इंग्लैंड की परिस्थितियों में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला से पहले टीम को लाल गेंद से खेलने का कम मौका मिला, जिससे वह थोड़ा नर्वस हैं।

नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारत पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेगा। मोर्कल ने यहां भारत के अभ्यास सत्र से इतर कहा मुझे लगता है कि इंग्लैंड में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण है और जब हम अभ्यास करते हैं तो इसमें निरंतरता होती है, मैदान के बाहर भी निरंतरता होती है। हमारे खिलाड़ियों को उस प्रक्रिया को ढूंढना होगा जो उनके खेल के अनुकूल हो। उन्होंने कहा हमारे पास बहुत विविधता है। हमारे आक्रमण में विविधता है। हमारे पास अलग-अलग कौशल वाले खिलाड़ी हैं। इसलिए वे ऐसा कर सकते हैं और साथ ही 'बेसिक्स' (बुनियादी चीजों) पर भी अच्छी तरह से अमल कर सकते हैं। भारत ने आखिरी बार इस साल जनवरी की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान लाल गेंद से क्रिकेट खेला था। इसके अलावा, मौजूदा टीम में यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन सहित कई खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज खेलेंगे। मोर्कल ने कहा कुल मिलाकर मैं अभी तक की तैयारी से बहुत खुश हूं। हमने हाल में लाल गेंद से कम क्रिकेट खेली है जिससे मैं थोड़ा नर्वस था लेकिन पिछले तीन दिनों में खिलाड़ियों ने जिस तरह से अभ्यास किया उसे देखकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा हमारे पास एक शानदार टीम है। यह बेहद ऊर्जावान है और आपको इसी की जरूरत है।



कोच मोर्ने मोर्कल

आपको टेस्ट सीरीज में आत्मविश्वास के साथ उतरना होगा और टीम भावना रखनी होगी। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने टीम के अभ्यास सत्रों के संदर्भ में कहा कि परिस्थितियां काफी हद तक तेज गेंदबाजों के अनुकूल रही हैं। अब तक के दो दिन के अभ्यास में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल थीं। अब बल्लेबाजों के लिए परीक्षा की घड़ी होगी।

# फिर से मौका मिलने पर भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं: करुण नायर

बेकेनहैम, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट में दूसरी बार मौका मिलना बहुत दुर्लभ होता है। करुण नायर इस बात के लिए आभारी हैं कि उन्हें एक बार फिर से भारत की टेस्ट जर्सी पहनने का मौका मिल रहा है। दायें हाथ का यह बल्लेबाज इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में भारत ए के लिए दोहरा शतक जड़ने के बाद सीनियर टीम के साथ जुड़ गया है।

भारत इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगा जिसका आगाज 20 जून में लीड्स में होगा। नायर ने राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के बाद 'बीसीसीआई डॉट टीवी'से कहा बेहद खास महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा मैं फिर से मौका मिलने पर बहुत आभारी और भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। मैं इस अवसर को दोनों हाथों से लपकने के लिए तैयार हू। टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने वाले



करुण नायर। ● एजेंसी

दूसरे भारतीय नायर ने आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी की है। भारत ए टीम में शामिल खिलाड़ी जब सीनियर टीम के साथ जुड़े तो मुख्य कोच गौतम गंभीर ने नायर की वापसी को बेहद खास करार दिया। उन्होंने 'टीम हडल' में कहा वापसी करना कभी आसान नहीं होता। आपने जितने रन बनाए हैं, आपकी हार न मानने वाली सोच टीम के लिए प्रेरणादायक है। स्वागत है करुण नायर। केएल राहुल ने भी उनकी दृढ़ता की तारीफ की।

### मां की तबीयत बिगड़ने पर स्वदेश लौटे गंभीर

**बेकेनहैम (ब्रिटेन) :** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर शुक्रवार को स्वदेश लौट आये क्योंकि उनकी मां सीमा गंभीर को स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि गंभीर को अपनी मां को देखने के लिए वापस लौटना पड़ा, जिन्हें दिल का दौरा पड़ा है और वह इस समय नयी दिल्ली के एक अस्पताल में गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती हैं। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टेस्ट टीम 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलने के लिए अभी ब्रिटेन में है। सूत्र ने कहा गौतम की मां को बुधवार को दिल का दौरा पड़ा था।

# भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित

**लंदन, एजेंसी :** इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत के खिलाफ 28 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए शुक्रवार को 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें बायें हाथ की अनुभवी स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की वापसी हुई है। भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के इस दौरे पर टी20 सीरीज के बाद तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज भी खेलेगी। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने एक विज्ञप्ति में कहा, नयी कप्तान नैट सिवर-ब्रंट और कोच चार्लोट एडवड्र्स की अगुवाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज करने वाली टीम में एक्लेस्टोन की वापसी हो रही है। छब्बीस साल की एक्लेस्टोन ने चोट से उबरने के साथ ही अपने समग्र स्वास्थ्य का प्रबंधन करने के लिए खेल से संक्षिप्त विश्राम लिया था।

**इंग्लैंड की टीम :** नैट सिवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगी स्कोल्फील्ड, लिंसी स्मिथ, डैनी वायट-हॉज, इस्सी वोंग।

# सुरुचि सिंह ने स्वर्ण पदक जीता

म्यूनिख, एजेंसी

**आईएसएसएफ विश्व कप**

उभरती हुई भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में जीत के साथ आईएसएसएफ विश्व कप की इस स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अपने तीसरे विश्व कप में भाग ले रही इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की तथा कुल मिलाकर चौथा पदक जीता। उन्होंने इससे पहले अप्रैल में ब्यूनस आयर्स और लीमा विश्व कप में स्वर्ण जीते थे। सुरुचि ने फाइनल में 241.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की कांस्य पदक विजेता कियानक्सुन याओ (221.7) को पछाड़ने के तुरंत बाद सुरुचि ने 10.5 अंक के साथ बढ़त हासिल कर ली, जबकि फ्रांस की रजत विजेता कैमिली जेड्रेजेवस्की (241.7) सिर्फ 9.5 अंक का ही निशाना साध पायी। अंतिम प्रयास में 9.5 का स्कोर भारतीय खिलाड़ी के लिए शीर्ष पुरस्कार हासिल करने के लिए पर्याप्त था, क्योंकि जेड्रेजेवस्की ने 9.8 का ही स्कोर किया था। सुरुचि इससे पहले क्वालीफिकेशन में 588 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 25वें स्थान पर रहीं।



सुरुचि सिंह। ● एजेंसी

● महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पाई सफलता

**कड़ा मुकाबला**



लंदन में क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप में शुक्रवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान शॉट लगाती हुईं रूसी खिलाड़ी डायना श्नाइडर। ● एजेंसी

# भारत की नजरें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी पर

**एफआईएच प्रो लीग हॉकी**

एंटवर्प, एजेंसी

लगातार चार मैच में हार से आहत भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर खिताब की अपनी उम्मीदों को बनाए रखना है तो उसे ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

टूर्नामेंट का यूरोपीय चरण भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए निराशाजनक रहा। उसे एम्सटेलवीन में ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाफ भी टीम दोनों मैच हार गई। भारत अभी 12 मैचों में 15 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है और उसे महत्वपूर्ण अंक जुटाने और शीर्ष तीन में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूती से वापसी करनी होगी। उंगली में चोट के कारण अर्जेंटीना के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच कितना महत्वपूर्ण है। हरमनप्रीत ने कहा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि इससे न केवल हमें महत्वपूर्ण अंक हासिल करने में मदद मिलेगी, बल्कि टीम को जीत की लय भी मिलेगी। उन्होंने कहा पिछले चार मैचों में हमारे कुछ मुकाबले करीबी रहे हैं, लेकिन हमें हार का सामना करना पड़ा। हम इसे बदल कर जीत हासिल करना चाहते हैं। नीदरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के लिए संघर्ष करती रही और उसने अंतिम क्षणों में गोल भी खाए। अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय रक्षा पंक्ति का प्रदर्शन बेहद खराब रहा जिसके कारण टीम को पराजय झेलनी पड़ी। भारत को पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में भी संघर्ष करना पड़ा और अर्जेंटीना के आठ की तुलना में वह केवल तीन पेनल्टी कॉर्नर ही हासिल कर सका।



भारतीय हॉकी टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

### भारतीय महिला हॉकी टीम को प्रो लीग के यूरोपीय चरण में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद

**लंदन :** अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए कड़ी मेहनत करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम प्रो लीग के यूरोपीय चरण में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी, जिसकी शुरुआत शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैच से होगी। भारतीय टीम फिलहाल नौ अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर चल रही। भारत 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच खेलेगा। टीम इसके बाद 19 जून को एंटवर्प जाएगी जहां उसे बेल्जियम के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। ये मैच 21 और 22 जून को खेले जाएंगे। इसके बाद यूरोपीय चरण का समापन बर्लिन में 28 और 29 जून को चीन के खिलाफ मैच के साथ होगा। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमने हर विभाग में काम किया है। मैं जिन दो क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दे रहा हूं वह हैं गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिकिंग।

# भारत जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में जर्मनी और आयरलैंड के साथ एक ग्रुप में

लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

भारत को इस साल दिसंबर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। प्रत्येक दो साल में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेंगी। चार-चार टीमों के छह पूल होंगे, जिसमें पांच बार के चैंपियन नीदरलैंड को पूल ए में तथा दो बार के विजेता अर्जेंटीना को पूल बी में रखा गया है।

यह टूर्नामेंट एक से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता को पिछली बार 2023 में सैंटियागो में ही आयोजित किया गया था जिसमें 16 टीम ने हिस्सा लिया था। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया चिली के सैंटियागो में आज आयोजित ड्रा समारोह के अवसर पर एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 के छह पूल निर्धारित किए गए हैं। प्रतियोगिता में पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी। भारत ने यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट कभी नहीं जीता है। जर्मनी में खेलने गया भारत तीसरे स्थान पर रहा था।

**पूल ए :** नीदरलैंड, जापान, चिली, मलेशिया

**पूल बी :** अर्जेंटीना, बेल्जियम, जिम्बाब्वे, वेल्स

**पूल सी :** जर्मनी, भारत, आयरलैंड, नामीबिया

**पूल डी :** इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, चीन, ऑस्ट्रिया;

**पूल ई :** ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, कनाडा, स्कॉटलैंड;

**पूल एफ :** अमेरिका, कोरिया, न्यूजीलैंड, उरुग्वे।

# भारत और चीन हवाई सेवा पुनः शुरू करने पर सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग के साथ बातचीत की और इस दौरान दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा एवं जन-केंद्रित सहभागिता को प्राथमिकता देते हुए संबंधों को स्थिर और पुनःनिर्मित करने पर सहमति व्यक्त की।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह बैठक गुरुवार को हुई और दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने के लिए आवश्यक उपायों में तेजी लाने पर भी सहमति जताई। मिसरी ने इससे पहले 27 जनवरी को बीजिंग में सुन के साथ बातचीत की थी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सुन 12-13 जून को भारत की यात्रा पर यहां आए हैं। गुरुवार को हुई बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने 27 जनवरी, 2025 को बीजिंग में अपनी पिछली बैठक के बाद से भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हुए विकास की समीक्षा की और लोगों को ध्यान में रखते हुए संबंधों को स्थिर बनाने और उनका पुनर्निर्माण करने पर सहमति जताई।



● विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग के साथ की बातचीत

विदेश सचिव ने इस साल कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने में चीनी पक्ष के सहयोग की सराहना की।

# निविदा में कथित अनियमितता में कई राज्यों में छापेमारी

**नई दिल्ली।** बिहार में राज्य सरकार की निविदा में कथित अनियमितताओं के संबंध में ठेकेदार-नौकरशाह गठजोड़ से जुड़े धन शोधन मामले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय ने कई राज्यों में छापेमारी की।

संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पटना स्थित ठेकेदार रिशु श्री से जुड़े मामले में गुरुवार को पटना और मुजफ्फरपुर (बिहार), सूरत (गुजरात) और पानीपत (हरियाणा) में नौ स्थानों पर छापेमारी की गई। ठेकेदार से जुड़े लोगों और ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ की गई छापेमारी के दौरान अपराध से जुड़े कई सबूत और दस्तावेज जब्त किए गए। मामला बिहार सरकार की विशेष सतर्कता इकाई (सीवीयू) द्वारा रिशु श्री और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबद्ध है।

# डीएनए जांच

## पहचान, कानून और न्याय में भूमिका

डीएनए जांच एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जो किसी व्यक्ति के डीएनए (डिऑक्सीराइबोन्यूक्लिक अम्ल) का विश्लेषण करके उसकी पहचान और उसकी आनुवंशिक जानकारी प्राप्त करने का काम करती है। इस जांच का उपयोग चिकित्सा, अपराधों की जांच, उत्पत्ति के प्रमाण और परिवारिक संबंधों की सत्यता स्थापित करने में किया जाता है। कानूनी मामलों में भी डीएनए जांच का अहम स्थान है, खासकर जब बात पितृत्व विवाद, हत्या या अन्य गंभीर अपराधों की हो। डीएनए के आधार पर व्यक्ति की शिनाख्त, अपराध के दौरान मिले प्रमाणों से मेल खाने और निर्दोष व्यक्ति को न्याय दिलाने में मदद मिलती है। यह तकनीक एक सटीक और विश्वसनीय प्रक्रिया मानी जाती है, जो व्यक्ति की पहचान करने में किसी भी संदेह को समाप्त कर देती है।



### जांच के कानूनी पहलू

डीएनए जांच का कानूनी दुनिया में महत्वपूर्ण स्थान है। यह जांच न केवल अपराधों की पहचान और समाधान में मदद करती है, बल्कि पारिवारिक, पितृत्व विवादों और उत्पत्ति प्रमाणों की सत्यता साबित करने के लिए भी की जाती है। डीएनए जांच एक व्यक्ति के शरीर से प्राप्त डीएनए के विश्लेषण से होती है, जो उसके शारीरिक और आनुवंशिक गुणों को दर्शाता है। डीएनए का विश्लेषण किसी भी अपराध के स्थल से मिले जैविक प्रमाणों के साथ मिलाकर अपराधी की पहचान करने में मदद करता है। कानूनी मामलों में डीएनए जांच के उपयोग से सटीकता और निष्पक्षता की संभावना अधिक होती है।

### जांच कराने के लिए मुख्य कारक

- **पितृत्व विवाद :** अक्सर यह सवाल उठता है कि कोई बच्चा किसका है। डीएनए जांच की सहायता से बच्चे और पिता के बीच मेल को आसानी से जांचा जा सकता है। यह जांच अदालत में पितृत्व संबंधी मामलों का निर्णय सटीक रूप से करने में मदद करती है।
- **अपराधों की पहचान :** अपराधियों को पकड़ने के लिए डीएनए जांच कराया जाता है, अपराध स्थल से मिले खून, बाल, त्वचा, आदि से इसे किया जाता है। यदि जांच अपराधी के डीएनए से मेल खाते हैं, तो यह एक ठोस प्रमाण बनता है, जो न्याय में मदद करता है।
- **साक्ष्य की प्रमाणिकता :** डीएनए जांच एक बहुत सटीक और विश्वसनीय प्रक्रिया मानी जाती है। इसके परिणामों को कोर्ट में पेश किया जा सकता है, और इसे एक ठोस और अप्रतिवादित प्रमाण माना जाता है।
- **आनुवंशिक चिकित्सा :** कई कानूनी मामलों में, जैसे वसीयत या सम्पत्ति विवाद में, व्यक्ति के आनुवंशिक इतिहास का पता लगाने के लिए डीएनए जांच का सहारा लिया जाता है। यह जांच परिवार के सदस्यों के बीच रिश्तों की पुष्टि करती है।

### डीएनए संग्रह और डेटाबेस

कई देशों में अपराधियों के डीएनए का संग्रह किया जाता है और उन्हें राष्ट्रीय डेटाबेस में डाला जाता है। यदि किसी नए अपराध स्थल पर डीएनए मिलता है, तो डेटाबेस में उस डीएनए के साथ तुलना की जाती है और इससे अपराधी की पहचान होने में मदद मिलती है।

### परिवार का पता लगाना

डीएनए परीक्षण का उपयोग अब पारिवारिक उत्पत्ति का पता लगाने के लिए भी किया जाता है। यह जीनोम की संरचना और ऐतिहासिक आनुवंशिकी का अध्ययन करता है, जिससे लोग अपने पूर्वजों और जातीयता का पता लगा सकते हैं।

### असली पहचान की पुष्टि

यदि किसी व्यक्ति की पहचान संदिग्ध हो, तो डीएनए परीक्षण उसका असली नाम, उम्र और पहचान साबित करने में सहायक हो सकता है। यह विशेष रूप से विस्थापित या लापता व्यक्तियों के मामलों में महत्वपूर्ण होता है।

## एक नजर

### रेको दिक के लिए पाकिस्तान को मिले 70 करोड़ डॉलर

**इस्लामाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) और विश्व बैंक ने पाकिस्तान की प्रमुख खनन एवं संसाधन विकास योजना के लिए 70 करोड़ डॉलर के रियायती ऋण को मंजूरी दी है। रेको दिक परियोजना को बलूचिस्तान प्रांत में अंजाम दिया जाएगा, जिसे देश के खनिज समृद्ध क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। समाचार पत्र की खबर के अनुसार, ऋणदाताओं द्वारा यह मंजूरी पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण जीत मानी जा रही है। इस मंजूरी के परिणामस्वरूप निजी क्षेत्र से पाकिस्तान को अपनी सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक 'रेको दिक' परियोजना में 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश मिलने की उम्मीद है। बैरिक गोल्ड, पाकिस्तान तथा बलूचिस्तान सरकार के पास संयुक्त रूप से इस परियोजना का स्वामित्व है।

### टैगोर के पैतृक आवास में तोड़फोड़ में पांच गिरफ्तार

**ढाका।** नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के बांग्लादेश स्थित पैतृक आवास में तोड़फोड़ में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि तोड़फोड़ की घटना में टैगोर से जुड़ी किसी वस्तु को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। रविवार को हुई तोड़फोड़ के बाद रवींद्र कचहरीबाड़ी या रवींद्र स्मारक संग्रहालय बंद कर दिया गया था। शुक्रवार को इसे आगंतुकों के लिए फिर से खोल दिया गया। कचहरीबाड़ी सिराजगंज जिले में स्थित टैगोर परिवार का पैतृक आवास और राजस्व कार्यालय है। रवींद्रनाथ के दादा द्वारकानाथ टैगोर ने यह परिसर 1840 में खरीदा था। रवींद्रनाथ ने यहां अपनी कई उल्लेखनीय साहित्यिक कृतियां लिखी थीं।

### मंगोलिया के साथ अभ्यास भारत की रक्षा कूटनीति

**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मंगोलियाई सेना के साथ सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट और बहुराष्ट्रीय अभ्यास खान क्वेस्ट को भारत की बढती रक्षा कूटनीति का प्रतीक बताया है। श्री सिंह ने शुक्रवार को मंगोलिया के उलानबटार में भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट के समापन अवसर पर यह बात कही। समारोह में सेना के 'ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स और स्ट्रैटेजिक मूवमेंट' के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह भी थे। रक्षा सचिव ने नोमैडिक एलीफेंट अभ्यास के दौरान भारतीय सैनिकों की पेशेवर कुशलता, कर्तव्य के प्रति समर्पण और आचरण की सराहना की।

### पाकिस्तान में जांच चौकी पर हमला, दो की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान स्थित एक जांच चौकी पर किए गए हमले में कम से कम दो सुरक्षा कर्मी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कुर्रम जिले के सीमावर्ती शहर हुसैन मेला में जांच चौकी पर आतंकवादियों ने बृहस्पतिवार रात अचानक हमला कर दिया। अधिकारियों ने दावा किया है कि अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत से कुर्रम जिले में घुसपैठ कर आतंकवादी यहां पहुंचे थे।

### मानसरोवर की यात्रा पर निकला पहला जत्था

**नई दिल्ली।** चीन के अधिकार वाले तिब्बत में स्थित भगवान शिव के धाम कैलाश पर्वत और मानसरोवर की यात्रा का पहला जत्था शुक्रवार को रवाना हो गया। विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने यहां जवाहरलाल नेहरू भवन में कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के लिए कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने यात्रियों को इस यात्रा के लिए चुने जाने पर सम्मानित किया और उनकी सुरक्षित और संतोषजनक यात्रा की कामना की। मार्गेरिटा ने यात्रा को फिर से शुरू करने में केन्द्र सरकार की भूमिका की सराहना की।

# ईरान पर किया प्रारंभिक हमला : नेतन्याहू

## परमाणु, मिसाइल और सैन्य परिसर को ऑपरेशन राइजिंग लॉयन के तहत बनाया निशाना

यरुशलम, एजेंसी

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों और वरिष्ठ कमांडरों को निशाना बनाकर किए गए हमले को बहुत ही सफल प्रारंभिक हमला बताया। इजराइल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु, मिसाइल और सैन्य परिसर पर हमला करने के लिए 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' शुरू किया। इस हमले में ईरान के कई प्रमुख सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए।



नेतन्याहू ने कहा, हमने बहुत ही सफल शुरुआती हमला किया है। ईश्वर की मदद से, हम और भी कई उपलब्धियां हासिल करने जा रहे हैं। इससे पहले नेतन्याहू ने कहा था कि इजराइल ने ईरान के परमाणु संवर्धन कार्यक्रम के केंद्र पर हमला किया है। नेतन्याहू ने दावा किया, हमने ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम के केंद्र पर हमला किया है। हमने नतांज में ईरान की मुख्य संवर्धन सुविधा को निशाना बनाया है। हमने ईरानी (परमाणु) बम पर काम कर रहे ईरान के प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाया है। हमने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के केंद्र पर भी हमला किया है। उन्होंने ईरानी परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को अस्तित्व के लिए खतरा करार दिया।

इजराइल और ईरानी सूत्रों ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणाली और परमाणु सुविधा को भारी नुकसान पहुंचने की पुष्टि की है, साथ ही ईरानी सेना प्रमुख मोहम्मद बाघेरी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के कमांडर हुसैन सलामी की मौत भी हुई है। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि हमलों से इजराइली वायुसेना के लिए ईरान पर हवाई हमले की स्थिति में सुधार हुआ है। इजराइली सेना ने हमलों में से एक का वीडियो भी जारी किया। इस बीच, सूत्रों ने कहा कि इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने शुक्रवार सुबह हवाई हमलों से पहले ईरान के अंदर व्यापक गुप्त अभियान चलाया। मोसाद के नेतृत्व वाले आतंकवाद-रोधी अभियानों ने वहां स्थापित एक गुप्त अड्डे को सक्रिय कर दिया। इन अभियानों का उद्देश्य ईरान की रणनीतिक मिसाइल प्रणाली और उसकी वायु रक्षा क्षमताओं को नुकसान पहुंचाना था। ईरानी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने कहा, अब जबकि अल-कुद्स (यरुशलम) पर कब्जा करने वाले आतंकवादी शासन ने सभी रेखाओं को पार कर लिया है... लेकिन, इस अपराध का जवाब देने की कोई सीमा नहीं है।

### एअर इंडिया ने 16 उड़ानों का मार्ग बदला

**मुंबई।** इजराइल के ईरान पर हमले के बाद ईरानी हवाई क्षेत्र बंद किए जाने की वजह से शुक्रवार को एअर इंडिया की लंबी और बहुत लंबी दूरी की 16 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। विमानन कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। निजी विमानन कंपनी एअर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए उड़ानों की व्यवस्था की जा रही है।

### इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी: खामनेई

**यरुशलम।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने शुक्रवार को कहा कि उनके देश पर हमले के लिए इजराइल को कड़ी सज़ा दी जाएगी। ईरान की सरकारी सामाचार एजेंसी आईआरएनए ने खामनेई के बयान को जारी किया। इसने पुष्टि की कि हमले में सेना के शीर्ष अधिकारी और वैज्ञानिक मारे गए हैं। खामनेई ने कहा कि उनके देश में हुए इस अपराध में इजराइल के शैतानी और रक्त-रंजित हाथ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल ने आवासीय इलाकों पर हमला करके अपनी दुर्भावनापूर्ण प्रकृति को उजागर किया है।



### नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी सहित वैश्विक नेताओं से बात की

इजराइली प्रधानमंत्री ने ईरान पर किये हमलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने के कूटनीतिक प्रयास के तहत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई वैश्विक नेताओं से बात की। इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संक्षिप्त बयान में कहा गया कि कल रात से अब तक नेतन्याहू ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़, भारत के प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सहित कई वैश्विक नेताओं से बात की है। वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर से बात करेंगे।

### रूस ने ईरान पर इजराइली हमले को अकारण बताया

**मॉस्को।** रूस ने ईरान पर इजरायल के अकारण हवाई हमलों की कड़ी निंदा की और क्षेत्र में तनाव के खतरनाक ढंग से बढ़ने पर बड़ी चिंता व्यक्त की। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, हम पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने पर बड़ी चिंता व्यक्त करते हैं। हम 13 जून की रात को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए इज़राइल द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हैं। उसने कहा है कि एक संप्रभु संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश, उसके नागरिकों, शांतिपूर्ण शहरों और परमाणु ऊर्जा अवसंरचना सुविधाओं के खिलाफ अकारण सैन्य हमले स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य हैं।

# ईरान की कार्रवाई पर अमेरिकी युद्धपोत पश्चिम एशिया रवाना

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल द्वारा ईरान के ठिकानों पर किये गए हमले के बाद खाड़ी देश की ओर से जवाबी कार्रवाई किये जाने की आशंका के मद्देनजर अमेरिका अपने युद्धपोतों सहित सैन्य संसाधनों को पश्चिम एशिया की ओर स्थानांतरित कर रहा है। अमेरिका के दो अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।



नौसेना ने विध्वंसक पोत यूएसएस थॉमस हडनर को पूर्वी भूमध्य सागर की ओर बढ़ने का निर्देश दिया है तथा दूसरे विध्वंसक पोत को भी आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है, ताकि व्हाइट हाउस द्वारा अनुरोध किए जाने पर वे उपलब्ध हो सकें। एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप स्थिति पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुखों के साथ बैठक कर रहे हैं। दोनों अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह जानकारी दी क्योंकि अब तक इस जानकारी को सार्वजनिक नहीं किया गया है। क्षेत्र में सेनाएं कई दिनों से एहतियाती कदम उठा रही हैं, जिनमें सैनिकों के आश्रितों को स्वेच्छा से क्षेत्रीय सैन्य अड्डों से वापस बुलाना शामिल है, ताकि हमले होने और ईरान से जवाबी कार्रवाई किये जाने की सूरत में उन कर्मियों की सुरक्षा की जा सके। पश्चिम एशिया में आम तौर पर 30,000 अमेरिकी सैनिक तैनात रहते हैं। इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव और यमन में ईरान समर्थित हुतियों द्वारा लाल सागर में वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों पर हमलों के बीच यह संख्या बढ़कर 43,000 तक पहुंच गई।

### ईरान में भारतीयों को दी यात्रा से बचने की सलाह

**तेहरान।** ईरान में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को देश में मौजूद भारतीयों को इजराइल के हमलों के बाद सतर्क रहने, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी। भारतीय दूतावास ने कहा, ईरान में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों से अनुरोध है कि वे सतर्क रहें, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचें, दूतावास के सोशल मीडिया अकाउंट का अनुसरण करें और स्थानीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें।

# आप्रवासियों पर कार्रवाई के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन

ऑस्टिन, एजेंसी

● आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन एजेंसी का कर रहे विरोध

अमेरिका में आप्रवासियों के खिलाफ हो रही कार्रवाई के विरुद्ध पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस सप्ताह के अंत में राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ बड़े पैमाने पर होने वाले विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर कई शहरों में अधिकारियों ने कमर कस ली है।

आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन एजेंसी के खिलाफ हो रहे कई विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, हालांकि कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प की खबरें आई हैं। इस सिलसिले में सैंकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लॉस एंजिलिस में अधिकारी आप्रवासन कानूनों को लागू करने के लिए तेजी से कदम उठा रहे हैं, जिसके खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड के 4000 सैनिकों और 700 नौसैनिकों को तैनात करने का आदेश दिया है। संघीय न्यायाधीश के उस आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है, जिसमें ट्रंप से कहा गया था कि वह नेशनल गार्ड के सैनिकों की तैनाती का अधिकार कैलिफॉर्निया को वापस करें। न्यायाधीश ने कहा था कि सैनिकों की तैनाती अवैध है। व्हाइट हाउस ने कहा कि इससे हमारे बहादुर संघीय अधिकारियों के सामने खतरा पैदा होगा।

# ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा के विदेश मंत्रियों के संपर्क में जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि वह अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी और अपने कनाडाई तथा पुर्तगाली समकक्षों के संपर्क में हैं। एअर इंडिया ने पुष्टि की है कि विमान में सवार 241 लोग दुर्घटना में मारे गए। एक व्यक्ति बच गया है और उसका इलाज चल रहा है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए एक पोस्ट में कहा, अहमदाबाद विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी, पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल और कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के संपर्क में हैं। इस दुख की घड़ी में अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और पूरे सहयोग का आश्वासन दिया।

## अहमदाबाद विमान हादसा



### भारतीय मूल की दंत चिकित्सक निराली हादसे में जान गंवाने वाली एकमात्र कनाडाई नागरिक

**ओटावा।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों में भारतीय मूल की दंत चिकित्सक निराली पटेल भी हैं, जोकि इस उड़ान में एकमात्र कनाडाई नागरिक थीं। सीटीवी न्यूज टोरंटो ने बताया कि टोरंटो के एटोबिकोक में रहने वाली 32 वर्षीय निराली पटेल भारत में सामाजिक यात्रा से कनाडा वापस जा रही थीं, लेकिन दुर्घटना का शिकार हो गईं। इसमें कहा गया कि निराली के पति अपने एक वर्षीय बच्चे के साथ भारत जाने की योजना बना रहे हैं। निराली चार या पांच दिन के लिए भारत आई थीं।

### सिंगापुर, जापान और चीन ने व्यक्त की संवेदना

**सिंगापुर/तोक्यो/बीजिंग।** कई देशों के प्रधानमंत्रियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर विमान हादसे में मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने भी विदेश मंत्री एस जयशंकर को शोक पत्र भेजा है। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान की दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया। इशिबा ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजे शोक संदेश में कहा कि दुर्घटना में कई लोगों की जान जाने की खबर सुनकर उन्हें गहरा दुख हुआ है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को संदेश भेजकर विमान दुर्घटना से हुए जानमाल के नुकसान पर संवेदना व्यक्त की।

### गूगल होमपेज पर दुर्घटना में जान गंवाने वालों की याद में काला फीता किया गया प्रदर्शित

**नई दिल्ली।** इंटरनेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए अपने सर्च इंजन के होमपेज पर काले फीते की तस्वीर प्रमुखता से दर्शाई है। इस तस्वीर को सर्च बार के ठीक नीचे रखा गया है। फीते की छवि पर माउस घुमाने पर एक संदेश दिखाई देता है, विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों की याद में। अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुए इस विमान में 169 भारतीयों के अलावा 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा

स्पेन ने पेश किया प्रस्ताव, 19 देशों ने मतदान से किया परहेज जबकि 12 देश रहे खिलाफ

# गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव से भारत ने किया किनारा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग वाले मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से भारत ने परहेज किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में स्पेन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर मतदान हुआ। इस प्रस्ताव में तत्काल, बिना शर्त तथा स्थायी युद्धविराम और हमास तथा अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल तथा बिना शर्त रिहाई की मांग की गई।



भारत समेत 19 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया, जबकि 12 देशों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया और पक्ष में 149 वोट पड़े। 'नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी एवं मानवीय दायित्वों को कायम रखना' शीर्षक वाले प्रस्ताव पर मतदान की व्याख्या में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि यह प्रस्ताव गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति की पृष्ठभूमि में लाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत गहराते मानवीय संकट से बहुत चिंतित है और नागरिकों की मौत की घटना की निंदा करता है।

हरीश ने कहा कि भारत पहले भी इजराइल-फलस्तीन मुद्दे पर प्रस्तावों से दूर रहा है। उन्होंने कहा कि आज मानना है कि संघर्षों को बातचीत और कूटनीति से ही हल किया जा सकता है। दोनों पक्षों को करीब लाने के लिए एक संयुक्त प्रयास किया जाना चाहिए। इन कारणों से हम इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहेंगे। प्रस्ताव में मांग की गई कि इजराइल तुरंत नाकाबंदी खत्म करे, सभी सीमा पार मार्ग खोले और यह सुनिश्चित करे कि अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय सिद्धांतों के तहत दायित्वों के अनुरूप गाजा पट्टी में फलस्तीनी नागरिकों तक तुरंत और बड़े पैमाने पर सहायता पहुंचाई जाए।

### गाजा में इंटरनेट ठप होने से सहायता बाधित

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के ठप होने से गाज़ा पट्टी में मानवीय सहायता बाधित हो गयी है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने यह जानकारी दी। हक ने गुरुवार को कहा, मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने चेतावनी दी है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के पूरी तरह बंद होने से गाज़ा में राहत कार्य ठप हो गए हैं। संचार से जुड़े संयुक्त राष्ट्र के सहयोगियों के अनुसार ये बाधा गंभीर सैन्य गतिविधियों से उत्पन्न हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र किसी भी पक्ष पर दोष नहीं लगा रहा है, लेकिन ये बात सही है कि इंटरनेट सेवाएं चालू रखने के लिए ईंधन की सख्त ज़रूरत है।

# न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

● अंबानी परिवार को जेड प्लस सुरक्षा दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका की खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक वादी द्वारा बार-बार याचिका दायर करने पर उसे फटकार लगाई। साथ ही उद्योगपति मुकेश अंबानी तथा उनके परिवार के सदस्यों को प्रदान की गई 'जेड प्लस' सुरक्षा वापस लेने के अनुरोध वाली उसकी याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने कहा कि न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और मनमोहन की आंशिक कार्य दिवस वाली पीठ ने याचिकाकर्ता विकास साहा को इस मुद्दे पर एक के बाद एक तुच्छ और परेशान करने वाली याचिकाएं दायर करने के लिए चेतावनी दी और कहा कि यदि वह भविष्य में ऐसी याचिकाएं दायर करते हैं तो अदालत उन पर जुर्माना लगाने के लिए बाध्य होगी।



साहा ने निस्तारित याचिका में एक आवेदन दायर कर फरवरी 2023 के आदेश के बारे में स्पष्टीकरण मांगा था, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख और उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षा रद्द करने की उनकी याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि इस मामले में उनका कोई अधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति मनमोहन ने साहा के वकील से कहा, न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दी जा सकती। ऐसा मत कीजिए। यह बहुत गंभीर मुद्दा है और हम आपको चेतावनी दे रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि यहां कोई सोने की खान है जिसे छीना जा सकता है और हम आपकी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए यहां हैं। यह एक पवित्र चीज है, चाहे वह कोई राजनीतिक व्यक्ति हो या कोई व्यवसायी, राज्य को जो भी एहतियात बरतना होगा, वह करेगा। पीठ ने वकील से भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट यह निर्णय नहीं कर सकता कि किसे क्या सुरक्षा दी जानी है तथा यह केवल केंद्र और राज्य का काम है, जो विभिन्न एजेंसियों द्वारा विश्लेषण किए गए खतरे पर निर्णय लेते हैं कि क्या एहतियाती कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।